✷ बिहार-झारखंड का अपना अखबार

# नवबिहार टाइम्स

अपना प्रदेश, अपनी बात

✷ रजि. नंबर : 52290 /90 ✷ वर्ष : 36 ✷ अंक :98 ✷ पृष्ठ : 12 ✷ औरंगाबाद, बुधवार, 3 सितम्बर 2025 ✷ मूल्य : 3.00 रूपये ✷ औरंगाबाद एवं बोकारो से प्रकाशित ✷ www.navbihartime.com



एनडीए का आह्वान, 4 सितंबर को बिहार बंद

## हर परिवार की एक महिला को मिलेगा दस हजार, खुलेंगे सात नए मेडिकल कॉलेज

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की अध्यक्षता में मंगलवार को हुई राज्य मंत्रिमंडल की बैठक में महिलाओं, युवाओं, खिलाड़ियों और सरकारी कर्मियों के हित में कई अहम निर्णय लिए गए। मंत्रिमंडल ने कुल 48 प्रस्तावों को स्वीकृति प्रदान की। सबसे बड़ा निर्णय "मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना" के अंतर्गत लिया गया, जिसके तहत राज्य के हर परिवार से एक महिला को दस हजार रुपये की राशि दी जाएगी। इसके लिए ग्रामीण विकास विभाग को 20 हजार करोड़ रुपये आवंटित किए गए हैं। योजना का उद्देश्य महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाना है। प्रारंभिक सहायता के बाद रोजगार के आकलन के आधार पर लाभुक महिलाओं को दो लाख रुपये



तक की अतिरिक्त राशि भी उपलब्ध कराई जाएगी। बैठक में स्वास्थ्य सेवाओं को विस्तार देने के लिए सात नए मेडिकल कॉलेज की स्थापना को मंजूरी दी गई। ये कॉलेज किशनगंज, कटिहार, रोहतास, शिवहर, लखीसराय, अरवल और शेखपुरा जिलों में खुलेंगे। मुख्यमंत्री ने स्वतंत्रता दिवस पर घोषणा की थी कि सभी जिलों में मेडिकल कॉलेज स्थापित किए जाएंगे। राज्य सरकार ने विभिन्न विभागों में 3233 नए पदों के सृजन को भी मंजूरी दी। इनमें अनुसूचित जाति एवं जनजाति कल्याण विभाग के 40 नए आवासीय विद्यालयों के लिए 1800 पद, इंजीनियरिंग कॉलेजों के लिए 237 पद, सांस्कृतिक कार्यक्रम और लेखा शाखा के लिए 25 पद, सुप्रीम कोर्ट के निर्णयों के अनुवाद के लिए 15 पद तथा सैनिक कल्याण विभाग में 12 नए पद शामिल हैं। वहीं, मद्यनिषेध एवं राज्य स्वापक नियंत्रण ब्यूरो के गठन हेतु 88 पदों को भी मंजूरी मिली। गृह रक्षकों के दैनिक भत्ते को 774 रुपये से बढ़ाकर 1121 रुपये कर दिया गया है। ग्राम कचहरी सचिव का मानदेय 6,000 रुपये से बढ़ाकर 9,000 रुपये कर दिया गया है। सरकारी मेडिकल, डेंटल, आयुर्वेदिक, यूनानी और होमियोपैथी कॉलेजों के इंटर्न को अब 27,000 रुपये की छात्रवृत्ति मिलेगी, जबकि फिजियोथेरेपी व अक्यूप्रेशर इंटर्न को 20,000 रुपये दिए जाएंगे। तकनीकी सहायक और लेखापाल सह आइटी सहायकों का मानदेय क्रमशः 40,000 और 30,000 रुपये कर दिया गया है। राज्य सरकार ने संविदा कर्मियों, खिलाड़ियों और ग्रामीण विकास योजनाओं से जुड़े कार्मिकों के मानदेय में भी वृद्धि की है।

## नई परियोजनाएं बिहार के समग्र विकास में निभाएंगी अहम भूमिकाः नितिन नवीन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की अध्यक्षता में मंगलवार को हुई राज्य कैबिनेट की बैठक में बिहार की आधारभूत संरचना को मजबूत और आधुनिक बनाने के लिए कई बड़े फैसले लिए गए। इस बैठक में करोड़ों रुपये की अहम सड़क परियोजनाओं को हरी झंडी दी गई। इसके लिए पथ निर्माण मंत्री नितिन नवीन ने मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त किया है। मंत्री ने मुख्यमंत्री के प्रति आभार जताते हुए कहा कि ये निर्णय राज्य के सर्वांगीण विकास और सड़क नेटवर्क के विस्तार में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। साथ ही नागरिकों को सुगम सड़क संपर्कता की भी सुविधा प्रदान करेगी। उन्होंने बताया कि मुजफ्फरपुर जिलान्तर्गत गंडक नदी पर फतेहाबाद (पारू ब्लॉक) से चंचलिया (सरैया ब्लॉक) तक उच्चस्तरीय पी.एस.सी. बॉक्स सेल सुपरस्ट्रक्चर मेन पुल एवं पहुंच पथ में 3 अद्द पी०एस०सी० सुपरस्ट्रक्चर पुल निर्माण कार्य हेतु 589 करोड़ की प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान की गयी है। इससे हज़ारों लोगों को आवागमन में सहूलियत होगी। साथ ही इससे लोगों का समय बचेगा एवं ईंधन की खपत भी कम होगी। उन्होंने आगे कहा कि कैबिनेट ने पटना में गंगा नदी के किनारे प्रस्तावित जेपी गंगा पथ (दीघा से दीदारगंज, लंबाई 20.5 किमी) परियोजना को मंजूरी दी है। इसमें भूमि अधिग्रहण, यूटिलिटी शिफ्टिंग, ईएमपी और आर एंड आर कार्य शामिल हैं। इस परियोजना के लिए 4,119 करोड़ 6 लाख रुपये की तीसरी पुनरीक्षित प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान की गई है। इसके पूर्ण होने पर राजधानी के दोनों छोर के बीच तेज और सुविधाजनक यातायात की व्यवस्था सुनिश्चित होगी। इसी क्रम में एशियन डेवलपमेंट बैंक संपोषित बिहार स्टेट हाईवे प्रोजेक्ट-III (फेज-2) के तहत राज्य उच्च पथ संख्या-95 (मानसी–सहरसा–हरदी–चौधरा) के उन्नयन और सुदृढ़ीकरण को भी मंजूरी मिली। इसके मानसी–फन्गो हॉल्ट मिसिंग लिंक (सेक्शन-1) पर पुल-पुलिया और आरओबी निर्माण सहित 10 मीटर चौड़ी सड़क बनेगी। इसके लिए 765 करोड़ 86 लाख रुपये की पहली पुनरीक्षित प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान दी गई है। इसके अलावा, इसी मार्ग के फन्गो हॉल्ट से

## महिलाओं को इस तरह मिलेगा मुख्यमंत्री रोजगार योजना का लाभ

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार सरकार ने महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने और हर परिवार में उद्यमिता को बढ़ावा देने के लिए एक महत्वाकांक्षी पहल की है। ग्रामीण विकास विभाग ने सोमवार को मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना की मार्गदर्शिका जारी करते हुए स्पष्ट किया कि इस योजना के तहत राज्य के प्रत्येक परिवार की एक महिला को अपनी पसंद का रोजगार शुरू करने के लिए आर्थिक सहायता प्रदान की जाएगी। योजना का मूल उद्देश्य है कि हर परिवार की कम-से-कम एक महिला स्वरोजगार के माध्यम से उद्यमी के रूप में स्थापित हो सके। इसके तहत शुरुआती तौर पर महिलाओं को 10 हजार रुपये की राशि प्रथम किश्त के रूप में दी जाएगी। इसके बाद उनके उद्यम का आकलन करने पर आवश्यकता अनुसार दो लाख रुपये तक की अतिरिक्त सहायता भी उपलब्ध कराई जाएगी।

### आवेदन और पात्रता की शर्तें

ग्रामीण विकास विभाग ने बताया कि योजना के लिए आवेदन प्रक्रिया शीघ्र ही शुरू की जाएगी। ग्रामीण क्षेत्रों में इसका क्रियान्वयन बिहार ग्रामीण जीविकोपार्जन प्रोत्साहन समिति (जीविका) द्वारा ग्राम संगठनों के माध्यम से किया जाएगा, जबकि शहरी क्षेत्रों में नगर विकास एवं आवास विभाग का सहयोग लिया जाएगा। योजना के तहत परिवार से आशय पति-पत्नी और उनके अविवाहित बच्चों से है। वहीं अविवाहित वयस्क महिलाएँ जिनके माता-पिता जीवित नहीं हैं, उन्हें भी एकल परिवार मानकर योजना का लाभ मिलेगा। जीविका स्वयं सहायता समूह की सभी सदस्य महिलाएं (एक परिवार से एक महिला) आवेदन कर सकती हैं। उन्हें इसके लिए विहित प्रपत्र में संबंधित ग्राम संगठन को आवेदन देना होगा। जो महिलाएँ स्वयं सहायता समूह से बाहर हैं, उन्हें पहले समूह से जुड़ना अनिवार्य होगा। इसके लिए उन्हें स्वघोषणा प्रपत्र और आवेदन भरना होगा। योजना का लाभ लेने के लिए कुछ शर्तें तय की गई हैं जिनके अनुसार आवेदिका की उम्र 18 से 60 वर्ष के बीच होनी चाहिए। आवेदिका अथवा उनके पति आयकरदाता नहीं होना चाहिए और आवेदिका या उनके पति को किसी भी प्रकार की सरकारी सेवा (नियमित या संविदा) में कार्यरत नहीं होने चाहिए।

### क्रियान्वयन की प्रक्रिया

ग्राम संगठन पात्र महिलाओं से आवेदन प्राप्त कर विशेष बैठक में उनका अनुमोदन करेगा और प्रखंड स्तरीय जीविका इकाई को भेजेगा। इसके बाद सभी आवेदनों को एमआईएस पोर्टल पर दर्ज कर जिला इकाई के माध्यम से मुख्यालय भेजा जाएगा। अंततः जीविका मुख्यालय लाभुकों के आधार से जुड़े बैंक खाते में प्रत्यक्ष लाभ अंतरण (डीबीटी) के जरिये राशि हस्तांतरित करेगा। शहरी क्षेत्रों के लिए जीविका द्वारा एक विशेष ऑनलाइन पोर्टल विकसित किया जाएगा। इच्छुक महिलाएं इस पोर्टल के माध्यम से आवेदन कर सकेंगी।

## शिक्षक की गोली मारकर हत्या

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**शशि/मसौढ़ी/धनरूआ।** अपराधियों का मनोबल लगातार बढ़ता दिख रहा है। आए दिन फायरिंग, चोरी और हत्या जैसी घटनाओं ने लोगों में दहशत फैला दी है। मंगलवार की शाम अपराधियों ने एक और वारदात को अंजाम देते हुए सिंगरामपुर गांव के खंदा के पास एक शिक्षक की गोली मारकर हत्या कर दी। मृतक की पहचान 55 वर्षीय रामचंद्र प्रसाद, पिता स्वर्गीय गंगा यादव, निवासी सिंगरामपुर के रूप में हुई है। वे एक प्राइवेट स्कूल में पढ़ाते थे और हर शाम अशरफपुर डेयरी में दूध पहुंचाने जाया करते थे। मंगलवार को भी वे दूध देकर घर लौट रहे थे, तभी घात लगाए अज्ञात अपराधियों ने उन्हें निशाना बनाया और सीने में सटाकर दो गोलियां मार दीं। मौके पर ही उनकी मौत हो गई। घटना की जानकारी मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। ग्रामीणों के बीच शोक की लहर दौड़ गई। मृतक को मिलनसार और विनम्र स्वभाव का बताया जाता है। स्थानीय लोगों का कहना है कि उनकी किसी से कोई दुश्मनी नहीं थी, ऐसे में इस वारदात ने सभी को हैरान कर दिया है।



# लघु और सीमांत किसानों को फार्म मशीनरी बैंक की सौगात : विजय कुमार सिन्हा

## 10 लाख की परियोजना पर 80 प्रतिशत अनुदान

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** बिहार सरकार ने कृषि रोड मैप के अंतर्गत लघु और सीमांत किसानों को आधुनिक कृषि यंत्र उपलब्ध कराने के लिए फार्म मशीनरी बैंक स्थापित करने की घोषणा की है। उप मुख्यमंत्री सह कृषि मंत्री विजय कुमार सिन्हा ने बताया कि इन बैंकों के माध्यम से किसानों को समय पर खेती की सभी क्रियाओं का लाभ मिलेगा, जिससे उत्पादन और उत्पादकता में उल्लेखनीय वृद्धि होगी। यह पहल छोटे किसानों को बड़े किसानों के समान तकनीकी सुविधाएं उपलब्ध कराने की दिशा में ऐतिहासिक कदम माना जा रहा है। उन्होंने कहा कि फार्म मशीनरी बैंक की स्थापना के लिए 10 लाख रुपये तक की परियोजना लागत तय की गई है। स्थानीय फसल चक्र के अनुसार ट्रैक्टर चालित या स्वचालित जुताई, बुआई/रोपनी, हार्वेस्टिंग और थ्रेसिंग की प्रत्येक क्रिया के लिए कम-से-कम एक-एक यंत्र लेना अनिवार्य होगा। इस योजना के तहत 10 लाख रुपये की परियोजना पर 80 प्रतिशत, अधिकतम 8 लाख रुपये तक का अनुदान दिया जाएगा। इससे किसानों का आर्थिक बोझ घटेगा और खेती-किसानी की प्रक्रिया सरल और सुलभ बनेगी। इस योजना का लाभ जीविका समूह, ग्राम संगठन, क्लस्टर महासंघ, आत्मा से जुड़े किसान समूह, नाबार्ड और राष्ट्रीयकृत बैंक से संबद्ध किसान क्लब, कृषक उत्पाद संगठन, किसान उत्पादक कंपनियाँ, स्वयं सहायता समूह और पैक्स उठा सकेंगे। सामूहिक स्तर पर आधुनिक उपकरणों की पहुंच सुनिश्चित होने से ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार के नए अवसर भी सृजित होंगे। अब तक राज्य में 569 फार्म मशीनरी बैंक स्थापित किए जा चुके हैं। वित्तीय वर्ष 2025ऽ26 में 38 नए बैंक खोलने का लक्ष्य रखा गया है। कृषि मंत्री ने कहा कि इस योजना से खेती की लागत घटेगी, उत्पादन और आय बढ़ेगी तथा किसानों को आत्मनिर्भर बनाने में मदद मिलेगी।

# राजगीर में राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय स्तर के क्रिकेट मैचों के आयोजन का रास्ता साफ

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार में अंतरराष्ट्रीय स्तर के क्रिकेट मैच के आयोजन का रास्ता अब साफ़ हो गया है। बिहार सरकार द्वारा ऐतिहासिक नगरी राजगीर में नवनिर्मित अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम को रख-रखाव और घरेलू व अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैचों के आयोजन के लिए बिहार क्रिकेट एसोसिएशन को सौंप रही है। मंगलवार को हुई राज्य मंत्रिमंडल की बैठक में खेल विभाग द्वारा इस स्टेडियम को बिहार क्रिकेट एसोसिएशन को सौंपने के प्रस्ताव को अपनी मंजूरी प्रदान कर गई है। मंत्रिमंडल सचिवालय विभाग के अपर मुख्य सचिव श्री अरविंद कुमार चौधरी ने बताया कि राजगीर में नवनिर्मित राज्य खेल अकादमी-सह-अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम को भारतीय क्रिकेट नियंत्रण बोर्ड (बीसीसीआई) से सम्बद्ध बिहार क्रिकेट एसोसिएशन को रख-रखाव और संचालन के लिए सौंपने की मंत्रिपरिषद ने सैद्धांतिक स्वीकृति प्रदान कर दी है। अब इस स्टेडियम में राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय स्तर के क्रिकेट मैच का आयोजन किया जा सकेगा। उन्होंने बताया कि राज्य के खिलाड़ियों के हित में मंत्रिमंडल ने कई और फैसले भी लिए हैं। पटना प्रमंडलीय मुख्यालय में खेल अवसंरचनाओं के निर्माण के लिए मंत्रिमंडल ने पुनपुन अंचल के डुमरी में एक सौ एकड़ भूमि के अधिग्रहण के लिए 574 करोड़, 33 लाख, 90 हजार रूपये की स्वीकृति प्रदान कर दी है। उन्होंने कहा कि खेल के क्षेत्र में बिहार ने व्यापक प्रगति की है। खेल अवसंरचना के निर्माण से राज्य में खेल प्रतियोगिताओं का वृहद स्तर पर आयोजन किया जा सकेगा। साथ ही, युवाओं को स्तरीय प्रशिक्षण की सुविधा भी उपलब्ध होगी।

# पूर्व मध्य रेल महाप्रबंधक ने की लिंक निर्माण एप्लिकेशन की शुरुआत

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**हाजीपुर।** पूर्व मध्य रेल के महाप्रबंधक छत्रसाल सिंह ने आज पटना में सीआरआईएस द्वारा विकसित गोल (अनुकूलित और स्वचालित लोको लिंक निर्माण) एप्लिकेशन का शुभारंभ किया। भारतीय रेल में यह व्यवस्था पहली बार पूर्व मध्य रेल में लागू की गई है। यह एप्लिकेशन गणितीय पद्धति के आधार पर लोकोमोटिव लिंक तैयार करने, उनके सत्यापन और फीडबैक प्राप्त करने में सहायक होगा। इसके लिए वेब आधारित उपयोगकर्ता मंच भी बनाया गया है। अब तक लोकोमोटिव की वास्तविक स्थिति और अन्य महत्वपूर्ण जानकारी मैन्युअल रूप से तैयार की जाती थी जिससे तकनीकी कठिनाइयों के साथ देरी भी होती थी। गोल एप्लिकेशन के माध्यम से अब लोकोमोटिव का वर्तमान स्थान, यांत्रिक स्थिति, रख-रखाव की तिथि जैसी सूचनाओं की निगरानी त्रुटिरहित और सहज ढंग से की जा सकेगी। रेलवे के अनुसार इस स्वचालित पद्धति से लोको लिंक प्रबंधन की कार्यक्षमता कई गुना बढ़ जाएगी जहां पहले समय-सारणी या मानकों में बदलाव के अनुसार लिंक संशोधित करने में महीनों लग जाते थे, वहीं अब यह कार्य कुछ ही घंटों में पूरा हो सकेगा। इससे परिसंपत्तियों का बेहतर उपयोग संभव होगा और रेलवे परिचालन अधिक सुचारू, किफायती तथा टिकाऊ बनेगा। इस अवसर पर महाप्रबंधक ने विभागाध्यक्षों और मंडल प्रबंधकों के साथ उच्चस्तरीय बैठक भी की। बैठक में संरक्षा, सुरक्षा, ट्रेनों की समयपालन व्यवस्था, पटरियों के रख-रखाव, ट्रैक मशीनों की कार्यप्रणाली, समपार फाटकों के इंटरलॉकिंग और यात्री सुविधाओं जैसे मुद्दों पर समीक्षा की गई। उन्होंने स्टेशन पुनर्विकास और निर्माण परियोजनाओं की प्रगति पर भी जोर दिया तथा गति लाने के निर्देश दिए।

## बीड़ी और खनन श्रमिकों के बच्चों की पढ़ाई में सरकार देगी सहयोग

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** शैक्षणिक सत्र 2025-26 के लिए शिक्षा के विभिन्न स्तरों पर सहायता योजना के अंतर्गत मान्यता प्राप्त संस्थान-संगठनों में अध्ययनरत प्रदेश के बीड़ी, चुना पत्थर एवं डोलोमाइट और लोहे-मैंग्नीज-क्रोम आयस्क खनन श्रमिकों के बच्चों के शिक्षा हेतु कक्षा एक से उच्च शिक्षा तक छात्रवृत्ति की राशि रुपये 1000/- से 25000/- स्वीकृत की गई है। योजनान्तर्गत लाभ प्राप्त करने के लिए पात्र विद्यार्थियों के लिए नेशनल स्कॉलरशिप पोर्टल पर ऑनलाइन आवेदन की प्रक्रिया प्रारंभ हो चुकी है। प्री मैट्रिक के लिए 15 सितंबर एवं पोस्ट मैट्रिक के लिए 31 अक्टूबर 2025 निर्धारित है।

# बिहार के 7 जिलों में नए मेडिकल कॉलेज अस्पताल खोलने की स्वीकृति स्वागत योग्य : मंगल पाण्डेय

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** स्वास्थ्य मंत्री मंगल पाण्डेय ने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की अध्यक्षता में हुई मंत्रिपरिषद की बैठक में स्वास्थ्य विभाग से संबंधित एक अत्यंत महत्वपूर्ण एवं ऐतिहासिक निर्णय को मिली स्वीकृति स्वागत योग्य है। किशनगंज, कटिहार, रोहतास, शिवहर, लखीसराय, अरवल और शेखपुरा जिलों में नए चिकित्सा महाविद्यालय एवं अस्पताल खोलने के प्रस्ताव को कैबिनेट से सैद्धांतिक मंजूरी मिल गई है। इस महत्वपूर्ण निर्णय के लिए मुख्यमंत्री को दिल से आभार एवं धन्यवाद। कहा कि डबल इंजन की सरकार में देश के पीएम श्री मोदी और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने बिहार का तीव्र गति से संपूर्ण विकास किया है। मंगल पाण्डेय ने बताया कि वर्ष 2005 से पहले बिहार में सरकारी चिकित्सा महाविद्यालय अस्पतालों की संख्या मात्र 6 थी जबकि वर्तमान में यह बढ़कर 12 हो चुकी है। साथ ही 22 नए सरकारी चिकित्सा महाविद्यालय अस्पतालों का निर्माण कार्य तेजी से प्रगति पर है। इन संस्थानों के पूर्ण होने के बाद राज्य में सरकारी चिकित्सा महाविद्यालय अस्पतालों की कुल संख्या 34 हो जाएगी जो 31 जिलों में स्थित होंगे। अब तक राज्य के 7 जिलों किशनगंज, कटिहार, रोहतास, शिवहर, लखीसराय, अरवल और शेखपुरा में सरकारी चिकित्सा महाविद्यालय अस्पताल नहीं थे। आज इन सभी जिलों में मेडिकल कॉलेज अस्पताल के निर्माण की सैद्धांतिक स्वीकृति मिल जाने के बाद आने वाले समय में बिहार के सभी 38 जिलों में सरकारी चिकित्सा महाविद्यालय अस्पताल उपलब्ध होंगे। श्री पाण्डेय ने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के मार्गदर्शन में बिहार स्वास्थ्य के क्षेत्र में लगातार उल्लेखनीय कार्य कर रहा है। राज्य की स्वास्थ्य सेवाओं में अभूतपूर्व सुधार हुआ है और लोगों को समय पर तथा सुलभ चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध हो रही हैं। चिकित्सा सुविधाओं के विस्तार के साथ - साथ अस्पतालों और स्वास्थ्य केंद्रों के आधारभूत ढांचे का तेजी से निर्माण एवं सुदृढ़ीकरण सरकार की प्राथमिकताओं में है।

# पटना में शुरू हुई मुंबई जैसी ओपन डबल डेकर बस सेवा

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** राजधानी पटना अब पर्यटकों को मुंबई जैसी अनूठी अनुभव देने के लिए तैयार है। मंगलवार को बिहार राज्य पर्यटन विकास निगम की ओर से जेपी गंगा पथ पर पहली ओपन डबल डेकर बस सेवा की शुरुआत की गई। पर्यटन मंत्री राजू सिंह ने दीघा रोटरी से कंगन घाट के बीच 15 किलोमीटर के रूट पर इस बस का उद्घाटन किया। पर्यटन मंत्री ने बताया कि यह डबल डेकर बस पर्यटकों को गंगा दर्शन का शानदार अनुभव देगी। बीएसटीडीसी के प्रबंध निदेशक नंद किशोर ने कहा कि इस पहल से बिहार में पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा। बस में एसी की सुविधा, बस में 40 सीटें हैं, जिनमें 20 वातानुकूलित सीटें निचले और 20 सीटें ऊपरी डेक पर हैं। बस में टॉयलेट, रेफ्रिजरेटर और एक गाइड भी होगा, जो पर्यटकों को रास्ते के दर्शनीय स्थलों की जानकारी देगा। यह बस शाम 5 बजे से रात 10 बजे तक जे.पी. गंगा पथ गोलम्बर, सभ्यता द्वार, दरभंगा हाउस, गांधी घाट, महात्मा गांधी सेतु, चित्रगुप्त मंदिर और कंगन घाट जैसे ऐतिहासिक स्थलों का दर्शन कराएगी।

प्रति व्यक्ति किराया 100 रुपये

किराया 100 रुपये प्रति व्यक्ति (दोनों ओर की यात्रा) और 50 रुपये प्रति व्यक्ति (एक ओर की यात्रा) निर्धारित किया गया है।

# बिहार में वोटर अधिकार यात्रा संपन्न : राजेश राम

## राजेश राम ने राज्य एवं राज्यवासियों का किया आभार व्यक्त

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** सदाकत आश्रम, पटना में आयोजित कृतज्ञता सभा में वोटर अधिकार यात्रा के समापन के उपरांत राजेश राम ने राज्यवासियों, कांग्रेस परिवार और मीडिया प्रतिनिधियों के प्रति गहरी कृतज्ञता व्यक्त की। उन्होंने कहा कि यह यात्रा केवल एक कार्यक्रम नहीं, बल्कि बिहार के लोकतांत्रिक इतिहास में एक नया अध्याय है और इसकी सफलता जनता, कार्यकर्ताओं व कांग्रेस नेतृत्व की सामूहिक प्रतिबद्धता का परिणाम है। इस अवसर पर उन्होंने विशेष रूप से मंचासीन अतिथियों और उपस्थित नेताओं का आभार प्रकट किया। राजेश राम ने सबसे पहले मंचासीन अतिथियों और इलेक्ट्रॉनिक मीडिया, प्रिंट मीडिया, छायाकार व सोशल मीडिया प्रतिनिधियों को यात्रा को ऐतिहासिक बनाने में उनके सहयोग के लिए आभार प्रकट किया। राजेश राम ने कहा कि इस धन्यवाद सभा में वे मीडिया और कार्यकर्ताओं के प्रति गहरी कृतज्ञता व्यक्त करते हैं जिन्होंने गहन वोटर पुनरीक्षण अभियान के दौरान पूरे 17 दिन बिहार भर में जनता की आवाज को उनके माध्यम से आगे पहुंचाया। उन्होंने कहा कि जब यह गहन वोटर पुनरीक्षण का काम शुरू हुआ, तब बिहार में इंडिया गठबंधन और प्रदेश कांग्रेस कमिटी ने संयुक्त प्रयास के साथ जनता के बीच संवाद स्थापित किया और आज उसी का परिणाम है कि एसआईआर के मुद्दे की सच्चाई जनता तक पहुंची। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी द्वारा दिल्ली में डेढ़ घंटे की प्रेस ब्रीफिंग के बाद न तो चुनाव आयोग और न ही सरकार कोई उत्तर देने में सक्षम रही। राजेश राम ने कांग्रेस के शीर्ष नेतृत्व का धन्यवाद करते हुए कहा कि वे राहुल गांधी, कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, के.सी. वेणुगोपाल, कृष्णा अल्लावरु, शहनवाज आलम, सुशील पासी और देवेंद्र यादव सहित ऑल इंडिया कांग्रेस कमिटी के सभी नेताओं के आभारी हैं जिन्होंने लगभग 17 दिनों तक चली इस योजना को अपनी शक्ति दी।

# दारोगा प्रसाद राय की जयंती व लहटन चौधरी की 22वीं पुण्यतिथि मनायी गयी




**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय, सदाकत आश्रम में बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री स्व.दारोगा प्रसाद राय की 103 वीं जयंती एवं प्रदेश कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष लहटन चौधरी की 22वीं पुण्यतिथि मनायी गयी। कार्यक्रम की अध्यक्षता बिहार प्रदेश कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष राजेश राम ने किया। इस अवसर पर राजेश राम ने कहा कि दारोगा बाबू कांग्रेस के सम्मानित नेता थे और राज्य सरकार के लम्बे समय तक मंत्री एवं बाद में मुख्यमंत्री के रूप में राज्य में पिछड़ों दलितों एवं अल्पसंख्यक समुदाय के विकास के लिए कई योजनायें चलाई। राजेश राम ने कहा कि स्व. लहटन चौधरी लम्बे समय तक राज्य सरकार में कृषि, राजस्व एवं स्वास्थ विभाग के मंत्री रहे। उन्होंने कहा कि वे जिस जिस विभाग के मंत्री रहे वहां उन्होंने अपनी गहरी छाप छोड़ी। लहटन चौधरी, प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष भी रहे तथा सभी दायित्वों को उन्होंने ईमानदारी से निभाया।

# रेमन मैग्सेसे अवॉर्ड प्राप्त करने वाली एजुकेट गर्ल्स बनी पहली भारतीय संस्था

## एशिया का सर्वोच्च सम्मान, दो करोड़ से अधिक बच्चियों को स्कूल लौटाने वाली पहल को अंतरराष्ट्रीय मान्यता

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**नई दिल्ली।** भारत की सामाजिक संस्था एजुकेट गर्ल्स को वर्ष 2025 का रेमन मैग्सेसे अवॉर्ड प्रदान किया गया है। एशिया के इस सर्वोच्च सम्मान से पहली बार किसी भारतीय संस्था को नवाजा गया है। यह अवॉर्ड एजुकेट गर्ल्स को उन रूढ़िवादी सामाजिक मान्यताओं को चुनौती देने, बालिकाओं को निरक्षरता से मुक्त कर शिक्षा, कौशल और आत्मनिर्भरता दिलाने के लिए दिया गया है। एजुकेट गर्ल्स अब उस गौरवशाली सूची में शामिल हो गई है जिसमें सत्यजीत रे, एम.एस. सुब्बुलक्ष्मी, किरण बेदी, विनोबा भावे, दलाई लामा, मदर टेरेसा और ऑस्कर विजेता हायाओ मियाजाकी जैसे विश्वप्रसिद्ध व्यक्तित्वों के नाम दर्ज हैं। संस्था की संस्थापक सफीना हुसैन ने इस उपलब्धि पर कहा कि यह सम्मान हमारी टीम, स्वयंसेवकों, सहयोगियों और उन बच्चियों का है जिन्होंने शिक्षा को अपनी सबसे बड़ी ताकत बनाया। आने वाले दशक में हम एक करोड़ से अधिक बच्चों तक पहुंचने का लक्ष्य रखते हैं। हमारा उद्देश्य है कि इस भारतीय मॉडल को दुनिया के अन्य हिस्सों में भी अपनाया जाए, ताकि हर बच्ची अपने शिक्षा के अधिकार से वंचित न रहे। वहीं संस्था की सीइओ गायत्री नायर लोबो ने कहा कि हमारे लिए शिक्षा केवल विकास का माध्यम नहीं, बल्कि हर लड़की का बुनियादी अधिकार है। यह सम्मान दर्शाता है कि सरकार, कॉरपोरेट, डोनर्स और समुदाय के सामूहिक प्रयास से गहरी सामाजिक चुनौतियों को बदला जा सकता है। हम भारत सरकार के सहयोग के आभारी हैं। साल 2007 में स्थापित एजुकेट गर्ल्स अब तक देश के 30 हजार से अधिक गांवों में सक्रिय है। 55 हजार से ज्यादा स्वयंसेवकों की मदद से संस्था ने 20 लाख से अधिक बच्चियों को स्कूल से जोड़ा और 24 लाख बच्चों की पढ़ाई की गुणवत्ता को बेहतर बनाया है। इस वर्ष का रेमन मैग्सेसे अवॉर्ड मालदीव की शाहिना अली को प्लास्टिक प्रदूषण और समुद्री पारिस्थितिकी संरक्षण के लिए तथा फिलीपींस के फादर फ्लावियानो एंटोनियो एल. विलनुएवा को बेघर और गरीब लोगों की गरिमा बहाल करने के प्रयासों के लिए भी दिया गया है।

# संतुलित जीवन ही संयम : पंडित मुन्नाजी जैन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** दस दिवसीय दसलक्षण पर्व के छठे दिन आज पटना के मीठापुर, कदमकुआं, मुरादपुर, कमलदह मंदिर, काली बीबी का कटरा, गुरारा जैन सहित सभी दिगम्बर जैन मंदिरों में उत्तम संयम धर्म की पूजा की गयी। भगवान का अभिषेक एवं शांतिधारा की गयी। मंत्री ज्ञान पाटनी जैन ने बताया कि कांग्रेस मैदान मंदिर में शांतिधारा विकास सोनिया जैन द्वारा किया गया तथा मूल नायक पर प्रथम अनूप अजमेरा ने किया। सोनु जैन ने बताया कि कमलदह मंदिर में पराग जैन एवं अर्चना जैन ने शांतिधारा किया। मुकेश जैन ने बताया कि गुरारा मंदिर में तिलक कासलीवाल, कुलभूषण गांधी एवं निखिल सेठी ने तथा कालीबीबी कटरा मंदिर में संजय पहाड़िया, राजेश जैन आवास एवं विनोद बागड़ा ने शांतिधारा किया। नरेन्द्र गंगवाल जैन ने बताया कि मीठापुर जैन मंदिर में मूल प्रतिमा पर प्रथम कलश सुनील छाबड़ा एवं शांतिधारा राजकुमार पाटनी ने किया। एम पी जैन ने बताया कि आज दिगम्बर जैन समाज द्वारा दसलक्षण पर्व के तहत सुगंध दशमी भी मनाया गया। इस अवसर पर सभी जैन श्रद्धालुओं द्वारा अपने कर्मों के क्षय की भावना को लेकर भगवान के समक्ष धूप चढ़ाया।

कदमकुआं स्थित श्रीपार्श्वनाथ दिगम्बर जैन मंदिर में ब्रह्मचारी मनीष भैयाजी ने महापर्व पर्युषण के उत्तम संयम धर्म की संगीतमय पूजा कराई। मीठापुर मंदिर में श्रावकों को उत्तम संयम धर्म की पूजा कराते हुए पंडित मुन्ना जी जैन ने बताया कि संयम के बिना आदमी पशु के सामान है।

# जल संरचनाओं को चिन्हित कर अतिक्रमणमुक्त कराने पर जोर

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** जल-जीवन-हरियाली दिवस के अवसर पर राजस्व सर्वेक्षण (प्रशिक्षण) संस्थान, शास्त्रीनगर, पटना में सार्वजनिक जल संचयन संरचनाओं यथा तालाब, पोखर, आहर एवं पईनों को चिन्हित कर अतिक्रमणमुक्त कराना विषय पर परिचर्चा का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम का उद्घाटन राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग के सचिव जय सिंह ने दीप प्रज्वलित कर किया। इस अवसर पर उन्होंने जलऽजीवनऽहरियाली अभियान की महत्ता और पिछले छह वर्षों की उपलब्धियों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि अभियान से जुड़े सभी 15 विभागों के समन्वित प्रयासों से सकारात्मक परिणाम सामने आए हैं। उन्होंने यह भी कहा कि अभियान के सभी 11 अवयवों पर गंभीरता से कार्य किया जा रहा है तथा प्रत्येक माह कार्यों की समीक्षा करना पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक सराहनीय पहल है। राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग के विशेष सचिव अरुण कुमार सिंह ने परिचर्चा में पौधरोपण, आधुनिक सिंचाई व्यवस्था और जल संरचनाओं को अतिक्रमणमुक्त करने की आवश्यकता पर बल दिया। वहीं अपर सचिव डॉ. महेंद्र पाल ने कहा कि अब तक इस दिशा में संतोषजनक कार्य हुआ है, लेकिन इसे और प्रभावी बनाने के लिए सभी संबद्ध विभागों को बेहतर प्रयास करने होंगे। तभी आने वाली पीढ़ी जल संकट की समस्या से बच पाएगी।

# 4 सितम्बर से ज्ञान भवन में वार्षिक दशहरा मेला का आयोजन

## राज्यसभा सांसद संजय झा करेंगे वार्षिक दशहरा मेला का शुभारंभ

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**




**पटना।** गांधी मैदान स्थित ज्ञान भवन में बिहार महिला उद्योग संघ द्वारा आयोजित वार्षिक दशहरा मेला के चौथे संस्करण का आयोजन 4 सितंबर से 8 सितंबर तक किया जा रहा है। ज्ञान भवन के वातानुकूलित बहु-उद्देशीय हॉल में लगाया जाने वाला यह मेला बिहार का सबसे बड़ा मेला है। यह मेला एमएसएमई द्वारा मान्यता प्राप्त है जिसमें महिला उद्यमियों के साथ एमएसएमई, नाबार्ड, डब्लूसीडीसी, उद्योग विभाग, बिहार सरकार, वस्त्र एवं हस्तशिल्प मंत्रालय सहित अन्य सरकारी व गैर सरकारी एजेंसियां शामिल हो रही हैं। स्थानीय बीआईए सभागार में आयोजित प्रेस वार्ता में मेले की जानकारी देते हुए बिहार महिला उद्योग संघ की उपाध्यक्ष इंदु अग्रवाल ने बताया कि भारत के विभिन्न राज्यों के लगभग 225 से अधिक स्टॉल वाले इस मेले का उद्घाटन राज्यसभा सांसद संजय झा के कर कमलों द्वारा किया जायेगा। उद्घाटन समारोह में विशिष्ट अतिथि के तौर पर एमएसएमई डीएफओ पटना के सहायक निदेशक, नाबार्ड के सीजीएम, बिहार म्यूजियम के निदेशक व वस्त्र एवं हस्तशिल्प मंत्रालय के सहायक निदेशक शिरकत करेंगे। उन्होंने बताया कि इस मेले में भारत के विभिन्न राज्यों तथा बिहार की महिला उद्यमियों के द्वारा स्टॉल्स लगाए जा रहे हैं। वहीं संघ की उपाध्यक्ष डॉ. पूर्णिमा रॉय व किरण रंजन ने कहा कि बिहार महिला उद्योग संघ पिछले 30 वर्षों से महिला उद्यमियों के लिए मेले के माध्यम से उन्हें अपने सामान को बेचने के लिए एक मंच प्रदान करती है जहां वो अपने द्वारा तैयार किये गए सामानों को बेचती है। इस मेले का उद्देश्य उद्यमियों को सरकारी स्कीम से अवगत करवाना, मेले में हर दिन नई-नई जानकारी प्रदान करवाना, नेटवर्किंग के लिए विभिन्न सरकारी - गैर सरकारी एजेंसियों से कार्यशाला व सेमिनार आदि के माध्यम से मिलवाना है। वहीं अपने संबोधन में बिहार महिला उद्योग संघ की संयुक्त सचिव अंकिता ने प्रेस वार्ता को सम्बोधित करते हुए बताया कि इस मेले में महिला उद्यमियों को नव दुर्गा के नौ रूप को ध्यान में रखते हुए पुरस्कृत किया जाएगा। इस मेले में सिल्क, हैंडलूम, आभूषण, सत्तू, पापड़, अचार, मिथिला पेंटिंग, टिकुली व सिक्की आर्ट के आइटम्स, थ्री डी प्रिंटेड आइटम्स, रोबोटिक्स, होम डेकॉर सहित अन्य उत्पादों के स्टॉल्स लगाए जाएंगे। उन्होंने बताया कि महिला उद्यमियों द्वारा स्थानीय कला को बढ़ावा देते हुए 6 सितम्बर को रैंप वॉक का भी आयोजन किया जाएगा जबकि संघ की सचिव मेनका सिन्हा ने कहा कि समापन समारोह के दौरान कई प्रकार के इनामों व सम्मान की भी घोषणा की जाएगी।

# धूमधाम से मना भगवान श्री बलभद्र पूजनोत्सव का आयोजन



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** अखिल भारतीय ब्याहुत कलवार महासभा के तत्वावधान में 5252वां श्री बलभद्र जयंती के उपलक्ष्य में 37वां श्री बलभद्र पूजनोत्सव बड़े धूमधाम के साथ मनाया गया। यह आयोजन महाराना प्रताप भवन, आर्य कुमार रोड, पटना में आयोजित किया गया जिसमें बिहार के साथ ही विभिन्न प्रदेशों से आये हजारों बलभद्र वंशियों ने भाग लिया। कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि तार किशोर प्रसाद, पूर्व डिप्टी सीएम बिहार, विनोद कुमार जायसवाल, विधान परिषद, सिवान, सीता साहू, मेयर पटना और महासभा के पदाधिकारी दिनेश कुमार भगत, रौशन कुमार गुप्ता, गणेश कुमार भगत, स्नेहलता देवी, सुशील कुमार ब्याहूत, अमित कुमार ब्याहूत ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। पूर्व उपमुख्यमंत्री तार किशोर प्रसाद ने पूजनोत्सव में आये बलभद्र वंशियों को संबोधित करते हुए कहा कि भगवान बलभद्र की भक्ति से समाज में भाईचारा बढ़ता है और हम सबको मिल-जुलकर विकास की ओर कदम बढ़ाना चाहिए।

# पीएम ने महिलाओं के रोजगार सृजन के लिए एक सौ पांच करोड़ की राशि जीविका निधि में ट्रांसफर

## महिलाओं की शक्ति-बिहार की प्रगति ही विकसित बिहार का रास्ता है : पीएम




**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**सासाराम।** बिहार के जीविका दीदियों को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कर कमलों द्वारा बिहार राज्य जीविका निधि साख सहकारी संघ लिमिटेड का शुभारंभ एवं साथ ही 105 करोड़ की राशि का जीविका निधि में ट्रांसफर वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से किया गया। रोहतास जिले के सासाराम स्थित मल्टीपर्पस हॉल में दोपहर 12:30 बजे से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के द्वारा लाइव स्ट्रीमिंग के माध्यम से जीविका निधि साख सहकारी संघ लिमिटेड को 105 करोड़ रुपए की राशि रिमोट दबा कर हस्तांतरित किया गया। साथ ही लाइव स्ट्रीमिंग के माध्यम से मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, विजय सिन्हा एवं ग्रामीण विकास विभाग मंत्री श्रवण कुमार कार्यक्रम में मौजूद थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता ग्रामीण विकास विभाग मंत्री श्रवण कुमार ने किया जिसमें जीविका द्वारा संचालित जीविका निधि सहकारी बैंक के बारे में बताया। जीविका निधि का उद्घाटन 30 मई 2025 को हुआ है जिसका उद्देश्य जीविका दीदियों को डिजिटल लोन के साथ-साथ सुगम बैंकिंग सेवा देना है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने कहा कि आज पूरे प्रदेश में 1.40 करोड़ दीदियां जीविका से जुड़ कर रोजगार सृजन कर सशक्त हो रही है। साथ ही राज्य सरकार के द्वारा रोजगार हेतु 10 हजार की राशि प्रदेश के सभी परिवार के महिलाओं को दिया जाना तय है, रोजगार के समीक्षा के उपरांत 2 लाख तक की राशि मुहैया करवाई जाएगी। कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि महिलाओं की शक्ति बिहार की प्रगति ही विकसित बिहार का रास्ता है, जीविका निधि प्रदेश के माताओं, बहनों एवं तमाम महिलाओं के लिए पारदर्शी, सुगम एवं डिजिटल बैंकिंग सेवा प्रदान कर विकसित बिहार के आधार में महत्वपूर्ण कड़ी है। प्रधानमंत्री ने कहा कि हमने देश के तमाम महिलाओं को खुले में शौच के मजबूरी से मुक्ति दिलाया, प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत करोड़ों की संख्या में पक्के मकान बनवाए एवं सुनिश्चित करवाया कि वो घर महिलाओं के नाम पर ही हो, साथ ही हर घर नल जल योजना, माताओं बहनों के इलाज हेतु आयुष्मान योजना के तहत 5 लाख रुपए तक के मुफ्त इलाज का प्रबंध कर हर मां को इलाज हेतु चिंता से मुक्ति दिलाई। देश के 2 करोड़ लखपति दीदी, ड्रोन दीदी, बैंक सखी एवं अन्य महिला सशक्तिकरण का विशाल महायज्ञ है। प्रधानमंत्री ने कहा कि जिस तरीके से बिहार की जानकी माता पूरे दुनिया में सीता माता के रूप में जानी जाती है जो संघर्ष और सशक्ति का प्रतीक है, वैसे ही बिहार की दीदियां भी संघर्ष, सशक्ति और सकुशलता के लिए जानी जाती है। सासाराम के मल्टीपर्पस हॉल में लगभग 1000 दीदियों ने प्रधानमंत्री के कार्यक्रम को लाइव सुना एवं जीविका निधि सहकारी बैंक हेतु प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को धन्यवाद भी दिया। जिला मुख्यालय के साथ-साथ जिले के तमाम 19 प्रखंडों एवं 43 संकुल स्तर संघों के माध्यम से कुल 1.35 लाख दीदियों ने प्रधानमंत्री के कार्यक्रम को लाइव स्ट्रीमिंग के माध्यम से देखा। मौके पर जिले के जिला पदाधिकारी उदिता सिंह, उप विकास आयुक्त विजय कुमार पांडे, जीविका के जिला परियोजना प्रबंधक सुधीर बहादुर सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे।

# मां सरस्वती देवी पुस्तकालय में नि:शुल्क शिक्षा केन्द्र का शुभारंभ

### कक्षा षष्ठ, सप्तम एवं अष्टम के विद्यार्थियों के लिए नई पहल



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डिहरी/तिलौथू।** मां सरस्वती देवी पुस्तकालय एवं वाचनालय, चंदनपुरा तिलौथू में निःशुल्क शिक्षा केन्द्र की नई कक्षाओं (षष्ठ, सप्तम एवं अष्टम) का शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। उद्घाटन समारोह में पूर्व मुखिया राम गहन सिंह, पैक्स अध्यक्ष अजय श्रीवास्तव, उप मुखिया चिंटू जी, संत एवं विद्वान कृष्ण मोहन पंडित, अवकाश प्राप्त शिक्षक दशरथ प्रसाद, जंगलेश प्रसाद चौरसिया (पूर्व प्रधानाचार्य, सरस्वती विद्या मंदिर तिलौथू) सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे। इस शिक्षा केन्द्र में प्रतिदिन प्रातः 7 बजे से 9 बजे तक कक्षा षष्ठ, सप्तम एवं अष्टम के छात्रों को गणित एवं अंग्रेजी विषय की आधारभूत शिक्षा दी जाएगी। वहीं शाम 4 बजे से 6 बजे तक निःशुल्क पाठशाला में कक्षा के.जी. के बच्चों को पढ़ाया जाएगा।

शिक्षण कार्य में सफदर अली, मुकेश कुमार, रागिनी प्रिया एवं अनुष्का कुमारी अपनी सेवाएं देंगे। ये सभी अनुभवी शिक्षक हैं और किसी भी विद्यालय के छात्र यहां निःशुल्क शिक्षा प्राप्त कर सकते हैं। इस शिक्षा केन्द्र की स्थापना समाजसेवी एवं शिक्षा-प्रेमी ओमप्रकाश 'ओम जी' चंदनपुरा के सहयोग से की गई है।

# भारतीय रेल के टिकट कर्मचारी भी लगाएंगे डिजिटल अटेंडेंस

## टिकट जांच कर्मचारियों के लिए बायोमेट्रिक साइन-ऑन/ऑफ

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नई दिल्ली।** भारतीय रेलवे ने अपने टिकट जांच कर्मचारियों के लिए एक नई बायोमेट्रिक साइन-ऑन और साइन-ऑफ प्रणाली शुरू की है, जो रेलवे संचालन के आधुनिकीकरण और जवाबदेही बढ़ाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। 29.08.25 को पूर्व मध्य रेलवे के पंडित दीन दयाल उपाध्याय जंक्शन पर पहली डिजिटल टीटीई लॉबी चालू हो गई है। इस अभिनव प्रणाली को उत्तर रेलवे के बनारस मंडल, पूर्व मध्य रेलवे के सोनपुर मंडल, पश्चिम रेलवे के रतलाम मंडल, मध्य रेलवे के सीएसएमटी, पुणे और सोलापुर स्थित टीटीई लॉबी, पूर्व रेलवे के मालदा मंडल, दक्षिण पश्चिम रेलवे के मैसूर मंडल, पश्चिम मध्य रेलवे के भोपाल, दक्षिण रेलवे के मदुरै, पालघाट, त्रिची और पश्चिम मध्य रेलवे के कोटा लॉबी में सफलतापूर्वक लागू किया गया है। उत्तर मध्य रेलवे, पूर्वोत्तर रेलवे और उत्तर पश्चिम रेलवे ज़ोन ने भी विभिन्न मंडलों में चरणबद्ध तरीके से नई प्रणाली लागू की है। उत्तर रेलवे का जम्मू मंडल जल्द ही इस प्रणाली को लागू करने वाला है। नई प्रणाली बायोमेट्रिक प्रमाणीकरण को टिकट परीक्षक (टीटीई) लॉबी प्रणाली के साथ एकीकृत करती है जिससे कर्मचारी आधार-सक्षम बायोमेट्रिक उपकरण का उपयोग करके स्वयं को प्रमाणित कर सकते हैं। यह एक छेड़छाड़-रहित, पारदर्शी और गोपनीयता-अनुपालन उपस्थिति प्रक्रिया सुनिश्चित करती है जो वास्तविक समय में कार्य घंटों और ड्यूटी स्थिति को सटीक रूप से रिकॉर्ड करती है।

**बायोमेट्रिक प्रणाली के मुख्य उद्देश्य:**

**प्रामाणिक उपस्थिति:** यह सुनिश्चित करती है कि उपस्थिति रिकॉर्ड सटीक और सत्यापन योग्य हों।

**रीयल-टाइम ट्रैकिंग:** कर्मचारियों की उपलब्धता और ड्यूटी स्थिति पर रीयल-टाइम डेटा प्रदान करती है, जिससे अधिक कुशल प्रबंधन संभव होता है।

**उन्नत निगरानी:** कार्य घंटों और लॉबी संचालन की प्रभावी निगरानी प्रदान करती है।

**निर्बाध एकीकरण:** सुव्यवस्थित कर्मचारी तैनाती के लिए हैंड हेल्ड टर्मिनलों (एचएचटी) और ड्यूटी रोस्टर के साथ एकीकृत।

इस प्रणाली का कार्यान्वयन भारतीय रेलवे की कार्यकुशलता और पारदर्शिता में सुधार के प्रति प्रतिबद्धता का प्रमाण है। बायोमेट्रिक साइन-ऑन/ऑफ प्रणाली न केवल कर्मचारियों की तैनाती को सुव्यवस्थित करेगी, बल्कि टिकट जांच कर्मचारियों की समग्र कार्यकुशलता, पारदर्शिता और जवाबदेही में भी उल्लेखनीय वृद्धि करेगी जिससे अंततः सभी यात्रियों के लिए अनुभव बेहतर होगा।

# डालमिया भारत फाउंडेशन ने पांच आंगनबाड़ी केन्द्रों का किया नवीनीकरण, 200 बच्चों को मिलेगा लाभ

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**




**डालमियानगर (रोहतास)।** वित्तीय वर्ष 2024-25 के अंतर्गत डालमिया भारत फाउंडेशन ने दो ग्राम पंचायतों की 5 आंगनबाड़ियों का नवीनीकरण कर ग्रामीण अंचल के बच्चों के लिए एक सुरक्षित और अनुकूल वातावरण उपलब्ध कराया है। इस पहल से लगभग 200 बच्चों को लाभ मिलेगा। नवीनीकरण कार्यों में दीवार और सीढ़ियों की मरम्मत, प्लास्टर, छत की मरम्मत, शौचालय की मरम्मत, बिजली और पंखे की व्यवस्था, रसोई की मरम्मत, कुर्सियां उपलब्ध कराने सहित अन्य आवश्यक सुधार कार्य शामिल हैं। नवीनीकृत आंगनबाड़ियों में से चार आंगनबाड़ियां बंजारी ग्राम पंचायत और एक आंगनबाड़ी बकनौरा ग्राम पंचायत में स्थित है। इन आंगनबाड़ियों का उद्घाटन बाल विकास परियोजना पदाधिकारी (सीडीपीओ) पूनम कुमारी तथा सुरभि क्लब की अध्यक्ष अंशु तिवारी द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। उद्घाटन कार्यक्रम में बच्चों के अभिभावकों और स्थानीय समुदाय के लोगों ने बड़ी संख्या में भाग लिया और इस पहल का स्वागत किया। इस अवसर पर उपस्थित अतिथियों ने डालमिया भारत फाउंडेशन के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार की पहलें न केवल बच्चों की शिक्षा और पोषण को सुदृढ़ करती हैं, बल्कि ग्रामीण समुदायों के सर्वांगीण विकास में भी सहायक होती हैं।

उक्त जानकारी आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, बंजारी एवं बकनौरा द्वारा उपलब्ध कराई गई है। इस हस्तक्षेप के माध्यम से डालमिया भारत फाउंडेशन ने रोहतास जिले में समुदाय और बाल कल्याण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को दोहराया है।

# मृदुभाषी व नेकदिल इंसान थे परशुराम सिंह : अशोक भारद्वाज



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डिहरी ऑन-सोन।** मृदुभाषी व नेकदिल इंसान थे, परशुराम सिंह उक्त बातें राजद के वरिष्ठ नेता अशोक भारद्वाज ने जमुहार में मां तारा चंडी धाम के अध्यक्ष रवि रंजन सिंह उर्फ डिम्पू सिंह, समाज सेवी ऋषि सिंह के पिता स्व परशुराम सिंह के ब्रम्हभोज में श्रद्धांजलि सभा में उनके तैल चित्र माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित करने के उपरांत कहा। उन्होंने कहा कि वें गरीबों के मददगार,व समाजसेवी व्यक्ति थे। श्रद्धांजलि सभा में उनके तैल चित्र पर माल्यार्पण करने वाले में सासाराम के पूर्व विधायक जवाहर प्रसाद, भाजपा जिला अध्यक्ष संतोष पटेल, सत्येंद्र सिंह, जदयू नेता अनिल सिंह, भाजपा नेता त्रिविक्रम नारायण सिंह, क्षत्रिय महासभा के मुनमुन सिंह,गोविंद नारायण सिंह, सुचित सिंह पप्पू, संतोष सिंह, इंद्रजीत सिंह, राजकुमार सिंह ,रोहित राज राजपूत, संजय सिंह उर्फ बाला जी, सहित काफी संख्या में सासाराम, डेहरी के समाजिक कार्यकर्ता तथा विभिन्न दलों के नेता,व पत्रकारों ने श्रद्धांजलि दी।

# पूर्व मुख्यमंत्री दरोगा प्रसाद राय की जयंती मनायी गयी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गया।** पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री दरोगा प्रसाद राय की 103वीं जयंती एवं बिहार प्रदेश कांग्रेस कमिटी के पूर्व अध्यक्ष लहटन चौधरी की 22 वीं पुण्यतिथि गया के स्थानीय चौक स्थित राष्ट्रपिता महात्मा गांधी प्रतिमा स्थल प्रांगण में सम्पन्न हुई। सर्वप्रथम स्व. दारोगा प्रसाद राय एवं स्व. लहटन चौधरी के चित्र पर माल्यार्पण के पाश्चात्य दोनों महान कांग्रेस नेताओं के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर विस्तृत प्रकाश डाला गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए बिहार प्रदेश कांग्रेस कमिटी के प्रदेश प्रतिनिधि सह प्रवक्ता विजय कुमार मिट्ठू, पूर्व विधायक मोहम्मद खान अली, जिला कांग्रेस उपाध्यक्ष बाबूलाल प्रसाद सिंह, कोषाध्यक्ष बैजू प्रसाद, कांग्रेस अनुसूचित जाति प्रकोष्ठ अध्यक्ष सुनील कुमार पासवान, इंटक जिला महासचिव टिंकू गिरी, शिक्षा प्रकोष्ठ के अध्यक्ष विद्या शर्मा, अधिवक्ता प्रकोष्ठ के रामानुज शर्मा आदि ने कहा कि दारोगा प्रसाद राय एवं लहटन चौधरी भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के बिहार इकाई के सामाजिक न्याय के प्रतीक एवं सर्वहारा समाज के धरोहर थे।

# सुलेख एवं चित्रकला प्रतियोगिता में विजेताओं को मिला सम्मान

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**सासाराम/तिलौथू।** सरस्वती आइटीआइ तिलौथू में मंगलवार को जिला स्तरीय सरस्वती संस्कार केंद्र के भैया-बहनों की हिंदी, अंग्रेजी सुलेख एवं चित्रकला प्रतियोगिता सफलतापूर्वक संपन्न हुई। इस मौके पर कंचन देवी कोषाध्याय सरस्वती आईटीआई तिलौथू, गंगा चौधरी प्रांत सेवा कार्य प्रमुख, परमेश्वर कुमार प्रवासी कार्यकर्ता, विष्णु कुमार प्राचार्य, प्रमोद कुमार सिंह प्रधानाचार्य तिलौथू सहित 10 केंद्रों के आचार्य, 12 भैया एवं 17 बहनें उपस्थित रहीं। हिंदी सुलेख में अंशु कुमारी (चंदनपुर चंदनपुरा) प्रथम, आशीष राज (महाराजगंज) द्वितीय तथा आदित्य कुमार (बसडीहा) तृतीय स्थान पर रहे। अंग्रेजी सुलेख में अंशु कुमार (महाराजगंज) प्रथम, नित्यम कुमार (बसडीहा) द्वितीय और जयप्रकाश कुमार (भरूही) तृतीय स्थान पर घोषित किए गए। चित्रकला प्रतियोगिता में नीतू कुमारी (भरूही) प्रथम, आदित्य कुमार (महाराजगंज) द्वितीय और पम्मी कुमारी (बहेरा) तृतीय स्थान पर रहीं। विजेताओं को अधिकारियों द्वारा पुरस्कृत किया गया जबकि शेष प्रतिभागियों एवं आचार्यों को भी सम्मानित किया गया। सभी अनुदेशकों एवं कर्मचारियों के सहयोग से कार्यक्रम सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ और अंत में शांति मंत्रोच्चार के साथ समापन किया गया।

# ट्रेनों के ठहराव को लेकर विशाल धरना प्रदर्शन की तैयारी में डिहरीवासी

## डिहरी ऑन-सोन स्टेशन पर ट्रेनों के ठहराव को लेकर सभी वर्गों का टीम डिहरीयंस को समर्थन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**




**डिहरी ऑन-सोन।** टीम डिहरीयंस के अध्यक्ष चन्दन कुमार ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा कि पूर्व मध्य रेलवे के अधीन पंडित दीन दयाल उपाध्याय जं-गया जं रेलखंड के बीच एनएसजी -3 वर्ग का डिहरी ऑन-सोन सर्वाधिक राजस्व देने वाला स्टेशन है तथा सबसे ज्यादा यात्रियों का आना-जाना होता है और मण्डल में डीडीयू और गया के बाद तीसरा सबसे बड़ा रेलवे स्टेशन का दर्जा प्राप्त है। डिहरी ऑन-सोन स्टेशन से शहर के लोगों के अलावा अन्य जिलों एवं झारखण्ड के लोग भी यात्रा करते हैं। डिहरी ऑन सोन स्टेशन से रात्रि में भी 100-150 किलोमीटर दूरी तक यात्री आते-जाते हैं अर्थात 24 घंटा जागने वाला रेलवे स्टेशन है। वित्तीय वर्ष 2024-25 में डिहरी ऑन-सोन स्टेशन से 490511589 रूपये का राजस्व प्राप्त हुआ और 5608877 यात्रियों का फुटफॉल था। सासाराम का राजस्व 465599269 और फुटफॉल 5042312, अनुग्रह नारायण रोड का राजस्व 314613497 और फुटफॉल 2360312,भभुआ रोड का राजस्व 196174819 और फुटफॉल 2172860 था। डिहरी ऑन सोन स्टेशन पर साफ-सफाई के लिये प्रत्येक माह सिर्फ 50000 रुपये खर्च होता है जबकि कम राजस्व वाले सासाराम पर 7 लाख और अनुग्रह नारायण रोड पर 6 लाख रुपये प्रति माह खर्च होता है। डिहरी ऑन सोन रेलवे सेक्शन का मुख्यालय भी है सभी विभाग के बड़े अधिकारी बैठते हैं। ऐतिहासिक, व्यवसायिक व पर्यटन के लिहाज से डिहरी ऑन सोन स्टेशन काफी महत्वपूर्ण है। इस स्टेशन से यात्री ऐतिहासिक रोहतास किला, महादेव खोह, चौरासन मंदिर, गणेश मंदिर, झारखंडी मंदिर, धूप घड़ी, जैन मंदिर, नौलखा मंदिर, तुतला भवानी धाम, कशीश वॉटरफाल, विश्व का चौथा सबसे बड़ा इंद्रपुरी डैम और भारतीय रेलवे का एकमात्र ट्रिपल ट्रैक सोन ब्रिज घूमने आते हैं। इसके साथ यह शाहाबाद प्रमण्डल व गढ़वा - पलामू क्षेत्र के लोगों के लिए मुख्य रूप से व्यापारिक केंद्र भी है। डिहरी ऑन- सोन अंग्रेजों के जमाने से औद्योगिक नगरी के नाम से जाना जाता है। अभी भी डिहरी ऑन-सोन में बियाडा के 2 इंडस्ट्रियल क्षेत्र है एक एनिकट में और दूसरा सुअरा में। 230 एकड़ का विशेष आर्थिक क्षेत्र बनाने की घोषणा हो चुकी है। बहुत जल्द डिहरी ऑन- सोन में रेलवे के द्वारा एक्सेल वैगन मरम्मत और कपलर का कारखाना भी लगने वाला है। रेलवे जोन और मण्डल के अधिकारियों के द्वारा डिहरी ऑन-सोन के प्रति सौतेला व्यवहार वर्षों से किया जा रहा है। कोविड के पहले राजस्व और फुटफॉल के डाटा को देखकर ही डिहरी ऑन-सोन को सबसे ज्यादा ट्रेनों का ठहराव और सुविधा डिहरी ऑन- सोन को प्राप्त था। निम्नलिखित ट्रेनों का ठहराव डिहरी ऑन- सोन में दिया जाये। रेलवे को प्रत्येक वर्ष 8-10 करोड़ का अतिरिक्त राजस्व की प्राप्ति होगी और स्टेशन पर आश्रित लाखों यात्रियों को सुविधा भी मिलेगी।


## कार्यालय, नगर परिषद गढ़वा

### बन्दोबस्ती की सूचना

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि वर्ष 2025–26 से 2029–30 तक 05 वर्षो के लिए रामबॉध तालाब सोनपुरवा, गढ़वा बन्दोबस्ती खुली डाक द्वारा दिनांक 09.09.2025 को 12:30 बजे अपराह्न में नगर परिषद गढ़वा के कार्यालय में की जाएगी जिसकी विवरणी निम्नांकित है :–

| कमांक | सैरात का नाम | सुरक्षित जामा राशि | जमानत की राशि |
|---|---|---|---|
| 1 | रामबॉध तालाब सोनपुरवा, गढ़वा | 3,39,600 | 34,000 |

नियम एवं शर्त कार्यालय के सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक पदाधिकारी
नगर परिषद गढ़वा

PR 361046 Urban Development(25-26)#D



## कार्यालय, कनीय पौधा संरक्षण पदाधिकारी, पलामू।
**योध सिंह नामधारी महिला कॉलेज के सामने, मेदिनीनगर पलामू–822101**
Office Email Id. Jppodtg2020@gmail.com

**कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग(कृषि प्रभाग) झारखण्ड सरकार**
**कनीय पौधा संरक्षण पदाधिकारी, पलामू।**
**सामयिक सूचना अंक–06/2025–26 पौधा संरक्षण, पलामू।**

**प्रेस विज्ञप्ति**

पलामू जिला अन्तर्गत सभी किसान भाईयों को सूचित किया जाता है कि फसल सुरक्षा कार्यक्रम योजना 2024–25 अंतर्गत फसल में लगने वाले कीट/व्याधि के उपचार हेतु शत प्रतिशत अनुदान पर सभी पौधा संरक्षण केन्द्रों में कीटनाशी/फफुंदनाशी उपलब्ध है। पलामू जिले में कुल पांच पौधा संरक्षण केन्द्र है। किसान बंधु अपने–अपने प्रखण्ड से संबंधित पौधा संरक्षण केन्द्रों मे जाकर फसल में लगने वाले कीट/व्याधि के रोकथाम हेतु अनुसंशित कीटनाशी/फफुंदनाशी प्राप्त कर सकते है।

पौधा संरक्षण केन्द्र एवं उससे संबंधित प्रखण्ड :–

| क्र0सं0 | पौधा संरक्षण केन्द्र का नाम/पता | केन्द्र प्रभारी/ATM/BTM का नाम/मो0 नं0 | केन्द्र से सम्बद्ध प्रखण्ड का नाम |
|---|---|---|---|
| 1. | पौधा संरक्षण केन्द्र, मेदिनीनगर पता–कनीय पौधा संरक्षण पदाधिकारी का कार्यालय, योध सिंह नामधारी महिला कॉलेज के सामने, मेदिनीनगर पलामू | श्री वंशीधर महतो, कामदार मोबाईल नं0– 7739535182 रविन्द्र कुमार, कामदार मोबाईल नं0–7544980035 अमित कुमार, BTM मोबाईल नं0– 9801549477 | 1. मेदिनीनगर 2. चैनपुर 3. रामगढ़ 4. सतबरवा |
| 2. | पौधा संरक्षण केन्द्र, जपला पता– ATIC Centre प्रखण्ड परिसर हुसैनाबाद | श्री विरेन्द्र प्रसाद (क्षे0परिचालक) मोबाईल नं0– 9097541910 जय गोविन्द यादव, ATM मोबाईल नं0– 9934657435 | 1. हुसैनाबाद 2. मोहम्मदगंज 3. हैदरनगर 4. उटारी रोड 5. पाण्डु |
| 3. | पौधा संरक्षण केन्द्र, नीलाम्बर पीताम्बरपुर पता– ATIC Centre प्रखण्ड परिसर नीलाम्बर पीताम्बरपुर | श्री वंशीधर महतो मोबाईल नं0– 7739535182 रविन्द्र कुमार, कामदार मोबाईल नं0–7544980035 अनिल कुमार मेहता, ATM मोबाईल नं0– 7488156142 | 1. नीलाम्बर पीताम्बरपुर 2. तरहसी 3. पांकी 4. मनातू |
| 4. | पौधा संरक्षण केन्द्र, पाटन पता– ATIC Centre प्रखण्ड परिसर पाटन | श्री वंशीधर महतो मोबाईल नं0– 7739535182 रविन्द्र कुमार, कामदार मोबाईल नं0–7544980035 प्रकाश रंजन सिंह, ATM मोबाईल नं0– 7903591908 | 1. पाटन 2. नावाबाजार 3. पण्डवा 4. विश्रामपुर |
| 5. | पौधा संरक्षण केन्द्र, छत्तरपुर पता– ATIC Centre प्रखण्ड परिसर छत्तरपुर | श्री विरेन्द्र प्रसाद मोबाईल नं0– 9097541910 संजय कुमार, BTM मोबाईल नं0– 878929702 | 1. छत्तरपुर 2. पीपरा 3. हरिहरगंज 4. नौडिहाबाजार |

पौधा संरक्षण केन्द्रों पर उपलब्ध कीटनाशियों/फफुंदनाशियों का नाम :–

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1. | कार्बनडाजिम 50% WP | 10. | एजाडिरेक्टिन 1500 PPM |
| 2. | मैनकोजेब 75% WP | 11. | एन.पी.भी. हेलीकोवर्पाआर्मिजेरा 2.0% AS |
| 3. | हेक्साकोनाजोल 5% EC | 12. | ट्रायकोडर्मा हर्जियानम |
| 4. | मेटालेक्सिल 8% + मैनकोजेब 64% | 13. | ट्रायकोडर्मा विराइड |
| 5. | कार्बनडाजिम 12% + मैनकोजेब 63% | 14. | व्यूवेरिया बसियाना 1-15% WP |
| 6. | पेंडीमेथालीन 30% EC | 15. | फेरोमोन ट्रैप 04 पीस ल्योर (दलहन फली छेदक हेतु) |
| 7. | एट्राजीन 50% WP | 16. | क्लोरेंट्रानिलिप्रोल 18.5% |
| 8. | क्लोरपायरीफॉस 20% EC | 17. | ट्राइफलोक्सीस्ट्रोबीन 25% WG+ टेबुकोनाजोल 50% |
| 9. | इमिडाक्लोप्रिड 17.8% SL | 18. | क्विनालफॉस 25% EC |

नोट :–किसान भाईयों को सूचित किया जाता है कि कीटनाशी/फफुंदनाशी प्राप्त करने के समय अपने साथ अक्रांत फसल का फोटोग्राफ, आधार न0, प्लॉट न0 एंव मो0 नं0 से संबंधित विवरणी केन्द्र में उपलब्ध पंजी में दर्ज करायेगें तथा उपचारित रकबा का विभागीय दर पर निर्धारित छिड़काव शुल्क जमा करेगें।

**कनीय पौधा संरक्षण पदाधिकारी, पलामू।**

PR.NO.361038 District(25-26):D

# प्रधानमंत्री द्वारा बिहार राज्य जीविका निधि साख सहकारी संघ लिमिटेड के शुभारंभ का हुआ सीधा प्रसारण





**बिहारशरीफ/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा बिहार राज्य जीविका निधि साख सहकारी संघ लिमिटेड का शुभारंभ कार्यक्रम का सीधा प्रसारण नगर भवन बिहार शरीफ में किया गया । इस अवसर पर प्रधानमंत्री द्वारा संस्था के बैंक खाते में 105 करोड़ रुपये भी हस्तांतरित किया गया। जीविका निधि ग्रामीण महिला उद्यमियों को धन की सस्ती पहुंच प्रदान करेगा जीविका निधि पूरी तरह से डिजिटल प्लेटफॉर्म पर काम करेगा, जिससे सीधे और पारदर्शी धन हस्तांतरण सुनिश्चित होंगे।जीविका निधि की स्थापना का उद्देश्य जीविका से जुड़े सामुदायिक सदस्यों को सस्ती ब्याज दरों पर आसानी से धन उपलब्ध कराना है। जीविका के सभी पंजीकृत कलस्टर-स्तरीय फेडरेशन इस संस्था के सदस्य बनेंगे। इस संस्था के संचालन के लिए बिहार सरकार और केंद्र सरकार दोनों ही धनराशि का योगदान करेंगी। पिछले कुछ वर्षों में जीविका के स्वयं सहायता समूहों से जुड़ी महिलाओं में उद्यमिता का विकास हुआ है, जिससे ग्रामीण क्षेत्रों में कई लघु उद्यमों और उत्पादक कंपनियों की स्थापना हुई है। हालांकि, महिला उद्यमियों को अक्सर 18 प्रतिशत 24 प्रतिशत तक की ऊंची ब्याज दरें वसूलने वाले सूक्ष्म वित्त संस्थानों पर निर्भर रहना पड़ता था। जीविका निधि को सूक्ष्म वित्त संस्थानों पर निर्भरता कम करने और कम ब्याज दरों पर समय पर बड़ी ऋण राशि की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए एक वैकल्पिक वित्तीय प्रणाली के रूप में बनाया गया है। यह प्रणाली पूरी तरह से एक डिजिटल प्लेटफॉर्म पर काम करेगी, जिससे जीविका दीदियों के बैंक खातों में सीधे और तेजी से पारदर्शी धन हस्तांतरण सुनिश्चित होगा। इसे सुविधाजनक बनाने के लिये सामुदायिक कार्यकताओं को टैबलेट से लैस किया गया है। इस पहल से ग्रामीण महिलाओं के बीच उद्यमिता विकास को मजबूत करने और समुदाय आधारित उद्यमों के विकास में तेजी आने की उम्मीद है। जिले भर में 291 स्थलों पर सीधा प्रसारण का आयोजन किया गया, जिसमें लगभग 60533 जीविका दीदी महिलाएं इस कार्यक्रम में शामिल हुई। इस अवसर पर सांसद कौशलेंद्र कुमार, विधान पार्षद रीना यादव,डीएम कुंदन कुमार, उप विकास आयुक्त श्रीकांत कुंडलिक खांडेकर, मेयर अनीता देवी, जीविका परियोजना प्रबंधक सहित भारी संख्या में जीविका दीदीयां आदि उपस्थित थे ।

## कौआकोल के नीमडीह आहर में डूबकर दो बालकों की दर्दनाक मौत



**कौआकोल/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** कौआकोल प्रखण्ड अंतर्गत रूपौ थाना क्षेत्र के नावाडीह पंचायत के नीमडीह आहर में डूबकर दो बालक की दर्दनाक मौत हो गई। दोनों बच्चे की पहचान नावाडीह गांव निवासी आफताब अंसारी के लगभग 10 वर्षीय पुत्र रहमत अली उर्फ रहमत रजा एवं हबीब खान उर्फ हबू अंसारी के 11 वर्षीय पुत्र कैयान अंसारी उर्फ दुलारू के रूप में की गई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार दोनों बच्चा गांव के ही विद्यालय में पढ़ने गया था। जहां से वह दोनों गांव स्थित नीमडीह आहर में नहाने चला गया। जहाँ अत्याधिक गहरे पानी में चले जाने से दोनों की डूबकर दर्दनाक मौत हो गई। घटना की जानकारी मिलते ही ग्रामीणों ने काफी मशक्कत के बाद दोनों बच्चे के शव को नग्नावस्था में आहर से बाहर निकाला। घटना के बाद मृतक के घर एवं गांव में कोहराम मच गया है। मृतक के स्वजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। वहीं सूचना के बाद कौआकोल सीओ मनीष कुमार के निर्देश पर स्थानीय रूपौ थाना की पुलिस घटनास्थल पर पहुंचकर आवश्यक कार्रवाई में जुट गई है।

## संक्षिप्त समाचार

### 24 घंटे के अंदर 49 फरार अपराधियों की गिरफ्तारी

**नवादा/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** पुलिस अधीक्षक, अभिनव धीमान ने बताया कि 01 सितम्बर 2025 को नवादा जिला में पुलिस द्वारा विभिन्न गिरफ्तारियां की गयी हैं, हत्या के प्रयास में 06, मद्य निषेध में 06 एवं अन्य गिरफ्तारी 37 कुल 49 गिरफ्तारियां हुई। शराब की बरामदगी अंतर्गत 20.55 लीटर देशी महुआ शराब बरामद किया गया। वारंट के निष्पादन की संख्या-20 एवं कुर्की के निष्पादन की संख्या-01 है। वाहन जाँच के क्रम में कुल 345 वाहनों की जाँच की गयी है एवं फाईन की कुल राशि 25 हजार 500 रुपया वसूला गया है। अन्य गिरफ्तारी अन्तर्गत मोटरसाईकिल 01, ट्रैक्टर 01 एवं अपहृता 01 बरामद किया गया। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि नवादा पुलिस इस तरह के क्रूर एवं जघन्य अपराध करने वाले अपराधियों को गिरफ्तार करने एवं सजा दिलाने के लिए लगातार संकल्पित है। अपराध को अंजाम देने के बाद अन्यत्र जगह छुपकर रहने वाले अपराधियों के विरूद्ध नवादा पुलिस लगातार आसूचना संकलन कर रही है तथा कार्रवाई के लिए प्रयासरत है। नवादा पुलिस के लिए यह बड़ी सफलता है।

### युवक को पीट-पीटकर किया अधमरा

**कौआकोल/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** कौआकोल बाजार अवस्थित आश्रम मोड़ के पास मंगलवार की दोपहर बदमाशों ने दिनदहाड़े एक युवक को पीट-पीटकर बुरी तरह अधमरा कर दिया। इतना ही नहीं बदमाशों ने युवक की पीटते-पीटते हाई स्कूल कौआकोल की ओर ले जाना लगा। जहाँ स्थानीय कौआकोल थाना की पुलिस के तत्परता से बुरी तरह से घायल युवक को अपने कब्जे में लेकर पीएचसी कौआकोल में भर्ती कराया गया। जहां से प्राथमिक उपचार के बाद घायल युवक को बेहतर ईलाज के लिए नवादा रेफर कर दिया गया। वहीं पीएचसी में घायल युवक ने पुलिस के समक्ष चार लोगों के विरुद्ध घटना को अंजाम देने का आरोप लगाते हुए लिखित शिकायत दर्ज कराई है।घटना का कारण पूर्व से विवाद का होना बताया जा रहा है। प्राप्त जानकारी के अनुसार कौआकोल थाना क्षेत्र के गुआघोघरा गांव निवासी स्वर्गीय दारोगी यादव के 25 वर्षीय पुत्र जीवन यादव पर बदमाशों ने अचानक जोगाचक आश्रम मोड़ के पास हमला कर दिया। थानाध्यक्ष सह पुलिस इंस्पेक्टर दीपक कुमार ने बताया कि घायल युवक के लिखित आवेदन के आधार पर चार लोगों के विरुद्ध नामजद प्राथमिकी दर्ज कर पुलिस कार्रवाई में जुट गई है।

### पोषण सप्ताह में विद्यालय में लगाई गई प्रदर्शनी

**पकरीबरावां/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** पकरीबरावां प्रखण्ड के महंत रामधन पुरी इंटर विद्यालय बुधौली में राष्ट्रीय पोषण सप्ताह के अवसर पर विद्यालय परिसर में प्रदर्शनी आयोजित की गई। गृह विज्ञान की शिक्षिका श्वेता कुमारी एवं प्लस टू के शिक्षक डॉ. रंजन आर्य के नेतृत्व में वर्ग नवम से बारहवीं तक के बच्चे प्रदर्शनी में शामिल हुए। अंकुरित चना, मूंग, गाजर, केला, सेब आदि का प्रदर्शन कर पोषक तत्वों की जानकारी दी गई। अच्छे स्वास्थ्य के लिए किन- किन पोषक तत्वों की जरूरत होती है, इसकी जानकारी दी गई। बच्चों को इसका महत्व भी बताया गया। इन पोषक तत्वों का हम अपने दैनिक जीवन में किस प्रकार उपयोग कर अपने स्वास्थ्य को बेहतर बना सकते हैं, इस पर चर्चा की गई। मौके पर विद्यालय के शिक्षक अरविंद कुमार, डॉ. विजय कुमार दास, अजीत कुमार, धीरज कुमार विश्वकर्मा, कमलेश कुमार सहित अन्य उपस्थित थे।



### तीस हजार से अधिक जमाबंदी प्रपत्र का वितरण

**कौआकोल/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** कौआकोल अंचल क्षेत्र के विभिन्न राजस्व गांवों में मंगलवार तक तीस हजार से अधिक जमाबंदी प्रपत्र का वितरण किया जा चुका है। वहीं क्षेत्र में व्यापक स्तर पर प्रचार प्रसार कर जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इसकी जानकारी देते हुए कौआकोल सीओ मनीष कुमार ने बताया कि कौआकोल अंचल अंतर्गत 48 राजस्व गांव में 46744 जमाबंदी प्रपत्र का वितरण किया जाना है। जिसके विरुद्ध अब तक तीस हजार से अधिक जमाबंदी प्रपत्र का वितरण किया जा चुका है। उन्होंने बताया कि अब तक कौआकोल अंचल में 97 प्रतिशत जमाबंदी प्रपत्र का वितरण किया जा चुका है। शेष जमाबंदी का वितरण कार्य सभी राजस्व कर्मचारियों के द्वारा किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि राजस्व महाअभियान के तहत रैयतों के बीच जमाबंदी वितरण के साथ साथ शिविर आयोजित कर जमाबंदी सुधार सहित अन्य कार्यों के लिए पंचायतवार शिविर भी लगाए जा रहे हैं।


### विद्यालय में अध्ययनरत छात्राओं को आत्मरक्षा के लिए प्रशिक्षण

**नारदीगंज,नवादा/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** बिहार शिक्षा परियोजना के तहत विद्यालय में अध्ययनरत छात्राओं को आत्मरक्षा के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम मंगलवार से शुरू हुआ। प्रशिक्षण में इंटर विद्यालय नारदीगंज के नौवीं व दसवीं कक्षा के छात्राओं को आत्मरक्षा हेतु प्रशिक्षण दी जा रही है। यह 24 दिवसीय प्रशिक्षण इंटर विद्यालय नारदीगंज में हो रहा है। प्रशिक्षक वीरेन्द्र कुमार सिन्हा के माध्यम से छात्राओं को प्रशिक्षित किया जा रहा है। विद्यालय अवधि में प्रतिदिन दो घंटे विद्यालय के नौवीं और दसवीं कक्षा के छात्राओं को प्रशिक्षण देकर आत्मरक्षा का गुरु बताया जा रहा है। प्रशिक्षण में आप विषम परिस्थितियों में कैसे अपने को सुरक्षित रख पाएंगे। कैसे बचाव होगा। अगर आप रास्ते में चल रहे हैं, और वहां कोई परेशान करे तो कैसे आत्म रक्षा कर सकते हैं। इसकी जानकारी दी जा रही है। विद्यालय प्रभारी प्राचार्य कृष्णकांत ईचा गुटू ने कहा प्रशिक्षण के उपरांत सभी छात्राओं को विभाग के माध्यम से प्रमाण पत्र दिया जाएगा। मौके पर शिक्षक विनोद कुमार रविदास,नीरज कुमार,धनन्जय कुमार,राजन कुमार ,प्रशांत कुमार समेत अन्य रहे।

### पीएम मोदी का लाइव प्रसारण आयोजित

**नारदीगंज,नवादा/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** जीविका निधि से आत्मनिर्भरता नारी स्वालम्बन की नई उड़ान भरने के सरकार आर्थिक सहायता कर रही है। पीएम नरेंद्र मोदी ने बिहार राज्य जीविका निधि सरकारी संघ का शुभारंभ किया। नारदीगंज मुख्यालय में स्थित उजला भवन में मंगलवार को इस कार्यक्रम का लाइव प्रसारण हुआ। पीएम मोदी ने इस कार्यक्रम के लिए 105 करोड़ रुपये का खाते पर स्थानांतरण किये। जीविका सीएम कृष्णा देवी,यशोदा देवी,सरिता देवी,मुन्नी देवी समेत अन्य जीविका दीदी ने सरकार के प्रति आभार जताया है । कहा कि अब महिलाएं आत्मनिर्भर और स्वालम्बन होंगे। मौके पर बीडीओ सोनिया ढनढनिया,बीपीएम मनोज कुमार,जदयू नेता विनय कुमार साव समेत काफी संख्या में जीविका दीदी और उससे जुड़े कर्मी शामिल हुए।

## द्वितीय अपील के अंतर्गत परिवादों की सुनवाई संपन्न



**नवादा/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** जिला पदाधिकारी, नवादा रवि प्रकाश ने आज अपने कार्यालय प्रकोष्ठ में बिहार लोक शिकायत निवारण अधिकार अधिनियम, 2015 के तहत द्वितीय अपील की सुनवाई की। आज की सुनवाई में कुल 02 परिवादी उपस्थित हुए, जिनके मामलों की विधिवत सुनवाई की गई तथा आवश्यक कार्रवाई हेतु संबंधित पदाधिकारियों को जांच के लिए प्रेषित किया गया। अधिनियम के प्रावधान के अनुसार किसी भी मामले का निवारण अधिकतम दो माह की अवधि में किया जाता है। प्रखंडों एवं पंचायतों से संबंधित विवाद/समस्याओं की अपील अनुमंडलीय लोक शिकायत निवारण कार्यालय, नवादा सदर/रजौली में की जा सकती है। वहीं, जिला स्तरीय परिवादों एवं समस्याओं के निवारण हेतु जिला लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी, नवादा का कार्यालय समाहरणालय के मुख्य प्रवेश द्वार के दाहिनी ओर स्थित लोक सेवाओं का अधिकार अधिनियम भवन में संचालित है। सुनवाई एवं निवारण की प्रक्रिया दोनों पक्षों को बुलाकर की जाती है और इसके लिए किसी प्रकार का कोई शुल्क देय नहीं है। शिकायत दर्ज करने एवं निवारण की निःशुल्क व्यवस्था कार्यालय में उपलब्ध है। आदेश से असंतुष्ट होने पर भी निःशुल्क अपील दायर की जा सकती है। अब शिकायत दर्ज करने और अपील करने की सुविधा ऑनलाइन भी उपलब्ध है। जिला प्रशासन ने आमजन से अपील की है कि वे बिहार लोक शिकायत निवारण अधिकार अधिनियम के अंतर्गत अपनी शिकायत दर्ज कराएं ।

## पूर्व राज्यमंत्री राजबल्लभ प्रसाद ने नारदीगंज में की बैठक



**नवादा/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** पूर्व श्रम राज्यमंत्री श्री राजबल्लभ प्रसाद के जेल से मुकम्मल रिहाई के बाद नवादा के राजनीतिक मौसम अचानक करवट ले लिया है । विगत एक पखवारे के भीतर आधा दर्जन से अधिक सामाजिक धार्मिक एवं राजनीतिक जलसे में लोगों की भीड़ उत्तरोत्तर बढ़ती जा रही है । सूत्रों की माने तो यह सिलसिला बहरहाल थमने वाला नहीं है । खास कर नवादा और नारदीगंज प्रखण्ड में प्रति सप्ताह एक-एक बड़े आयोजन करने की योजना है जिसमें हर वंचित समाज को अधिक से अधिक लाभ पहुँचाने की कवायद शुरू होगी । इसी सन्दर्भ में रजौली के बाद बुधवार को नारदीगंज प्रखण्ड मुख्यालय स्थित फोर लेन कहुआरा मोड़ के पास विधायक विभा देवी के कार्यालय परिसर में विशाल जनसभा का आयोजन किया गया । सामाजिक कार्यकर्ता सम्मेलन सह संवाद कार्यक्रम के बैनर तले नारदीगंज प्रखण्ड के कार्यकताओं ने इस कार्यक्रम की तैयारी की जिसमें हजारों महिला पुरुष ने अपने प्रिय नेता राजबल्लभ प्रसाद का गगनभेदी नारों के साथ सम्मानित किया । मंच की अध्यक्षता एवं संचालन समाजसेवी अरविन्द मिश्रा ने किया । मंचासीन अतिथियों में पंचायतवार समाजसेवियों के अलावे सदर विधायक विभा देवी , रजौली विधायक प्रकाशवीर , एमएलसी अशोक कुमार , जिला परिषद अध्यक्ष पुष्पा राजवंशी और उपाध्यक्ष निशा चौधरी , पूर्व जिला पार्षद मथुरा यादव शामिल थे । अपार जनसमर्थन से गदगद पूर्व मंत्री राजबल्लभ प्रसाद ने कहा कि आज मैं सम्मान लेने नहीं बल्कि बुजुर्गो को सम्मान देने आया हूँ । उन्होंने अपने ऊपर किये गए कई मुकदमों के षड्यंत्रों को उजागर करते हुए स्पष्ट किया कि गंदे लोगों की मानसिकता केवल बेगुनाह लोगों को फंसा कर अपने काली करतूतों को जारी रखने की होती है । उन्होंने कहा कि मैं लालू जी का विरोध नहीं करता हूँ किन्तु जिन गन्दे लोगों से वे घिरे रहते है उसका प्रतिरोध तो डंके की चोट पर करूँगा । नवादा की राजनीति पर उन्होंने कहा कि अपने क्षेत्र में जो लोग अच्छा काम किये हैं मेरा समर्थन उन्ही को मिलेगा चाहे वो विभा देवी हों या प्रकाशवीर । मैं आपलोगों से संवाद करके और वस्तुस्थिति जानकर ही कोई निर्णय लूंगा । लगभग 40 मिनट के भाषण में उन्होंने तेजस्वी यादव से पूछे गए सवालों का भी जिक्र किया और कहा की अगर तेजस्वी जी जनवितरण समेत अन्य विभागों में भ्रष्टाचार खत्म करने का वादा करें तो मैं सांप छुछुंदर , गेहुमन करैत अजगर जिसको भी टिकट देंगे उसी को समर्थन कर देंगे । उन्होंने सम्मलेन के उत्तरार्द्ध में सैकड़ों बजुर्गो को शॉल और बुक्के देकर सम्मानित किया । सम्मेलन को शम्भू मालाकार , दीपू यादव , छोटेलाल यादव , रामलखन यादव , नंदकिशोर बाजपेयी , सुनील मुखिया समेत दर्जनों लोगों ने संबोधित किया ।

## भारतीय पुरुष हॉकी टीम ने हीरो एशिया कप राजगीर बिहार 2025 में कजाकिस्तान को हराया

***भारत के तीन खिलाड़ियों ने मैच में हैट्रिक लगाई**



**बिहारशरीफ/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** भारतीय पुरुष हॉकी टीम ने हीरो एशिया कप राजगीर बिहार 2025 के अपने अंतिम पूल ए मैच में गोलों की बरसात करते हुए कजाकिस्तान को 15-0 से हराया। इस दौरान भारत के तीन खिलाड़ियों ने हैट्रिक जमाई। राजगीर हॉकी स्टेडियम में खेले गए इस मुकाबले में भारत की ओर से अभिषेक (5, 8, 20, 59), सुखजीत सिंह (15, 32, 38) और जगराज सिंह (24, 31, 47) ने हैट्रिक पूरी की। वहीं कप्तान हरमनप्रीत सिंह (26), अमित रोहिदास (29), संजय (54), दिलप्रीत सिंह (55) और राजिंदर सिंह (32) भी गोल करने में सफल रहे। भारत पहले ही सुपर-4 चरण के लिए क्वालीफाई कर चुका था और तीनों मैच जीतकर पूल ए में शीर्ष स्थान पर रहा। जैसा अनुमान था, भारत ने आक्रामक शुरूआत की। कजाकिस्तान ने शुरूआती दबाव झेलने की कोशिश की, लेकिन 5वें मिनट में अभिषेक ने सर्कल के बाहर से जोरदार हिट लगाकर भारत को बढ़त दिलाई। 8वें मिनट में अभिषेक ने दूसरा गोल दागा। पहले क्वार्टर के अंत में कप्तान हरमनप्रीत का पेनल्टी कॉर्नर रोका गया, लेकिन तुरंत बाद अभिषेक ने सुखजीत (15) को असिस्ट किया और भारत 3-0 से आगे हो गया। दूसरे क्वार्टर में भारत का दबदबा जारी रहा। 20वें मिनट में अभिषेक ने शानदार कौशल दिखाते हुए अपनी हैट्रिक पूरी की। कजाकिस्तान को पेनल्टी कॉर्नर मिला, लेकिन भारतीय डिफेंस ने उसे विफल किया। 24वें मिनट में जगराज ने पेनल्टी कॉर्नर को गोल में बदला, फिर 26वें मिनट में कप्तान हरमनप्रीत ने भी स्कोर किया। 29वें मिनट में अमित रोहिदास ने गोल दागा। हाफ टाइम तक भारत 7-0 से आगे था। तीसरे क्वार्टर की शुरूआत भारत के लिए पेनल्टी स्ट्रोक से हुई, जिसे जगराज (31) ने गोल में बदला। अगले ही पल मंदीप की शानदार रन ने राजिंदर सिंह (32) को गोल करने का मौका दिया। इसके बाद सुखजीत (32) ने स्कोर 10-0 कर दिया। 38वें मिनट में सुखजीत ने अपनी हैट्रिक पूरी की। तीसरे क्वार्टर तक भारत 11-0 से आगे रहा।

चौथे क्वार्टर में जगराज (47) ने एक और पेनल्टी स्ट्रोक पर गोल किया। अंतिम मिनटों में संजय (54), दिलप्रीत (55) और अभिषेक (59) ने भी गोल दागे और भारत ने 15-0 से शानदार जीत दर्ज की।

**अन्य परिणाम**

कोरिया ने बांग्लादेश को 5-1 से हराया,
मलेशिया ने चीनी ताइपे को 15-0 से हराया,

## संयम धर्म की आराधना कर जैनियों ने लिया संयमित रहने का संकल्प

**आत्मानुशासन का बोध कराता है संयम धर्मः दीपक जैन**



**नवादा/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** आत्मशुद्धि का परम पावन महापर्व पर्युषण के छठे दिन मंगलवार को जैन धर्मावलंबियों ने पूरी श्रद्धा एवं भक्तिभाव के साथ दशलक्षण धर्म के षष्ठम स्वरूप उत्तम संयम धर्म की विशेष पूजा अर्चना की। नवादा जिला मुख्यालय स्थित भगवान महावीर के प्रथम शिष्य श्री गौतम गणधर स्वामी की निर्वाण स्थली श्री गुणावां जी दिगम्बर जैन सिद्ध क्षेत्र पर जैन श्रद्धालुओं ने प्रातःकालीन बेला में श्री जिनेंद्र प्रभु का पंचामृत अभिषेक व शांति धारा कर विश्वशांति एवं जीवमात्र के कल्याण के लिए मंगलकामना की। अनुष्ठान के दौरान श्रद्धालुओं ने देव शास्त्र गुरू पूजा, चौबीसी पूजा, सोलहकारण पूजा एवं दशलक्षण धर्म पूजा की। तत्पश्चात धर्म की षष्टम अवधारणा उत्तम संयम धर्म की विशेष आराधना करते हुये अपने व्यवहारिक जीवन में संयम धारण करने का संकल्प लिया।

**सुगंधदशमी पर्व पर धूप समर्पित कर किया अशुभ कर्मो का दहनः**

जैन धर्मावलबियों ने दशमी तिथि पर मंगलवार को सुगंधदशमी पर्व मनाया। इस अवसर पर सुगंधदशमी पूजन करने के उपरांत श्रद्धालुओं ने मंदिर के अंदर प्रतिष्ठित अपने अराध्यों की प्रतिमा के समक्ष रखे अग्निकुंड में धूप समर्पित कर अपने अशुभ कर्मों का दहन किया। परंपरागत आयोजित आज के इस अनुष्ठान में जैन समाज की लक्ष्मी जैन, खुशबू जैन, अभिषेक जैन, श्रुति जैन, श्रेया जैन, अशोक कुमार जैन, आकाश जैन, सुलोचना जैन व सोनी जैन सहित समाज के कई अन्य प्रतिनिधियों ने अपनी सक्रिय सहभागिता निभायी।

**आत्मानुशासन का बोध कराता है संयम धर्मः दीपक जैन**

उत्तम संयम धर्म पर प्रकाश डालते हुये जैन समाज के प्रतिनिधि दीपक जैन ने बताया कि संयम का अर्थ है स्वयं पर नियंत्रण रखना। जिसमें अपनी इच्छाओं, भावनाओं एवं शारीरिक गतिविधियों को नियंत्रित करना शामिल है। यह किसी भी सुख या आनंद देने वाली गतिविधि से स्वैच्छिक रूप से दूर रहने की स्थिति है। उन्होंने कहा कि संयम एक ऐसा महान गुण है, जो व्यक्ति के व्यक्तित्व को विकसित कर उसे बेहतर निर्णय लेने के योग्य बनाता है। दीपक जैन ने बताया कि संयम के विभिन्न पहलू हैं, जिनमें शारीरिक संयम के तहत व्यसनों व वासना पर नियंत्रण रखना, मानसिक व भावनात्मक संयम के तहत क्रोध व इच्छाओं पर नियंत्रण रखना एवं आध्यात्मिक संयम के तहत मन व इंद्रियों को वश में रख ध्यान व एकाग्रता का अभ्यास करना शामिल है।

## विकसित भारत के अमृत काल के तहत डाक मण्डल के द्वारा चौथे दिन स्कूली छात्र- छात्राओं नें ली जानकरी



**बिहारशरीफ/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** विकसित भारत का अमृत काल सेवा सुशासन गरीब कल्याण के 11 साल के पूरे होने के उपलक्ष्य पर केंद्रीय संचार ब्यूरो,सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय भारत सरकार पटना द्वारा स्थानीय श्रम कल्याण केंद्र के मैदान में आज चौथे दिन स्कूली छात्र छात्राओं की भारी भीड़ देखी गयी । जिसमें बच्चों नें चित्र प्रदर्शनी एवं काउंटरो पर घूम घूम कर ज्ञानवर्धक बातों एवं डाकघर की जानकरी ली। चित्र प्रदर्शनी सहित भारतीय डाक विभाग के सभी कल्याणकारी योजनाओं के काउंटर भीं पूर्व की भांति लगाए गए। आज चौथे दिन जिसमें डाक जीवन बीमा का 8 लाख का व्यवसाय, 26 पीस गंगा जल की बिक्री 37 आधार कार्य, 13 सुकन्या खाता खोला गया। स्थानीय लोगों में काफी उत्साह देखा गया एवं लोग बढ़ चढ़कर इस सेवा का लाभ ले रहे हैं।उक्त मौके पर कुंदन कुमार नें बताया की प्रधानमंत्री के कल्याणकारी योजनाओं को लोगों तक पहुंचाने के लिए डाक बिभाग के ये सभी काउंटर जिले के लोगों को अपनी सेवाएं दे रही है। जिससे लोगों को अधिक से अधिक लाभ मिल रहा हैं। इस मौके पर डाकपाल बिहारशरीफ मनीष आनंद, अमलेश कुमार मिथलेश कुमार,शैलेन्द्र कुमार, निरंजन कुमार, मुन्नू कुमार, सहित कई डाक कर्मचारी मौजूद थे।

## जिला क्रिकेट संघ राजेश मुरारी बने अध्यक्ष जबकि राकेश को संघ के सचिव की जिम्मेवारी





**नवादा/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** जिला क्रिकेट एसोसिएशन नवादा के नई कार्यकारिणी के गठन हेतु 12 8.2025 को जारी अधिसूचना के आलोक में मंगलवार को जिला क्रिकेट एसोसिएशन नवादा की आम सभा आयोजित हुई जिसमें बिहार क्रिकेट एसोसिएशन के प्रति नियुक्त पर्यवेक्षक संजय कुमार एवं निर्वाचन अधिकारी अधिवक्ता राकेश कुमार के द्वारा आगामी सत्र 2025 से20 28 के लिए अध्यक्ष राजेश कुमार मुरारी, उपाध्यक्ष पद पर रंजन कुमार सिन्हा ,सचिव पद पर राकेश कुमार, संयुक्त सचिव पद पर सुरेश यादव, कोषाध्यक्ष पद पर अभिषेक पांडे ,क्लब प्रतिनिधि के रूप में अरुण यादव, जबकि खिलाड़ियों के प्रतिनिधि के रूप में मनीष कुमार (गोविंद) एकल नामांकन के आधार पर निर्विरोध निर्वाचित हुए। इस आम सभा में भाग लेने के लिए जिला क्रिकेट संघ नवादा से पंजीकृत सभी पूर्णकालीन क्लबो के अध्यक्ष या सचिव उपस्थित रहे चुनाव में जिला क्रिकेट संघ नवादा के पदाधिकारी को बिहार क्रिकेट संघ से नियुक्त पर्यवेक्षक एवं चुनाव पदाधिकारी के द्वारा संयुक्त रूप से हस्ताक्षरित प्रमाण पत्र प्रदान किया गया ।जिला क्रिकेट संघ नवादा के नवनिर्वाचित पदाधिकारी के द्वारा नवादा जिले में क्रिकेट खिलाड़ियों की मूलभूत सुविधा उपलब्ध कराने तथा जिले में क्रिकेट के विकास करने का दृढ़ संकल्प किया गया ।इस दौरान इस वर्ष बिहार का प्रतिनिधित्व करने वाले खिलाड़ी दीपक कुमार, सुमन सौरभ, अनुराग कुमार, यीशु कुमार ,मुस्कान वर्मा तथा प्रिया राज को मोमेंटो एवं बुके देकर सम्मानित किया गया । आज संगठन के द्वारा आयोजित ए डिवीजन लीग मैचों के लिए चेयरमैन के रूप में राजेश कुमार जबकि बी डिवीजन लीग के चेयरमैन के रूप में निशांत कुमार तथा चैलेंजर ट्रॉफी क्रिकेट टूनार्मेंट के चेयरमैन बबलू कुमार वर्मा को बनाया गया। जबकि सीनियर सिलेक्शन कमिटी में सुभाष प्रसाद अध्यक्ष विकास कुमार को संयोजक बनाया गया तथा जूनियर सिलेक्शन कमेटी में श्याम देव कुमार को अध्यक्ष जबकि अजय कुमार को संयोजक बनाया गया। इस आम सभा में जिला क्रिकेट संघ के पूर्व अध्यक्ष किशोर कुमार रोहित, नि वर्तमान सचिव मनीष कुमार आनंद, रोशन कुमार, श्रवण कुमार सुधीर कुमार अमित कुमार, अमित नयन, रितेश कुमार मौजूद रहे।

## अंग्रेजी शराब के साथ धंधेबाज गिरफ्तार, बाइक जप्त

**रजौली/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** रजौली थाना क्षेत्र के बस स्टैंड से रजौली पुलिस ने शराब के साथ एक शराब धंधेबाज को गिरफ्तार कर लिया। साथ ही उसकी बाइक को भी जप्त कर ली। थानाध्यक्ष सह इंस्पेक्टर राजेश कुमार ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर रजौली पुलिस ने रजौली बस स्टैंड से 20.55 लीटर अंग्रेजी शराब के साथ शराब धंधेबाज को गिरफ्तार कर लिया गया। गिरफ्तार शराब धंधेबाज की पहचान रजौली थाना क्षेत्र के धमनी गांव निवासी विजय चौधरी के बेटे मनीष कुमार के रूप में की गई है। गिरफ्तार किए गए शराब धंधेबाज पर उत्पाद अधिनियम के तहत प्राथमिकी दर्ज कर ली गई। प्राथमिकी दर्ज करने के बाद मंगलवार को अनुमंडलीय अस्पताल रजौली में स्वास्थ्य जांच कराने के बाद उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

# पीएम की माता के अपमान के विरोध में गया में कैंडल मार्च, बिहार बंद का आह्वान

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गया।** कांग्रेस और राजद नेताओं द्वारा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की माता के प्रति आपत्तिजनक भाषा प्रयोग किए जाने के विरोध में भारतीय जनता पार्टी ने तीखी प्रतिक्रिया दी है। भाजपा ने इसे न केवल प्रधानमंत्री का अपमान, बल्कि भारतीय संस्कृति और मातृशक्ति की गरिमा पर हमला बताया है। इसी विरोध में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन ने 4 सितम्बर को बिहार बंद का आह्वान किया है। इसके पूर्व 3 सितम्बर को गया शहर में विशाल जन आक्रोश कैंडल मार्च निकाला जाएगा। यह मार्च शाम 5 बजे आजाद पार्क से शुरू होकर गांधी चौक तक जाएगा। भाजपा गया विधानसभा की बैठक में सहकारिता मंत्री प्रेम कुमार ने कहा कि राजद और कांग्रेस ने मातृशक्ति का अपमान कर अपनी संस्कृति और संस्कार का परिचय दिया है। उन्होंने कहा कि बिहार की जनता इसका जवाब लोकतांत्रिक तरीके से देगी और आने वाले चुनाव में इन दलों को सबक सिखाएगी। भाजपा ने आम नागरिकों से आह्वान किया है कि वे बड़ी संख्या में कैंडल मार्च में शामिल होकर मां की गरिमा और प्रधानमंत्री के सम्मान की रक्षा में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करें। बैठक में जिला उपाध्यक्ष विकास कुमार, जिला महामंत्री अशोक कुमार, दक्षिणी मंडल अध्यक्ष धनंजय कुमार धीरू, मध्य मंडल अध्यक्ष मनीष कुमार सोनू, पश्चिमी मंडल अध्यक्ष हरि यादव, उत्तरी मंडल अध्यक्ष राजेश मस्तान, अल्पसंख्यक मोर्चा अध्यक्ष रौनक सेठ, ओबीसी मोर्चा अध्यक्ष कृष्णा साहू, किसान मोर्चा अध्यक्ष शंभू यादव, महिला मोर्चा अध्यक्ष करुना सिंह सहित अनेक पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## भाजपा ने गया में खराब मोबाइल नेटवर्क सेवा पर जिला प्रशासन को दिया ज्ञापन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गया।** भारतीय जनता पार्टी, गया जिला इकाई ने मंगलवार को जिला पदाधिकारी को ज्ञापन सौंपकर एयरटेल, जिओ, बीएसएनएल और अन्य टेलीकॉम कंपनियों की खराब नेटवर्क सेवा और कॉल ड्रॉप की समस्या पर तत्काल संज्ञान लेने की मांग की। भाजपा जिला उपाध्यक्ष विकास कुमार ने बताया कि गया जो ऐतिहासिक, धार्मिक और पर्यटन की दृष्टि से अंतरराष्ट्रीय पहचान रखने वाला शहर है। वहां पिछले कई महीनों से मोबाइल नेटवर्क सेवाओं की स्थिति अत्यंत दयनीय है। कॉल ड्रॉप, धीमी इंटरनेट गति और बार-बार नेटवर्क गायब होने के कारण आम जनता, छात्र, व्यापारी, शिक्षक और देश-विदेश से आने वाले पर्यटक भी परेशान हैं। मंडल अध्यक्ष धनंजय कुमार धीरू, मनीष कुमार सोनू, हरि यादव, सूरज राणा, राजेश कुमार मस्तान और गुंजन मिश्रा ने कहा कि यह स्थिति डिजिटल अर्थव्यवस्था और कंपनियों की विश्वसनीयता पर प्रतिकूल असर डाल रही है और प्रधानमंत्री के डिजिटल इंडिया के सपने को साकार करने में बाधा बन रही है। ज्ञापन में भाजपा जिला इकाई ने मांग की कि संबंधित टेलीकॉम कंपनियों को गया में अविलंब नेटवर्क सुधारने का निर्देश दिया जाए, कॉल ड्रॉप और इंटरनेट गति की गुणवत्ता की विशेष तकनीकी जांच करवाई जाए, उपभोक्ताओं को हो रही असुविधा और राजस्व हानि को देखते हुए कंपनियों पर दंडात्मक कार्रवाई की जाए और गया में अतिरिक्त मोबाइल टावर तथा तकनीकी संसाधनों की स्थापना कर सेवाओं को सुदृढ़ किया जाए। भाजपा जिला इकाई ने उम्मीद जताई कि जिला प्रशासन इस जनहित के मुद्दे को गंभीरता से लेते हुए शीघ्र आवश्यक कदम उठाएगा, ताकि गया की जनता और यहां आने वाले पर्यटकों को बेहतर संचार सुविधा उपलब्ध हो सके।

# नुक्कड़ नाटक से अगस्त क्रांति की याद, सात शहीदों को नमन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**




**बोधगया।** मगध विश्वविद्यालय के राष्ट्रीय शिक्षा नीति प्रकोष्ठ और आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ के संयुक्त तत्वावधान में मंगलवार को अगस्त क्रांति की वर्षगांठ पर नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया गया। यह नाटक विश्वविद्यालय मुख्य द्वार पर अपराह्न दो बजे प्रस्तुत किया गया। छात्रों ने इस नाटक के माध्यम से 1942 के भारत छोड़ो आंदोलन में शहादत देने वाले बिहार के सात अमर सेनानियों–जगत्पति कुमार, रामानंद सिंह, उमाकान्त प्रसाद सिन्हा, देवीपदा चौधरी, राम गोविंद सिंह, सतीश प्रसाद झा और राजेन्द्र सिंह–के बलिदान को याद किया। नाटक ने दिखाया कि किस प्रकार इन वीरों ने अंग्रेज़ी शासन के खिलाफ प्राणों की आहुति देकर स्वतंत्रता संग्राम को नई ऊर्जा दी। नाटक में शिक्षा विभाग के आशीष शंकर, विवेक कुमार और सौरभ कुमार, संस्कृत विभाग के विपिन कुमार और बादल कुमार, हिंदी विभाग के दीपक कुमार, चंदन कुमार, अभिषेक कुमार और अमरजीत कुमार, लोक प्रशासन विभाग के सत्य प्रकाश, गणित विभाग के प्रियांशु कुमार, प्रबंधन विभाग के शिव कुमार, वनस्पति विभाग के मोहित कुमार अग्रवाल ने भाग लिया। कार्यक्रम के सफल आयोजन में सारथी समन्वयक डॉ. एकता वर्मा की विशेष भूमिका रही। इस अवसर पर आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ के समन्वयक प्रो. मुकेश कुमार, राष्ट्रीय शिक्षा नीति प्रकोष्ठ की समन्वयक डॉ. प्रियंका सिंह, डॉ. दिव्या मिश्रा और डॉ. कविता कुमारी सहित बड़ी संख्या में शिक्षक, कर्मचारी और विद्यार्थी उपस्थित रहे।

## प्रखण्ड प्रमुख की अध्यक्षता में पंचायत समिति की बैठक

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**टिकारी।** प्रखण्ड कार्यालय सभागार में पंचायत समिति की सामान्य बैठक की गई। प्रखण्ड प्रमुख ललिता देवी की अध्यक्षता में आहूत बैठक में बारी-बारी से सभी विभागों के कार्य की समीक्षा की गई। सदस्यों ने अपने-अपने क्षेत्र के विद्यालय में होने वाली गतिविधि की जानकारी देने का मुद्दा उठाया। सदस्यों ने कहा कि क्षेत्र में संचालित विद्यालय में छात्रों के हित में सरकार द्वारा क्या-क्या कार्य किये जा रहे हैं इसकी जानकारी विद्यालय प्रधान द्वारा नहीं दी जाती है। बैठक मौजूद शिक्षा विभाग के अधिकारी ने छात्रों के हित में किये जा रहे कार्यों की विस्तृत रिपोर्ट सौंपा व आगामी होने वाले कार्यक्रमों की जानकारी देने की बात कही।

## बिजली चोरी पर कार्रवाई, गौतम कुमार पर 2.30 लाख का जुर्माना

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कोंच।** प्रखंड में बिजली चोरी रोकने के लिए विशेष अभियान चलाया गया। दिघी गांव में की गई छापेमारी में स्थानीय निवासी गौतम कुमार को अवैध रूप से बिजली का उपयोग करते हुए पकड़ा गया। गौतम कुमार के पिता का नाम राम नारायण शर्मा है। मौके पर मीटर जांच और तकनीकी परीक्षण के बाद विभाग ने 2,30,587 रुपए का जुर्माना लगाया। मंगलवार सुबह सहायक विद्युत अभियंता विशाल कुमार चौधरी की शिकायत पर कोंच थाने में केस नंबर 439/25 दर्ज किया गया। विभाग के अधिकारियों ने कहा कि बिजली चोरी से राजस्व का नुकसान होता है। इससे ईमानदार उपभोक्ताओं पर अतिरिक्त बोझ पड़ता है। विभाग ने स्पष्ट किया कि अब अवैध कनेक्शन और बिजली चोरी किसी भी हालत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। नियमित अभियान के तहत ऐसे मामलों पर कार्रवाई की जाएगी। अधिकारियों ने उपभोक्ताओं से समय पर बिल जमा करने और बिजली का वैध उपयोग करने की अपील की है। छापेमारी के दौरान विद्युत कनिष्ठ अभियंता विकास कुमार, रंजीत कुमार और राजेश कुमार मौजूद थे।

## मगध विश्वविद्यालय की छात्राओं ने राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में प्राप्त की सफलता

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**




**गयाजी।** मगध विश्वविद्यालय के अंतर्गत टेकारी स्थित एसएमएस कॉलेज की छात्राओं ने राज्य स्तरीय रेड रन मैराथन प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर विश्वविद्यालय और जिले का नाम रोशन किया। बिहार एड्स नियंत्रण समिति, पटना द्वारा आयोजित इस प्रतियोगिता में स्वीटी कुमारी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया जबकि अंशु कुमारी ने दूसरा स्थान हासिल किया। अब दोनों छात्राएं 30 अक्तूबर को नागालैंड के दीमापुर में होने वाली राष्ट्रीय प्रतियोगिता में बिहार का प्रतिनिधित्व करेंगी। प्रतियोगिता में बिहार के 38 जिलों से विभिन्न विश्वविद्यालयों के 228 विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया था। इनमें से छह प्रतिभागियों का चयन राष्ट्रीय स्तर के लिए किया गया जिनमें शीर्ष दो स्थान मगध विश्वविद्यालय की छात्राओं ने अपने नाम किए। राज्य सरकार की ओर से स्वीटी कुमारी को प्रथम स्थान के लिए दस हजार रुपये और अंशु कुमारी को द्वितीय स्थान के लिए साढ़े सात हजार रुपये का पुरस्कार प्रदान किया गया। गया के जिला नोडल पदाधिकारी डॉ. धर्मेंद्र कुमार ने विश्वविद्यालय दल का नेतृत्व किया और छात्राओं को सफलता तक पहुंचाने में अहम भूमिका निभाई। स्वीटी और अंशु की उपलब्धि ने न केवल कॉलेज और विश्वविद्यालय का गौरव बढ़ाया है, बल्कि गया के युवाओं की प्रतिभा को भी राज्य स्तर पर पहचान दिलाई है।

## मगध विश्वविद्यालय में परामर्श पाठ्यक्रम का दीक्षारंभ



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बोधगया।** मगध विश्वविद्यालय के मनोविज्ञान विभाग में सत्र 2025-26 के लिए परामर्श और मार्गदर्शन में स्नातकोत्तर डिप्लोमा का दीक्षारंभ समारोह हर्षोल्लास के साथ आयोजित किया गया। इस अवसर पर विभागाध्यक्ष प्रोफेसर सुनीति सुमन ने नवप्रवेशी विद्यार्थियों का स्वागत करते हुए पाठ्यक्रम की उपयोगिता और महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि यह डिप्लोमा विद्यार्थियों को शैक्षिक, सामाजिक और व्यावसायिक चुनौतियों से निपटने में सक्षम बनाएगा। विभाग के प्राध्यापक डॉ. मीनाक्षी, डॉ. प्रगति चतुर्वेदी, डॉ. प्रभात रंजन, डॉ. रविन्द्र सिंह और डॉ. हिमालय तिवारी भी उपस्थित रहे। सभी ने अपने विचार साझा किए और विद्यार्थियों को परामर्श क्षेत्र में उपलब्ध अवसरों और संभावनाओं की जानकारी दी। कोर्स संयोजक डॉ. मीनाक्षी ने बताया कि एक वर्षीय डिप्लोमा पाठ्यक्रम की सभी 40 सीटों पर नामांकन पूर्ण हो चुका है। उन्होंने जानकारी दी कि पहले यह पाठ्यक्रम काउंसलिंग और पुनर्वास में स्नातकोत्तर डिप्लोमा नाम से संचालित होता था। यह रोजगारोन्मुखी कार्यक्रम विद्यार्थियों को विद्यालयों, महाविद्यालयों, स्वैच्छिक संस्थाओं और विभिन्न संस्थानों में परामर्शदाता के रूप में कार्य करने के लिए तैयार करता है।

**शपथ पत्र**

मैं शंकराचार्य सिंह उर्फ सोनू कुमार पिता स्व. राजनन्दन सिंह, ग्राम-बरैलीचक, पो.-हसपुरा, थाना-हसपुरा, जिला-औरंगाबाद (बिहार) शपथपूर्वक बयान करता हूं कि मैं उपरोक्त पते का स्थायी निवासी हूं। मेरी माता का नाम उषा देवी है। आधार कार्ड में मेरा नाम शंकराचार्य सिंह दर्ज है जिसका आधार नं. 6785 9557 1695 है। मेरा पंजाब नेशनल बैंक शाखा हसपुरा में मेरे नाम से खाता है जिसमें मेरा नाम शंकराचार्य सिंह दर्ज है जिसका खाता नं. 2006000100434754 है। मेरे नाम से भारतीय जीवन बीमा निगम शाखा में एक पालिसी है जिसमें मेरा नाम सोनू कुमार दर्ज है जिसका पालिसी नं. 514904075 है। शंकराचार्य सिंह और सोनू कुमार दोनों नाम मेरा ही है तथा इस नाम के मेरे गांव में मेरे अलावा अन्य कोई दूसरा व्यक्ति नहीं है।

मैं पुनः घोषणा करता हूं कि शपथ पत्र में वर्णित सारी बातें मेरी व्यक्तिगत जानकारी में सही व सत्य है। शपथ पत्र सं. 16526 दिनांक 13.08.25

**शपथकर्ता**
**शंकराचार्य सिंह**
**उर्फ सोनू कुमार**

## बरई गांव दुष्कर्म व हत्याकांड का आरोपित मनोज चौधरी गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**कोंच।** आंती थाना क्षेत्र के बरई गांव दुष्कर्म व हत्याकांड मामले में फरार चल रहा आरोपी मनोज चौधरी को पुलिस ने कार्रवाई करते हुए गिरफ्तार कर लिया।

पुलिस ने वजीरगंज में आरोपी के साढू के घर छापेमारी की और उसे दबोच लिया। गिरफ्तारी के बाद पुलिस ने राहत की सांस ली और आरोपी को मंगलवार को शाम 5 बजे जेल भेज दिया गया। आंती थानाध्यक्ष रंजीत कुमार ने बताया कि घटना के बाद से ही मनोज फरार था और लगातार ठिकाने बदलकर पुलिस को चकमा दे रहा था। गुप्त सूचना के आधार पर हुई कार्रवाई में आखिरकार वह पुलिस के हत्थे चढ़ गया। इससे पहले इस कांड में शामिल दो अन्य आरोपियों को भी पुलिस गिरफ्तार कर जेल भेज चुकी है। बरई गांव की इस जघन्य घटना को लेकर इलाके में व्यापक आक्रोश और राजनीतिक सरगर्मी बनी हुई थी। लगातार हो रही छापेमारी और गिरफ्तारी की मांग को देखते हुए पुलिस प्रशासन दबाव में था। मनोज की गिरफ्तारी के बाद ग्रामीणों व पीड़ित परिवार ने संतोष व्यक्त किया है और उम्मीद जताई है कि सभी आरोपियों को जल्द कड़ी सजा मिलेगी।

## मगध विश्वविद्यालय में सेवानिवृत्त कर्मचारियों का सम्मान समारोह

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बोधगया।** मगध विश्वविद्यालय कर्मचारी संघ द्वारा दो सितंबर को सेवानिवृत्त कर्मचारियों गणेश चंद्र अकेला और सुरेश शाह के लिए विदाई समारोह आयोजित किया गया। दोनों कर्मचारी 31 अगस्त 2025 को विश्वविद्यालय सेवा से मुक्त हुए। समारोह में कुलानुशासक डॉ. उपेंद्र कुमार, सीसीडीसी डॉ. संजय तिवारी, कर्मचारी संघ के अध्यक्ष सुबोध कुमार, महासचिव दीपक कुमार, कोषाध्यक्ष विकास रंजन वर्णवाल, उपाध्यक्ष रामरूप राम, संयुक्त सचिव प्रमोद कुमार, सहायक सचिव रंजीत कुमार तथा कार्यकारिणी सदस्य रामाशीष मिस्त्री, रमन कुमार सिंह और राम कुमार राम सहित सैकड़ों कर्मचारी मौजूद रहे। कर्मचारी संघ की ओर से सेवानिवृत्त कर्मचारियों को बैग, शाल, माला और मिठाई भेंट कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर उनके उज्ज्वल भविष्य और दीर्घायु की कामना की गई। कर्मचारी संघ के अध्यक्ष सुबोध कुमार ने कहा कि विश्वविद्यालय प्रशासन सेवानिवृत्त कर्मचारियों को सेवानिवृत्ति लाभ उपलब्ध कराने में किसी कठिनाई का सामना नहीं करने देता, यह प्रशंसनीय है।

## मगध विश्वविद्यालय में अंग्रेजी स्नातकोत्तर विद्यार्थियों का विदाई समारोह



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बोधगया।** मगध विश्वविद्यालय के अंग्रेजी स्नातकोत्तर विभाग में 2022-24 सत्र के विद्यार्थियों का विदाई समारोह उत्साह और आत्मीयता के साथ आयोजित किया गया। यह अवसर भावनाओं, मित्रताओं और साझा स्मृतियों से भरपूर रहा। समारोह की शुरुआत सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से हुई। विदाई लेने वाले विद्यार्थियों ने एकल गीत, नृत्य और सामूहिक प्रस्तुति देकर अपनी प्रतिभा का मनमोहक प्रदर्शन किया। इन प्रस्तुतियों ने उपस्थित सभी को रोमांचित किया और आनंद से भर दिया। विभागाध्यक्ष प्रोफेसर नीरज कुमार ने विद्यार्थियों को प्रेरणादायी संदेश देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि विद्यार्थी जीवन केवल परीक्षा तक सीमित नहीं होता, बल्कि यह आगे बढ़ने की निरंतर प्रक्रिया का आधार है। इस अवसर पर प्रोफेसर सुशील कुमार तथा सहायक प्राध्यापक संजय कुमार, इफ्फत साहीन और सगुन सिंह ने भी अपने विचार व्यक्त किए। उन्होंने विद्यार्थियों को जीवन में परिश्रम, विनम्रता और सत्यनिष्ठा जैसे मूल्यों को अपनाने की प्रेरणा दी।

## अनुग्रह मेमोरियल कॉलेज गया में इंडक्शन मीट का आयोजन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**




**गया।** आज अनुग्रह मेमोरियल कॉलेज गया के बीएड विभाग में सत्र 2025-27 के छात्र-आध्यापक, छात्र-अध्यापिकाओं के दीक्षारम्भ (इंडक्शन मीट) का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कॉलेज के प्राचार्य डॉ मो नजीर अख्तर एवं बीएड विभाग के विभागअध्यक्ष डॉ मानिक मोहन शुक्ला तथा अन्य शिक्षकों ने मां सरस्वती की तस्वीर पर माल्यार्पण कर एवं दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। द्वितीय वर्ष की छात्राओं ने सरस्वती वंदना एवं मगध विश्वविद्यालय के गौरव गान के पश्चात नव आगंतुक छात्राओं की स्वागत में स्वागत गान प्रस्तुत की। बीएड विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ मानिक मोहन शुक्ला ने सभी अतिथियों को पुष्प गुच्छ, अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया।

प्राचार्य ने कहा कि यह सौभाग्य की बात है कि आपका नामांकन इस कॉलेज में हुआ है। शिक्षक राष्ट्र निर्माता होता है। उनसे बहुत अपेक्षाएं हैं। आपको आने वाले समय में कई चुनौतियों का सामना करना पड़ेगा। आपको उन चुनौतियों से डटकर सामना कर समाधान करना होगा। अच्छा शिक्षक वही होता है जो चरित्रवान, कर्मठ, परोपकारी, ज्ञानवान के साथ अपने अपने विषय की पकड़ हो। रसायन विभाग के विभाग अध्यक्ष- सह महिला छात्रावास अधीक्षिका डॉ निधि त्रिपाठी ने कहा कि छात्राओं के लिए छात्रावास सुविधा उपलब्ध है जो बाहर की छात्र हैं वह इसका लाभ ले सकती है।

## अफसर प्रशिक्षण अकादमी, गया अपनी 27वीं पासिंग आउट परेड के लिए तैयार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**गया जी।** अफसर प्रशिक्षण अकादमी ओटीए गया 6 सितंबर को अपनी 27वीं पासिंग आउट परेड आयोजित करने के लिए तैयार है, जो शॉर्ट सर्विस कमीशन, टेक्निकल एंट्री पुरुष - 63वें कोर्स के 184 ऑफिसर कैडेट्स और शॉर्ट सर्विस कमीशन, टेक्निकल एंट्री महिला - 34वें कोर्स के 23 ऑफिसर कैडेट्स के कठिन प्रशिक्षण के समापन का प्रतीक है। इस महत्वपूर्ण अवसर को भव्य बनाने के लिए अकादमी ने अपनी प्रतिष्ठित सैन्य प्रशिक्षण संस्थान की ख्याति के अनुरूप कई आयोजनों की परिशुद्ध योजना बनाई है। दो दिवसीय उत्सव में गौरव पदक सम्मान समारोह, पासिंग आउट परेड, पिपिंग समारोह और शपथ ग्रहण समारोह जैसे प्रमुख आयोजन शामिल होंगे।

**e-Procurement Cell**
**OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER,**
**BUILDING CONSTRUCTION DEPARTMENT,**
**BUILDING DIVISION, GARHWA.Email Id-eengbcdgarhwa-jhr@nic.in**

**VERY SHORT TERM E- QUOTATION INVITATION NOTICE**
**Quotation Reference No: BCD/GARHWA -16/2025-26**

Sealed Quotations are invited for the work **(1) PROPOSED SETTING UP OF HOSPITAL CENTRAL LAB COMPLEX AT SADAR HOSPITAL, GARHWA, JHARKHAND** for all Materials from Reputed Shop Keepers/Manufacturers/Suppliers/Retailers/Distributors/ Aluminum Work and Registered B.C.D. Contractors for following items. They should quote their rates for unit mentioned in the table, If they do not deals all of the below mentioned items then they are allowed to quote their rate for part of the items which ever they deals. The rates should be exclusive of all types of Taxes, GST, Contractor's Profit and overhead charges etc. but inclusive of Royalty. All Rates should be exclusive of Labour Cess.

**Terms and Condition**
1. The quotationer shall furnish Pan, GST registration no.
2. The rate quoted by quotationer shall be firm and final.
3. The undersigned reserves the right to accept or reject/cancel any or all quotations without assigning any reason thereof.

नोटः–1.वेबसाईट में ई–कोटशन प्रकाशन की तिथिः 08.09.2025 के अपराह्न 3:30 बजे।
2.वेबसाईट में ई–कोटेशन अपलोड की अंतिम तिथिः 15.09.2025 के अपराह्न 1:00 बजे तक।
3.ई–कोटेशन खोलने की तिथि एवं समयः 16.09.2025 अपराह्न 3:30 बजे। (अधीक्षण अभियंता, भवन निर्माण विभाग, भवन अंचल सं0–02, राँची)
4.ई–कोटेशन आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पताः कार्यपालक अभियंता, भवन निर्माण विभाग, गढ़वा।
5.ई–कोटेशन प्रकोष्ठ का दूरभाष सं0: 9955921643
6.कोटेशनदाता को यू–केन रजिस्ट्रिेशन की फोटोकॉपी अपलोड करना अनिवार्य है।
नोटः जो कोटेशनदाता अधीक्षण अभियंता, भवन निर्माण विभाग, भवन अंचल सं0–02, राँची के कार्यालय में हार्ड कॉपी जमा करेंगे उन्ही का रेट खोला जायेगा।

अन्य किसी जानकारी के लिए वेबसाईट **http://jharkhandtenders.gov.in** पर देखा जा सकता है।

**कार्यपालक अभियंता,**
भवन निर्माण विभाग,भवन प्रमण्डल, गढ़वा

PR 361051 (Building)25-26*D

**बिहार सरकार**

**नगर विकास एवं आवास विभाग**
**कार्यपालक पदाधिकारी का कार्यालय, नगर परिषद औरंगाबाद**
**अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना संख्या–10/2025–26 (E.T.)**
(E-Tendering On website- eproc2.bihar.gov.in)

1. विज्ञापन दाता का नाम एवं पता : कार्यपालक पदाधिकारी का कार्यालय, नगर परिषद् औरंगाबाद
2. निविदा आमंत्रण सूचना निर्गत की तिथि : दिनांक–01.09.2025
3. निविदा अपलोड करने की प्रारंभ तिथि/समय : दिनांक–16.09.2025 को 10:00 AM से (on website- eproc2.bihar.gov.in)
4. संवेदक द्वारा निविदा अपलोड करने की अंतिम तिथि/समय : दिनांक–23.09.2025 को 3:00 PM तक (on website-eproc2.bihar.gov.in)
5. अग्रधन सभी मूल शपथ पत्र, Existing Commitment एवं परिमाण विपत्र के मूल्य बैंक गारंटी जमा करने की अंतिम तिथि/समय एवं स्थान : दिनांक–24.09.2025 को 1:00 PM तक **कार्यपालक पदाधिकारी का कार्यालय, नगर परिषद्,औरंगाबाद** **कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, नगर विकास प्रमण्डल औरंगाबाद**
6. तकनीकी/वितीय बीड खोलने की तिथि/समय : दिनांक–26.09.2025 को 3:00 PM से। (on website-eproc2.bihar.gov.in)
7. वित्तीय बीड खोलने की तिथि/समय : तकनीकी बीड के निर्णय के उपरांत
8. कार्य का विवरण :–

| कार्य सं0 | ग्रुप संख्या | कार्य का नाम | परिमाण विपत्र की राशि | अग्रधन की राशि (बैंक गारंटी) | परिमाण विपत्र का मूल्य (Through online payment) | Bid Processing Fee (Through online payment) (अप्रत्यर्पणीय) (रु० में) | कार्य की समाप्ति अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1 | G-01/ 25-26 | नगर परिषद औरंगाबाद क्षेत्रान्तर्गत शाहपुर राकेश कुमार सिंह, पप्पु के बाउण्ड्री के बगल से इंडिया गेट होते बिन्दु आरा मशीन टिकरी रोड तक पथ एंव आर0सी0सी0 नाला तथा आर0सी0सी0 स्लैब निर्माण कार्य। | 13053671.00 | 261100.00 | 10000 | As Per EPROC2 | 4 माह |
| 2 | G-02/ 25-26 | न्यू बाल बिहार स्कूल से लेकर मिशन स्कूल होते हुए साई अपार्टमेन्ट तक पी0सी0सी0 पथ निर्माण कार्य। | 6404245.00 | 128100.00 | 10000 | As Per EPROC2 | 4 माह |
| 3 | G-03/ 25-26 | नगर परिषद औरंगाबाद अन्तर्गत पुरानी जी0टी0 रोड जमा मस्जिद से टिकरी मोड तक पेवर्स ब्लॉक पथ निर्माण। | 5127246.00 | 102600.00 | 10000 | As Per EPROC2 | 4 माह |
| 4 | G-04/ 25-26 | नगर परिषद औरंगाबाद अन्तर्गत टिकरी रोड बसंत जी के बोरिंग से योद्धा नगर तक पेवर्स ब्लॉक पथ निर्माण। | 6940937.00 | 138900.00 | 10000 | As Per EPROC2 | 4 माह |
| 5 | G-05/ 25-26 | NH139 डालटेनगंज रोड से गायत्री मंदिर होते हुए न्यू बाल बिहार स्कूल तक पी0सी0सी0 पथ निर्माण कार्य। | 6557989.00 | 131200.00 | 10000 | As Per EPROC2 | 4 माह |
| 6 | G-06/ 25-26 | नगर परिषद औरंगाबाद अन्तर्गत ईमली के पेड़ से नावाडीह प्राथमिक विद्यालय होते कुशवाहा नगर पथ में रिसॉट तक पी0सी0सी0 पथ निर्माण। | 7846145.00 | 157000.00 | 10000 | As Per EPROC2 | 4 माह |

9. विस्तृत निविदा आमंत्रण सूचना विभागीय वेबसाईट eproc2.bihar.gov.in अथवा **www.state.bihar.gov.in/prdbihar** में देखा जा सकता हैं।

PR. No. 013522 (B&C) 25-26

**कार्यपालक पदाधिकारी**
**नगर परिषद् औरंगाबाद**

नशामुक्त हो जाए बिहार, सुरक्षित रहे घर परिवार।

संपादकीय

# ट्रंप की भारत से नाराजी की वजह!

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप भारत और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से इतने खफा क्यों हैं, इसके पीछे के कारण का जो खुलासा वहां के अखबार 'न्यूयॉर्क टाइम्स' ने किया है, वह चौंकाने की बजाए हास्यास्पद ज्यादा है। अखबार के मुताबिक ट्रंप ऑपरेशन सिंदूर के बाद पाकिस्तान व भारत के बीच संघर्ष को रूकवाने का श्रेय लेना चाहते थे कि पाकिस्तान की तरह भारत भी उन्हें नोबेल प्राइज के लिए नामांकित करे। भारत ट्रंप के इरादों को भांप गया था। उसने न केवल संघर्ष विराम कराने के ट्रंप के दावों को खारिज किया बल्कि नोबेल पुरस्कार के लिए नामांकित करने की अपेक्षा को भी रद्दी की टोकरी में डाल दिया। शायद इसी वजह से ट्रंप नाराज हैं और मनमानी किए जा रहे हैं। अखबार के मुताबिक ट्रंप का भारत के प्रति रवैया 17 जून के एक फोन के बाद कठोर होता चला गया। 17 जून को जब भारत और पाकिस्तान के बीच संघर्ष पूरी तरह रुक चुका था तब अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप ने भारत के प्रधानमंत्री को फोन किया। इस फोन में उन्होंने दावा किया कि वह दोनों देशों के बीच सैन्य संघर्ष खत्म कराने के लिए गौरवान्वित हैं। उन्होंने यह भी कहा कि पाकिस्तान उन्हें नोबेल शांति पुरस्कार के लिए नामित करने वाला है। एनवाईटी के मुताबिक, यह पीएम मोदी को सीधा इशारा था कि वह भी ऐसा ही करें। अखबार ने इस फोन कॉल की जानकारी रखने वालों के हवाले से दावा किया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इससे बिल्कुल सहमत नहीं थे। उन्होंने ट्रंप से साफ शब्दों में कहा कि भारत और पाकिस्तान के बीच हुए हालिया संघर्ष विराम में अमेरिका की कोई भूमिका नहीं रही। यह भारत और पाकिस्तान के बीच आपसी बातचीत के बाद हुआ है। ट्रंप ने प्रधानमंत्री मोदी की टिप्पणी को नजरअंदाज करने की कोशिश की। हालांकि, भारतीय पीएम की तरफ से जताई गई असहमति और नोबेल शांति पुरस्कार के मामले में कुछ न कहना, दोनों नेताओं के रिश्तों में खटास पैदा कर गया। रिपोर्ट में दावा किया गया है कि इस फोन कॉल पर उसकी रिपोर्ट अमेरिका से लेकर भारत तक दर्जन भर अधिकारियों से बातचीत के आधार पर तैयार की गई है। इनमें से अधिकतर लोगों ने अपने नामों का खुलासा न करने की शर्त पर अखबार से बात की, क्योंकि डोनाल्ड ट्रंप अमेरिका के सबसे अहम साझेदार के साथ रिश्ते खराब करने की कोशिश में जुटे हैं। इसके अलावा कुछ और भी कारण हैं, जिनकी वजह से ट्रंप और मोदी के रिश्ते बिगड़े। ये हैं अमेरिका में रहने वाले भारतीयों के निर्वासन व एच एन बी वीजा की समीक्षा का मामला, ट्रंप द्वारा वाशिंगटन आने के न्यौते से मोदी का इंकार, अतिरिक्त टैरिफ लगाने के मुद्दे पर भारत द्वारा समझौते की पहल न करना, व्यापार समझौते के लिए मोदी द्वारा ट्रंप का फोन न उठाना शामिल है। इस बीच भारत अपनी विदेश नीति की फिर से समीक्षा करके रूस,चीन, भारत गठजोड़ को मजबूत करने में लग गया है। अमेरिका को इससे भी मिर्ची लगी है। संदेश साफ है कि अमेरिका भारत और पाकिस्तान को एक तराजू में न तौले और ट्रंप फोकट का श्रेय न लें। जहां तक नोबेल प्राइज के लिए ट्रंप के नामांकन का सवाल है तो उन्होंने ऐसा किया ही क्या है कि भारत उन्हें विश्व के इस सबसे बड़े पुरस्कार के लिए नामांकित करे। वो केवल धमकियां देने का काम कर रहे हैं। नोबेल पुरस्कार इस योग्यता के लिए तो नहीं मिलता। इस बीच यह खबर भी आई है भारत से चिढ़े ट्रंप इस साल भारत में होने वाले क्वाड सम्मेलन में भाग लेने नहीं आएंगे। अमेरिका याद रखे कि यदि भारत क्वाड में निष्क्रिय हुआ तो उसकी कोई अहमियत नहीं रह जाएगी।

# भारत का आर्थिक मंथन और विकास का अमृत



**हरदीप एस. पुरी**

भारतीय सभ्यता में अरसे से यह मान्यता रही है कि कामयाबी से पहले परीक्षा होती है। समुद्र मंथन, जहां मथने की प्रकिया से अमृत निकला था, इसी तरह हमारे आर्थिक मंथन ने भी हमेशा ही नवीनता का मार्ग प्रशस्त किया है। वर्ष1991 के संकट से जहां उदारीकरण का जन्म हुआ; वहीं महामारी से डिजिटल उपयोग तेज हुआ। और आज, भारत को एक ÷मृत अर्थव्यवस्था÷ कहने वाले संशयवादियों के शोर-शराबे के बीच - तीव्र विकास, मजबूत बफर, और व्यापक अवसर - की एक तथ्यपरक कहानी उभर कर सामने आई है।

जीडीपी के ताजा आंकड़ों पर जरा गौर करें। वित्तीय वर्ष 2025-26 की पहली तिमाही में वास्तविक जीडीपी 7.8 प्रतिशत की दर से बढ़ी। यह वृद्धि दर पिछली पांच तिमाहियों में सबसे अधिक है। महत्वपूर्ण बात यह है कि यह वृद्धि व्यापक है- सकल मूल्य वर्धन (जीवीए) 7.6 प्रतिशत बढ़ा है, जिसमें मैन्यूफैक्चरिंग 7.7 प्रतिशत, निर्माण 7.6 प्रतिशत और सेवा क्षेत्र लगभग 9.3 प्रतिशत बढ़ा है। नॉमिनल जीडीपी में 8.8 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। यह कोई मनमाने तरीके से बताई गई तेजी नहीं है। यह बढ़ते उपभोग, मजबूत निवेश और निरंतर सार्वजनिक पूंजीगत व्यय व पूरी अर्थव्यवस्था में लागत कम करने वाले लॉजिस्टिक्स संबंधी सुधारों से हासिल नतीजों का सबूत है।

भारत अब दुनिया की चौथी सबसे बड़ी और सबसे तेज गति से बढ़ने वाली प्रमुख अर्थव्यवस्था है। यह तेजी के मामले में दुनिया की पहली और दूसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्थाओं क्रमशः अमेरिका और चीन से भी आगे निकल गई है। वर्तमान गति से, हम इस दशक के अंत तक जर्मनी को पीछे छोड़कर बाजार-विनिमय के संदर्भ में तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की ओर अग्रसर हैं। हमारी गति वैश्विक स्तर पर मायने रखती है। स्वतंत्र अनुमान बताते हैं कि भारत पहले से ही वैश्विक वृद्धि में 15 प्रतिशत से अधिक का योगदान दे रहा है। प्रधानमंत्री ने एक स्पष्ट लक्ष्य रखा है – सुधारों के मजबूत होने और नई क्षमताओं के सामने आने के साथ-साथ वैश्विक वृद्धि में हमारी हिस्सेदारी बढ़कर 20 प्रतिशत तक पहुंचे।

विभिन्न बाजारों और रेटिंग एजेंसियों ने हमारे इस अनुशासन को मान्यता दी है। एसएंडपी ग्लोबल ने मजबूत विकास, मौद्रिक विश्वसनीयता और राजकोषीय सुदृढ़ीकरण का हवाला देते हुए, 18 वर्षों में पहली बार भारत की 'सॉवरेन रेटिंग' को उन्नत किया है। इस अपग्रेड से उधार लेने की लागत कम होती है और निवेशक आधार का विस्तार होता है। यह ÷मृत अर्थव्यवस्था÷ की धारणा को भी झुठलाता है। जोखिम के स्वतंत्र मूल्यांकनकर्ताओं ने अपनी रेटिंग के साथ अपना मत दिया है।

उतना ही महत्वपूर्ण सवाल यह भी है कि आखिर इस सबका लाभ किसे मिला है। वर्ष 2013-14 और 2022-23 के बीच, 24.82 करोड़ भारतीय बहुआयामी गरीबी से बाहर निकल आए हैं। यह बदलाव उन बुनियादी सेवाओं - बैंक खाते, रसोई के लिए स्वच्छ ईंधन, स्वास्थ्य बीमा, नल का जल और प्रत्यक्ष हस्तांतरण - की बड़े पैमाने पर आपूर्ति पर निर्भर है जो गरीबों को विकल्प चुनने का अधिकार देता है। दुनिया के सबसे जीवंत लोकतंत्र और उल्लेखनीय जनसांख्यिकीय चुनौतियों के बीच विकास का यह पैमाना बेहद खास है। विकास का भारत का यह मॉडल आम सहमति के निर्माण, प्रतिस्पर्धी संघवाद और डिजिटल माध्यमों के उपयोग से अंतिम छोर तक सेवा प्रदान करने को महत्व देता है। यह घोषणा के मामले में धीमा, क्रियान्वयन के मामले में तेज और निर्माण की दृष्टि से टिकाऊ है। जब आलोचक हमारी तुलना तेज भागने वाले सत्तावादियों से करते हैं, तो वे इस तथ्य को नजरअंदाज कर देते हैं कि हम मैराथन धावक की तर्ज पर लंबी दूरी तय करने वाली एक अर्थव्यवस्था का निर्माण कर रहे हैं।

भारत के पेट्रोलियम मंत्री के रूप में, मैं इस बात की पुष्टि कर सकता हूं कि हमारी ऊर्जा सुरक्षा इस तीव्र विकास में किस प्रकार सहायक की भूमिका निभा रही है। आज, भारत दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा ऊर्जा उपभोक्ता, चौथा सबसे बड़ा तेलशोधक (रिफाइनर) और एलएनजी का चौथा सबसे बड़ा आयातक है। हमारी तेलशोधन (रिफाइनिंग) क्षमता 5.2 मिलियन बैरल प्रतिदिन से अधिक है और इस दशक के अंत तक इसे 400 मिलियन टन प्रति वर्ष (एमटीपीए) से आगे बढ़ाने का एक स्पष्ट रोडमैप हमारे पास उपलब्ध है।

भारत की ऊर्जा संबंधी मांग - जो 2047 तक दोगुनी होने का अनुमान है - बढ़ती वैश्विक मांग का लगभग एक-चौथाई हिस्सा होगी, जिससे हमारी सफलता वैश्विक ऊर्जा स्थिरता के लिए महत्वपूर्ण बन जाएगी। सरकार का दृष्टिकोण सुरक्षा को सुधार के साथ जोड़ने का रहा है। तेल की खोज का क्षेत्र 2021 में तलछटी घाटियों के 8 प्रतिशत से बढ़कर 2025 में 16 प्रतिशत से अधिक हो गया है। हमारा लक्ष्य 2030 तक इसे बढ़ाकर 10 लाख वर्ग किलोमीटर करना है। तथाकथित 'निषिद्ध' (नो-गो) क्षेत्रों में 99 प्रतिशत की भारी कमी ने अपार संभावनाओं को जन्म दिया है, जबकि ओपन एकरेज लाइसेंसिंग पॉलिसी (ओएएलपी) पारदर्शी व प्रतिस्पर्धी बोली प्रक्रिया सुनिश्चित करती है। गैस मूल्य निर्धारण से संबंधी नए सुधारों - जिनमें कीमतों को भारतीय कच्चे तेल की टोकरी से जोड़ा गया है और गहरे पानी एवं नए कुओं के लिए 20 प्रतिशत प्रीमियम की पेशकश की गई है - ने निवेश को बढ़ावा दिया है।

हमारी ऊर्जा की कहानी सिर्फ हाइड्रोकार्बन की ही नहीं, बल्कि बदलाव की भी कहानी है। वर्ष 2014 में इथेनॉल मिश्रण 1.5 प्रतिशत से बढ़कर आज 1.25 लाख करोड़ रुपये से अधिक की विदेशी मुद्रा की बचत के बराबर हो गई है और किसानों को सीधे एक लाख करोड़ रुपये से अधिक का भुगतान हुआ है। सतत के तहत 300 से ज़्यादा संपीड़ित बायोगैस संयंत्र स्थापित किए जा रहे हैं, जिनका लक्ष्य 2028 तक 5 प्रतिशत मिश्रण का है और तेल से जुड़ी सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनियां हरित हाइड्रोजन के क्षेत्र में अग्रणी भूमिका निभा रही हैं।

भारत द्वारा रूस से कच्चे तेल की खरीद को लेकर कुछ जगहों में काफी शोरगुल हुआ है। आइए तथ्यों को इस शोरशराबे से अलग करके देखें। रूस की तेल पर ईरान या वेनेजुएला के कच्चे तेल की तरह कभी प्रतिबंध नहीं लगाया गया। यह जी7/ईयू मूल्य-सीमा प्रणाली के अंतर्गत है जिसे जानबूझकर राजस्व को सीमित रखते हुए तेल प्रवाह को बनाए रखने के लिए डिजाइन किया गया है। ऐसे पैकेजों के 18 दौर हो चुके हैं और भारत ने हरेक दौर का पालन किया है। प्रत्येक लेनदेन में कानूनी लदान (शिपिंग) एवं बीमा, अनुपालन करने वाले व्यापारियों और लेखा-परीक्षण (ऑडिट) किए गए चैनलों का उपयोग किया गया है। हमने कोई नियम नहीं तोड़े हैं। हमने बाजारों को स्थिर किया है और वैश्विक कीमतों को बढ़ने से रोका है। कुछ आलोचकों का आरोप है कि भारत रूस के तेल के लिए एक ÷लौंड्रोमैट÷ बन गया है। इससे अधिक निराधार बात और कुछ नहीं हो सकती। भारत इस संघर्ष से काफी पहले दशकों से पेट्रोलियम उत्पादों का चौथा सबसे बड़ा निर्यातक रहा है और हमारे रिफाइनर विश्व भर से इस प्रकार के क्रूड का एक समूह बनाते हैं। निर्यात आपूर्ति श्रृंखलाओं को सक्रिय रखता है। वास्तव में, रूस के कच्चे तेल पर प्रतिबंध लगाने के बाद यूरोप ने भी भारतीय ईंधनों की ओर रुख किया। निर्यात की मात्रा और रिफाइनिंग मार्जिन (जीआरएम) मोटे तौर पर समान ही हैं। मुनाफे लेने का इसमें का कोई सवाल ही नहीं है।

यह तथ्य भी उतना ही महत्वपूर्ण है कि भारत ने यूक्रेन संघर्ष के बाद वैश्विक कीमतों में उछाल आने पर अपने नागरिकों की सुरक्षा के लिए निर्णायक रूप से कदम उठाए। तेल से जुड़े सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों (पीएसयू) ने डीजल पर 10 रुपये प्रति लीटर तक के नुकसान को सहन किया। सरकार ने केन्द्रीय और राज्य के करों में कटौती की और निर्यात से जुड़े नियमों ने यह अनिवार्य किया कि विदेशों में पेट्रोल और डीजल बेचने वाले रिफाइनर को घरेलू बाजार में कम से कम 50 प्रतिशत पेट्रोल और 30 प्रतिशत डीजल बेचना होगा।

इन उपायों ने, काफी राजकोषीय लागत पर, यह सुनिश्चित किया कि एक भी खुदरा दुकान खाली न रहे और परिणामस्वरूप भारतीय घरों के लिए कीमतें स्थिर रहीं। बड़ा सच यह है कि वैश्विक तेल का लगभग 10 प्रातशत आपूर्ति करने वाले दुनिया के इस दूसरे सबसे बड़े उत्पादक का कोई विकल्प ही नहीं है। जो लोग उंगली उठा रहे हैं, वे इस तथ्य की अनदेखी करते हैं। वसुधैव कुटुम्बकम के अपने सभ्यतागत मूल्यों के अनुरूप भारत द्वारा सभी अंतरराष्ट्रीय मानदंडों का पालन करने से 200 अमेरिकी डॉलर प्रति बैरल के विनाशकारी झटके को रोका गया।


यह वही %मेड इन इंडिया% है जो विश्व दृष्टिकोण के लिए भारत में आकार ले रही नई औद्योगिक क्रांति को आकार देता है। इस औद्योगिक क्रांति में सेमीकंडक्टर, इलेक्ट्रॉनिक्स, नवीकरणीय ऊर्जा, रक्षा और विशेष रसायन शामिल हैं - जो उत्पादन से जुड़े प्रोत्साहनों (पीएलआई) और पीएम गतिशक्ति लॉजिस्टिक्स के सहारे संचालित हैं। सेमीकंडक्टर के उत्पादन में तेजी अब एक नए स्तर पर पहुंच रही है - जो नीतिगत गंभीरता और क्रियान्वयन का प्रमाण है। मंत्रिमंडल ने हाल ही में भारत सेमीकंडक्टर मिशन के तहत चार अतिरिक्त सेमीकंडक्टर मैन्यूफैक्चरिंग परियोजनाओं को मंजूरी दी है और प्रधानमंत्री का जापान में एक सेमीकंडक्टर उत्पादन केन्द्र का हालिया दौरा और जापान की निवेश संबंधी नवीनीकृत प्रतिबद्धताएं एक सुदृढ़ एवं विश्वसनीय तकनीकी आपूर्ति श्रृंखलाओं से संबंधित एक साझा रोडमैप को रेखांकित करती हैं। डिजिटल अर्थव्यवस्था इन लाभों को कई गुना बढ़ा देती है। भारत वास्तविक समय में भुगतान के मामले में दुनिया भर में अग्रणी है। यूपीआई की सर्वव्यापकता छोटे व्यवसायों की उत्पादकता बढ़ाती है और हमारा स्टार्टअप इकोसिस्टम नवाचार को सेवाओं एवं समाधानों के निर्यात में बदल रहा है। जब डिजिटल तेजी वास्तविक बुनियादी ढांचे के साथ मिलती है, तो प्रभाव बढ़ता है और परिणाम स्वरूप कम टकराव, सुव्यवस्थित और निवेश एवं उपभोग का एक बेहतर चक्र सुनिश्चित होता है।

आगे का रास्ता आशाजनक है। स्वतंत्र अनुमानों (ईवाई) के अनुसार, 2038 तक भारत पीपीपी के आधार पर दुनिया की दूसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन सकता है, जिसका सकल घरेलू उत्पाद 34 ट्रिलियन अमेरिकी डॉलर से अधिक होगा। यह प्रगति सतत सुधारों, मानव पूंजी और प्रत्येक उद्यम व परिवार के लिए प्रचुर, स्वच्छ एवं विश्वसनीय ऊर्जा पर निर्भर है। एक महान सभ्यता की परीक्षा उसके कठिन क्षणों में होती है। अतीत में जब भी भारत की क्षमता पर संदेह किया गया, इस देश ने हरित क्रांतियों, आईटी क्रांतियों और शिक्षा व उद्यम के जरिए लाखों लोगों के गौरवपूर्ण उत्थान के साथ उसका जवाब दिया। आज का समय भी इससे कुछ अलग नहीं है। हम अपने दृष्टिकोण पर टिके रहेंगे, अपने सुधारों को निरंतर जारी रखेंगे और अपने विकास को तीव्र, लोकतांत्रिक एवं समावेशी बनाए रखेंगे ताकि लाभ सबसे वंचित लोगों तक पहुंच सके। आलोचकों के लिए, हमारी उपलब्धियां ही हमारा जवाब होंगी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में, विकसित भारत महज एक आकांक्षा ही नहीं, बल्कि उपलब्धि का एक सार है और विकास के ये आंकड़े उस व्यापक कहानी का ताजा अध्याय मात्र हैं।

**(लेखक केन्द्रीय पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्री हैं)**

अध्यात्म

## अच्छे कर्म का फल मिलता है



एक जंगल में बहुत सारे जानवर रहते थे. हिरण भी रहता था वो बहुत ही अच्छा और सभी की मदद करता था.. एक शाम जब वो अपने घर लौट रहा था तो एक शिकारी ने एक हिरण को बड़ी तरकीब से चारों तरफ के घेर लिया था । उसने एक तरकीब अपनाई, जिससे वह हिरण किसी भी सूरत मे बच न सके। और उसका शिकार निश्चित रूप से किया जा सके । उस शिकारी ने हिरण के एक तरफ जाल लगा दिया । पीछे की तरफ जंगल मे आग लगा दी । एक तरफ अपने शिकारी कुत्ते को खड़ा कर दिया । दूसरी तरफ तीर कमान ले कर खुद खड़ा हो गया । इतना इंतजाम करके उसने उस हिरण को सब तरफ से घेर लिया । यह सब करने के बाद शिकारी ने अपना कुत्ता उस हिरण की तरफ छोड़ दिया और खुद तीर चलाने लगा । बेचारा हिरण किसी भी तरफ से निकाल नहीं सकता था । एक तरफ तो शिकारी कुत्ता का उसकी ओर लपका हुआ आ रहा था । दूसरी तरफ शिकारी तीर चलाने को तैयार था । ऐसा लग रहा था की अब इस हिरण की मौत निश्चित हैं । इसे कोई भी नहीं बचा सकता । उसने बस मन ही मन ईश्वर को याद कियाज तो क्या हुआज कोई चांस ही नही था .. बचने का ज पर समय को कुछ और भी मंजूर था ज तभी अचानक एक साँप वहाँ से निकला । उस शिकारी का पैर उस साँप पर गलती से पड़ गया । साँप ने शिकारी को काट लिया । उसी समय शिकारी तीर छोड़ने वाला था लेकिन साँप के काटने के कारण शिकारी का निशाना गलत हो गया । जो तीर हिरण को लगना था वह तीर शिकारी कुत्ते को जा लगा । कुत्ते की वहीं पर मौत हो गई । कुत्ता तीर लगने के कारण और शिकारी साँप के काटने के कारण, दोनों ही मारे जा चुके थे । तथा हिरण साफ - साफ बच कर निकाल गया उसने ईश्वर का धन्यवाद किया और और दुबारा जुट गया अपने दोस्तों की मदद करने में.. !! इसीलिए तो कहा गया है अच्छे कर्म करते रहना चाहिए।

# सड़क हादसे : बेसुध प्रशासन, लाचार सरकार

**देश में सड़क दुर्घटनाओं को लेकर 2023 की नई रिपोर्ट आई है, लेकिन हाल वही पुराना है। बीते वर्ष की तुलना में 4.2 प्रतिशत हादसे बढ़ गए, इनमें जान गवांने वालों की संख्या भी बढ़ गई। शासन और प्रशासन ने बड़े हादसों का ठीकरा वाहनों की तेज रफ्तार पर फोड़कर अपनी चिंता पूरी कर ली। केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नीतिन गडकरी सड़क हादसों का दोशी अकर्मण्य आधिकारियों को जता देते हैं, लेकिन जब यह निकम्मे हैं, तो इन पर कार्यवाही क्यों नहीं होती। अतएव रिपोर्ट का निश्कर्ष है कि प्रशासन बेसुध है और सरकार नौकरशाही के आगे लाचार है। देशभर में इस साल जनवरी से जून के बीच केवल राष्ट्रीय राजमार्गों पर हुई दुर्घटनाओं में 26,770 लोगों ने प्राण गंवा दिए हैं।**

**प्रमोद भार्गव**

नीतिन गडकरी ने संसद के मानसून सत्र में राज्यसभा में लिखित जानकारी सांसद संबित पात्रा के प्रश्न के उत्तर में दी थी। गडकरी ने बताया था कि सरकार 2022 से प्रत्येक वर्ष राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों से मिले आंकड़ों के आधार पर भारत में 'सड़क दुर्घटनाएं' शीर्षक से रपट प्रकाशित करती है। देशभर में हुई सड़क दुर्घटनाओं के आंकड़ों के प्रबंधन और विश्लेषण के लिए 'इलेक्ट्रोनिक डिटेल' एक्सिडेंट रिपोर्ट (ई-डार) पोर्टल विकसित किया है। इस रिपोर्ट के मुताबिक 2023 में 53,372 लोगों ने और 2024 में 52,609 लोगों के प्राण चले गए थे और 2025 के बीते छह माह में 26,770 लोगों की मौतें हुई हैं। देश में सड़कों पर एक्सप्रेस हाइवे, चौड़ीकरण और ग्रामों में सड़कों के विस्तार के चलते जिस अनुपात में रफ्तार की सुविधा बढ़ी है, उसी अनुपात में दुर्घटनाएं भी बढ़ रही हैं। पूरे देश में एक्सप्रेस-वे पर निरंतर दुर्घटनाएं घट रही हैं। यह चिंता की बात है कि आखिर ये हादसे क्यों हो रहे हैं ? केंद्र सरकार ने नवंबर 2022 में जानकारी दी थी कि देशभर में हई कुल सड़क दुर्घटनाओं में 32.9 प्रतिशत एक्सप्रेस-वे पर घटी हैं। इनकी वजह तेज गति रही है। साल है कि जब तेज रफ्तार से हादसे हो रहे हैं, तो इन्हें रोकने के उपाय क्या किए जा रहे हैं। पश्चिमी देशों में तो गति राडार लगाए गए हैं। व्यावसायिक वाहनों में भी स्पीड गवर्नर लगाने की योजना है, लेकिन वह ठंडे बस्ते में पड़ी है। यह योजना इंटेलिजेंट ट्रांसपोर्ट सिस्टम है। इसे वाहन की ईंधन प्रदाय प्रणाली से जोड़ा जाता है, जो गति बढ़ाने के लिए अतिरिक्त तेल इंजन में जाने ही नहीं देती है। दुर्घटनाओं के बढ़ने का एक बड़ा कारण देश को कार और दो पहिया वाहनों से पाट देना भी है। शराब पीकर वाहन चलाना भी दुर्घटनाओं का एक बड़ा कारण है। अब तक यह आम धारणा बनी हुई है कि सड़क हादसे राजमार्गों पर अधिक होते हैं। किंतु सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय ने सड़क दुर्घटनाओं को लेकर एक नई तस्वीर पेश की है। इससे पता चला है कि राजमार्गों से कहीं अधिक हादसे भीतरी सड़कों पर भी होने लगे हैं। यह वाकई हकीकत है। ग्रामीण इलाकों में जबसे ट्रैक्टर, बाइक और कार-जीपों की संख्या बढ़ी है, तब से इन छोटे समझे जाने वाले मार्गों पर दुर्घटनाएं बढ़ी हैं। प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के अंतर्गत बीते दो दशकों के भीतर गांव-गांव सड़कें पहुंची हैं और उसी तादाद में वाहन भी बढ़े हैं। विडंबना यह भी रही कि इसी दौरान गांव-गांव शराब की वैध-अवैध बिक्री भी शुरू हो गई, जो दुर्घटनाओं का सबसे बड़ा कारण बन रही है। सड़क हादसों में भारत को हर साल मानव संसाधन का सर्वाधिक नुकसान उठाना पड़ता है। अंतरराष्ट्रीय सड़क संगठन (आईआरएफ) की रिपोर्ट के मुताबिक दुनियाभर में सड़क हादसों में होने वाली मौतों में भारत की हिस्सेदारी 10 प्रतिशत से ज्यादा हैं। इस जानकारी के अनुसार 12.5 लाख लोगों की दुनिया में प्रतिवर्ष सड़क हादसों में मौतें होती हैं, इनमें सर्वाधिक भारत में होती है। जो परिवार हादसे



में अपने परिजन को गंवाता है, उस पर पांच लाख रुपए का औसतन अतिरिक्त बोझ पड़ता है। सड़कों पर बढ़ती दुर्घटनाओं में शराब पीकर वाहन चलाना, नाबालिग बाइकर्स का सड़कों पर बेलगाम होना भी हैं, वहीं देश में बढ़ते सड़क हादसों के कारण राष्ट्रीय राजमार्गों में भी तलाशे जा रहे हैं। दरअसल देश में हरेक साल करीब डेढ़ लाख लोग मारे जाते हैं और चार से पांच लाख घायल होते हैं, उनमें ज्यादातर युवा होते हैं।

दूसरी तरफ सरकार राजमार्गों पर ऐसे स्थल तलाश रही है, जहां अधिकतम दुर्घटनाएं होती हैं। इसके बाद इन स्थलों पर ऐसे सुधार किए जाएंगे, जिससे घटनाएं कम हों। राजमार्ग लंबे व तेज गति के सफर के लिए होते हैं। इसलिए अक्सर वाहनों की गति तेज रहती है। भारी मालवाहक वाहन राजमार्गों से ही गुजरते हैं। ऐसे में यदि वाहन चालकों को आसानी से षराब की उपलब्धता दिखाई दे तो उसके प्रति स्वाभाविक रूप से लालच पैदा हो जाता है। इसके सेवन के साथ ही खतरे की आशंका बढ़ जाती है। राजमार्गों पर हर पांच किलोमीटर की दूरी पर औसतन शराब की तीन दुकानें हैं। इस बाबत पूर्व प्रधान न्यायाधीश टीएस ठाकुर की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने शराब लॉबी के दबाव में अंधाधुंध परमिट बांटने की प्रवृत्ति पर टिप्पणी करते हुए कहा था कि, 'शराब के भयावह सामाजिक, आर्थिक और स्वास्थ्य संबंधी चिंताओं पर खूब चर्चा की जाती है, लेकिन संवैधानिक निर्देश के बावजूद सरकारें शराब पर अंकुश लगाने की राजनीतिक इच्छाशक्ति नहीं दिखा पाती हैं। शराब कारोबारी भी धन के बूते ऐसी पहलों को व्यर्थ कर देते हैं और सरकारें राजस्व कमाई की दुहाई देकर शराब की बिक्री जारी रखती हैं।' पिछले डेढ़ दशक में देशभर की सड़कों पर क्षमता से अधिक वाहन आए हैं।

अतएव उसी अनुपात में हादसे भी बढ़े हैं। इन हादसों में ज्यादातर मरने वाले लोगों में 40 फीसदी, 26 से 45 आयुवर्ग के होते हैं। यही वह महत्वपूर्ण समय होता है, जब इन पर परिवार के उत्तरदायित्व के निर्वहन का सबसे ज्यादा दबाव होता है। ऐसे में दुर्घटना में प्राण गवां चुके व्यक्ति के परिजनों पर सामाजिक, आर्थिक और आवासीय समस्याओं का संकट एक साथ टूट पड़ता है। इन हादसों में 19 से 25 साल के इतने युवा मारे जाते हैं, जितने लोग कैंसर, टीबी और मलेरिया से भी नहीं मरते। ये हादसे मानवजन्य विसंगतियों को भी बढ़ावा दे रहे हैं। आबादी में पीढ़ी व आयुवर्ग के अनुसार जो अंतर होना चाहिए, उसका संतुलन भी गड़बड़ा रहा है। यदि सड़क पर गति को नियंत्रित नहीं किया गया तो सड़क हादसों में मरने वाले लोगों की संख्या इतनी बढ़ जाएगी कि शायद आबादी नियंत्रण के लिए परिवार नियोजन की जरुरत ही नहीं रह जाएगी ?

यातायात सुचारु रूप से संचालित हो, इसके लिए जापान, अमेरिका और सिंगापुर के यातायात कानून से भी सीख लेने की बात कही जा रही है। खासतौर से यूरोपीय देशों में अंतरराष्ट्रीय स्तर पर एक आचार संहिता लागू है, जिसका ज्यादातर देश पालन करते हैं। इस संहिता के मुताबिक यदि किसी कार की गति 35 किमी प्रति घंटा है, तो दो कारों के बीच की दूरी 74 फीट होनी चाहिए। 40 मील प्रतिघंटा की रफ्तार होने पर यह अंतर 104 फीट और 45 फीट की गति पर यह अंतर 132 फीट होना चाहिए। संहिता में चालकों के नियम भी तय किए गए हैं। यदि चालक की मुट्ठी बंद करने की ताकत पौने सोलह किलोग्राम से कम निकलती है तो माना जाना चाहिए कि यह व्यक्ति वाहन चलाने लायक नहीं है। संहिता की शर्त के मुताबिक वाहन चलाने लायक उस व्यक्ति को माना जाएगा जो 20 मीटर आगे चल रहे वाहन का नंबर आसानी से पढ़ ले। हमारे यहां तो 80 साल के षक्ति और दृष्टि से कमजोर हो चुके बुजुर्ग भी सड़कों पर वाहन चलाते खूब देखे जाते हैं। फिर वाहनों के अनुपात में हमारी सड़कों पर जगह भी नहीं है। 74 फीट दूरी बनाएं रखने की बात तो छोड़िए, देश के महानगरों में 2 से 5 फीट की दूरी वाहनों के बीच बनाए रखना मुश्किल हो रहा है।

## आज का कार्टून




## राशिफल

**मेष**
व्यापार में आपको उत्तम धन लाभ प्राप्त होगा। परिवार का खर्च बढ़ने की सम्भावना बन रही है। दाम्पत्य जीवन में रोमान्स का आनन्द उठायेंगे।

**वृषभ**
नये प्रेम-सम्बन्ध विकसित हो सकते हैं। लोग आपके व्यवहार की प्रशंसा करेंगे। नौकरी में उच्च पद मिलने की सम्भावना बन रही है।

**मिथुन**
कार्यक्षेत्र में सहकर्मियों के साथ आप किसी महत्वपूर्ण विषय पर चर्चा कर सकते हैं। अत्यधिक आदर्शवाद से आपको बचना चाहिये।

**कर्क**
आज स्वास्थ्य को लेकर लापरवाही बिल्कुल भी न करें। अपनी कमियों से सीखने का प्रयास करें। पुरानी उधारी चुकाने का दबाव रहेगा।

**सिंह**
दाम्पत्य सम्बन्धों में प्रेमभाव बढ़ेगा। बच्चों के साथ अच्छा समय बितायेंगे। धर्म-कर्म में आपकी स्वाभाविक रुचि और बढ़ेगी। धन को लेकर रिश्ते खराब न करें।

**कन्या**
आज आपकी दिनचर्या अत्यधिक अस्त-व्यस्त रहेगी। घर वालों के साथ समय बिताने का प्रयास करेंगे। धन से जुड़े मामलों में हानि हो सकती है।

**तुला**
आज आपको कुछ नया सीखने को प्राप्त होगा। फर्जी फोन कॉल्स से सावधान रहें। अनावश्यक राजनीतिक चर्चाओं से स्वयं को दूर रखें।

**वृश्चिक**
राजनीति से जुड़े लोगों को कठिनाई होगी। महँगी वस्तुओं की खरीदारी कर रहे हैं तो बजट का ध्यान रखें। कार्यक्षेत्र में अपयश जैसी स्थिति उत्पन्न हो सकती है।

**धनु**
सन्तान को लेकर समस्या दूर होगी। भाग्य का साथ मिलने से अचानक महत्वपूर्ण मौके मिल सकते हैं। निवेश के मामले में आज दिन बहुत शुभ है। शेयर मार्केट से अच्छा लाभ कमा सकते हैं।

**मकर**
आर्थिक मामलों में किसी पर विश्वास न करें। अपनी योग्यता और क्षमता का विस्तार कर सकते हैं। व्यापार में नयी तकनीक का प्रयोग सीख सकते हैं। नये लोगों के साथ आपके सम्बन्ध प्रगाढ़ होंगे।

**कुंभ**
आज परिजनों के साथ कई विषयों पर चर्चा कर सकते हैं। जीवनसाथी के सुझावों पर गौर अवश्य करें। अटके हुये कार्यों को लेकर कुछ परेशान रहेंगे।

**मीन**
जीवनसाथी आपसे शिकायत कर सकता है। मकान की साफ-सफाई का ध्यान रखें। जोड़ों में दर्द की समस्या हो सकती है। आलस्य में समय बर्बाद नहीं करना चाहिये।

# लो वोल्टेज की समस्या से मिलेगी निजात, पटवन में होगी सुविधा

## विधायक ने किया पावर सबस्टेशन के लिए भूमि पूजन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**जगदीशपुर (भोजपुर)।** जगदीशपुर प्रखंड के हरिगांव पंचायत स्थित सुंदरा गांव मंगलवार को 33/11 केवी पावर सब स्टेशन के निर्माण कार्य का शुभारंभ किया गया। स्थानीय विधायक रामबिशुन सिंह लोहिया ने वैदिक मंत्रोच्चार के बीच पूजा-अर्चना कर नारियल फोड़ते हुए भूमि पूजन किया। कार्यक्रम स्थल पर भारी संख्या में ग्रामीण जुटे और विधायक का भव्य स्वागत किया।

**लंबे समय से बिजली समस्या झेल रहे थे क्षेत्र के लोग**

कार्यक्रम के दौरान विधायक लोहिया ने कहा कि सुंदरा और आसपास का इलाका लंबे समय से लो वोल्टेज की गंभीर समस्या से जूझ रहा था। इसके कारण किसानों को पटवन करने में दिक्कतें आती थीं, और आम उपभोक्ताओं को बिजली उपकरणों के खराब होने जैसी परेशानियों का सामना करना पड़ता था। विधायक ने बताया कि ग्रामीणों की मांग व उनके अनुशंसा पर विभाग ने इस सब स्टेशन की स्वीकृति दी है।

**कई पंचायतों को होगा फायदा**

विधायक ने कहा कि इस सब स्टेशन से न केवल सुंदरा गांव, बल्कि बरनांव, पूर्वी आयर, पश्चिमी आयर, हरिगांव सहित कई पंचायतों को बिजली आपूर्ति में सुधार का लाभ मिलेगा। इससे किसानों को समय पर पटवन की सुविधा होगी और ग्रामीणों को सुचारू बिजली आपूर्ति मिलेगी। उन्होंने इसे क्षेत्र की प्रगति और विकास की दिशा में एक बड़ा कदम बताया।

**विधायक ने गिनाईं उपलब्धियां**

विधायक रामविशुन सिंह उर्फ लोहिया ने कहा कि उनके कार्यकाल में जगदीशपुर विधानसभा क्षेत्र में कई पावर सब स्टेशन का निर्माण कराया गया है। यह उनका निरंतर प्रयास है कि विधानसभा का हर गांव और हर पंचायत विकास की मुख्यधारा से जुड़े। उन्होंने ग्रामीणों को भरोसा दिलाया कि आने वाले समय में और भी जनहितकारी योजनाएं धरातल पर उतारी जाएंगी।

**जनता ने जताया आभार**

कार्यक्रम में उपस्थित पैक्स अध्यक्ष राकेश सिंह उर्फ बबलू सिंह ने ग्रामीणों की ओर से विधायक को धन्यवाद दिया। उन्होंने कहा कि विधायक ने जो वादा किया था, उसे निभाकर दिखाया है। वहीं किसान प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष अजय यादव ने इसे किसानों के लिए ऐतिहासिक कदम बताया और कहा कि अब किसानों को खेती में बिजली की कमी से जूझना नहीं पड़ेगा।

**भव्य आयोजन और सम्मान**

भूमि पूजन कार्यक्रम के दौरान ग्रामीणों ने विधायक का जोरदार स्वागत किया। मंच पर कई स्थानीय जनप्रतिनिधियों और गणमान्य लोगों की उपस्थिति रही। विधायक ने भी इस अवसर पर उपस्थित लोगों को सम्मानित किया। इस मौके पर पैक्स अध्यक्ष राकेश सिंह उर्फ बबलू सिंह, किसान प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष अजय यादव, जेई राकेश कुमार, रामकमल सिंह, सर्वजीत यादव, राजू राम समेत बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

# डिप्टी सीएम से मिला मुखिया संघ का प्रतिनिधिमंडल, रखीं 16 सूत्री मांगें



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**जगदीशपुर/भोजपुर।** पटना स्थित उपमुख्यमंत्री आवास पर भोजपुर जिला मुखिया संघ के उपाध्यक्ष सह पश्चिमी आयर पंचायत के मुखिया उमेश सिंह कुशवाहा के नेतृत्व में मुखियाओं का प्रतिनिधिमंडल डिप्टी मौके सीएम सम्राट चौधरी से मिला। प्रतिनिधियों ने शॉल व गुलदस्ता भेंट कर सम्मान किया और पंचायत प्रतिनिधियों के अधिकारों में हो रही कटौती पर आपत्ति जताई। मुखियाओं ने 16 सूत्री मांगें सरकार के समक्ष रखीं, जिनमें पेंशन बहाली और शस्त्र लाइसेंस प्रमुख हैं। डिप्टी सीएम ने भरोसा दिलाया कि पंचायत प्रतिनिधियों के सम्मान और अधिकारों से समझौता नहीं होगा तथा पेंशन और अधिकार कटौती से जुड़ी मांगों पर गंभीरता से विचार किया जाएगा।

मुलाकात के बाद उमेश कुशवाहा ने कहा कि बातचीत संतोषजनक रही और उम्मीद जताई कि सरकार जल्द ठोस कदम उठाएगी।

उमेश कुशवाहा ने बताया कि मुखिया गांवों के विकास की रीढ़ हैं, इसलिए उन्हें भी अन्य जनप्रतिनिधियों की तरह पेंशन सुविधा मिलनी चाहिए। मौके पर मनोज सिंह समेत अन्य मुखिया शामिल थे।

## एक नजर

### परिवार नियोजन पखवाड़ा का आयोजन

**भगवानपुर (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** प्रखंड में परिवार नियोजन सेवा पखवाड़ा का आयोजन 8 से 20 सितंबर तक होगा। यह जानकारी परिवार कल्याण काउंसलर नियति कुमारी मिश्रा ने दी। उन्होंने बताया कि 1 सितंबर से 7 सितंबर तक दंपति संपर्क पखवाड़ा चलेगा। इसके बाद 8 से 20 सितंबर तक परिवार नियोजन सेवा पखवाड़ा चलेगा। इस दौरान परिवार नियोजन कार्यक्रम से जुड़ी सेवाओं की जानकारी आमजन तक पहुंचाकर दंपतियों को सेवा प्रदान की जायेगी। 8 सितंबर को मिशन परिवार विकास अभियान पर स्वास्थ्य मेला लगेगा।

### क्षमता संवर्द्धन प्रशिक्षण आयोजित

**भगवानपुर (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** विभागीय निर्देशानुसार मंगलवार को पहले दिन बाइट भवन में रसोईया सह सहायकों का एक दिवसीय क्षमता संवर्द्धन प्रशिक्षण आयोजित किया गया। आयोजित इस प्रशिक्षण में प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न विद्यालयों के कुल 92 रसोइयों ने भाग लिया। इस अवसर पर एमडीएम बीआरपी मो. दाऊद आलम द्वारा उन्हें प्रशिक्षण दिया गया। उन्होंने रसोइयों को व्यक्तिगत स्वच्छता, किचेन, स्टोर रूम की साफ-सफाई पर विशेष ध्यान देने तथा बच्चों को मैट पर पंक्तिबद्ध बैठा कर भोजन करवाने को कहा। उन्होंने कहा कि बच्चों को भोजन परोसने से पूर्व रसोईया व शिक्षक भोजन को चखें और इसका पंजी संधारित रखें। मौके पर समावेशी बीआरपी कमल कुमार मौर्य, एमआईएस प्रभारी मिथलेश कुमार समेत संबंधित रसोईया उपस्थित थे।

### शिक्षा विभाग में अधिकारियों की भारी कमी

**भगवानपुर (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** जिला प्राथमिक शिक्षक संघ के प्रधान सचिव उमेश प्रसाद सिंह ने भगवानपुर प्रखंड में एक प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया है कि जिला के शिक्षा विभाग में 5 जिला कार्यक्रम पदाधिकारी तथा 6 कार्यक्रम पदाधिकारी के पद हैं। जिसमें मात्र एक जिला कार्यक्रम पदाधिकारी तथा एक परीक्षा अवधि में पदस्थापित कार्यक्रम पदाधिकारी के जिम्मे जिले का पुरा शिक्षा विभाग का कार्य संचालित होता है। उन्होंने आगे कहा कि जिला में कुल 683 प्राथमिक, 745 मध्य तथा 263 माध्यमिक विद्यालय हैं। वहीं पुरे जिला में कूल 18058 शिक्षक कार्यरत हैं। जिला कार्यक्रम पदाधिकारी, कार्यक्रम पदाधिकारी तथा अन्य कर्मी का पद रिक्त रहने से शिक्षकों की समस्याओं का समाधान समय पर नहीं हो पाता है। उन्होंने बताया कि एक अधिकृत जिला कार्यक्रम पदाधिकारी खुशबू कुमारी के जिम्मे स्थापना शाखा के अतिरिक्त पी एम पोषण योजना का प्रभार रहने से शिक्षकों की समस्याओं के निष्पादन में कठिनाई होती है। वहीं परीवीक्षा अवधि में पदस्थापित कार्यक्रम पदाधिकारी आकाश कुमार के जिम्मे समग्र शिक्षा योजना लेखा तथा माध्यमिक शिक्षा का प्रभार है। यहां भी कई पद रिक्त रहने से शिक्षकों के कार्य निष्पादन में विलंब होता है। उन्होंने अपर मुख्य सचिव शिक्षा विभाग बिहार पटना से रिक्त पदों पर संबंधित पदाधिकारीयों की पदस्थापन की मांग की है ताकि विकास कार्य में परेशानी नहीं हो।

### मारपीट में एक व्यक्ति घायल

**रफीगंज (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** प्रखंड क्षेत्र के बलीगांव में मारपीट के मामले में एक व्यक्ति घायल हो गया। जिसकी पहचान बलीगांव निवासी स्व योगेन्द्र चौहान के पुत्र अरविंद चौहान के रूप में की गई। घायल के परिजनों द्वारा आनन फानन में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में इलाज करवाया गया।घायल अरविंद चौहान ने मंगलवार को थाना में आवेदन देते हुए उल्लेख किया कि भट्ठा पर काम किया था जिसका 70000 विकास चौहान के पास मेरा बाकी था मैं जब मांगने गया तो विकास चौहान, उसकी पत्नी मिश्री देवी एवं इसकी बहन मुसनी कुमारी ने मिलकर लाठी डंडे एवं ईट से मारकर मेरा सर फोड़ दिया एवं अन्य जगह पर भी गंभीर चोट आई है। उनलोगों द्वारा धमकी दिया जा रहा है कि अगली बार पैसा मांगने आया तो जान से मार दूंगा। इस संबंध में थाना अध्यक्ष शंभू कुमार ने बताया कि आवेदन प्राप्त हुई है आवेदन के आलोक में अग्रिम कार्रवाई की जा रही है।

# गंगा के जलस्तर में हो रही वृद्धि

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बलिया।** प्रखंड क्षेत्र के चार पंचायतों के कई गांवों के घरों में गंगा के जलस्तर में लगातार हो रही वृद्धि से बाढ़ का पानी घुसने लगा है जिसके कारण लोग घरों को छोड़ ऊंचे स्थान पर व अन्य सुरक्षित जगह पलायन करने लगे हैं। विगत एक सप्ताह से गंगा के जलस्तर में लगातार वृद्धि होने से धीरे-धीरे बाढ़ भयावह बनती जा रही है। पहले तो क्षेत्र के निचले इलाकों में बाढ़ का पानी फैला जहां विगत दिनों आई बाढ़ के बाद किसानों द्वारा दलहन व पशुचारा की छीट्टा बुआई की। जो एक बार फिर बाढ़ की भेंट चढ़ गयी। जिसके बाद धीरे-धीरे बाढ़ का पानी दियारा क्षेत्र की सभी मुख्य सड़कों पर फैल जाने से लोगों का संपर्क प्रखंड मुख्यालय से टूट गया। लोगों को अब आवागमन के लिये नाव ही एकमात्र सहारा बचा है। उस पर भी सभी पंचायतों के गांव में सरकारी स्तर पर नाव की उपलब्धता नहीं होने के कारण लोग 50 से 60 रुपये किराया देकर नाव से आवागमन करने को मजबूर हैं। हालांकि स्थानीय सीओ रवि कुमार के द्वारा दो दर्जनो नावों का परिचालन होने की बात बतायी गयी लेकिन इस दो दर्जनों से अभी भी कई गांव ऐसे हैं जहां नाव की व्यवस्था नहीं होने से लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। इन सब के बीच गंगा के जलस्तर में मंगलवार से कमी आने की संभावना उपर से जताई जा रही है हालांकि सोमवार की देर शाम तक जलस्तर में किसी भी तरह की कमी नहीं देखी गयी है। तीसरे वार आयी बाढ़ से गंगा की धारा काफी तेज रहने के कारण क्षेत्र में काफी क्षति भी हुई है। जिसका आकलन तो बाढ़ के बाद ही लगाया जा सकता है अगस्त माह में लगातार दो बार आई बाढ़ लोगों को संभलने का मौका भी नहीं दे पा रही है। पहली बार बाढ़ 15 अगस्त के बाद आई। इस बीच लोग थोड़ा संभल पाते कि पुनः दूसरी बार 25 अगस्त को बाढ़ ने दस्तक दे दी।

# पीएम ने जीविका से हो रही क्रांति को महिला सशक्तिकरण की बताया मिसाल

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बेगूसराय।** मंगलवार को बिहार राज्य जीविका निधि साख सहकारी संघ लिमिटेड का उद्घाटन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा वर्चुअल माध्यम से किया गया। साथ ही जीविका निधि में 105 करोड़ की राशि का ट्रांसफर भी किया गया। इस कार्यक्रम में वीडियो कन्फ्रेंसिंग के माध्यम से बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी एवं उपमुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा आदि उपस्थित थे। जिले में मुख्य समारोह प्रेक्षागृह सह आर्ट गैलरी, कंकौल के सभागार में जिला पदाधिकारी तुषार सिंगला की अध्यक्षता में आयोजित किया गया। उपमुख्यमंत्री श्री चौधरी ने प्रधानमंत्री



श्री मोदी एवं मुख्यमंत्री नीतीश कुमार का स्वागत एवं अभिनंदन कर कार्यक्रम की शुरूआत की। कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री श्री कुमार ने जीविका दीदियों की उपलब्धि के साथ सरकार द्वारा महिलाओं के लिए किए जा रहे कार्य को विस्तार से बताया। प्रधानमंत्री ने बिहार में हो रही महिला सशक्तिकरण को मां दुर्गा के नौ स्वरूप से तुलना की। उन्होंने बिहार में जीविका के माध्यम से हो रही क्रांति को महिला सशक्तिकरण की मिसाल बताया। साथ ही कहा कि जीविका निधि साख सहकारी संघ हो जाने से जीविका दीदियों को एक और नई पहचान मिलेगी।जिला मुख्यालय के अलावा यह कार्यक्रम जिले के सभी 18 प्रखंडों के सभी जीविका संकुल स्तरीय संघों सहित 374 स्थानों पर आयोजित किया गया। जिसमें 50 हजार से अधिक जीविका दीदियों ने वर्चुअल माध्यम से भाग लिया एवं कार्यक्रम को देखा एवं सुना। इस कार्यक्रम को लेकर दीदियों में काफी उल्लास दिखा एवं दीदियाँ काफी खुश थीं। इस जीविका निधि का लाभ बेगूसराय में संचालित 32 हजार से अधिक समूहों से जुड़ी 3 लाख 65 हजार से अधिक जीविका दीदियों को लाभ मिलेगा और उनकी आर्थिक गतिविधियों को गति मिलेगी। साथ ही महिलाओं के आर्थिक स्वावलंबन से परिवार और जिला के विकास में उनकी भागीदारी और मजबूत होगी।

# पीएम ने किया दीदियों के लिए बैंक का उद्घाटन

**नावकोठी (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** बिहार राज्य जीविका निधि साख सहकारी संघ लिमिटेड का शुभारंभ मंगलवार को किया गया। वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने इसका शुभारंभ प्रखंड के 21 स्थानों पर किया। उन्होंने कहा कि जीविका निधि से आत्म निर्भरता,नारी स्वाबलंबन को बढ़ावा मिलेगा। बढ़ावा देने के उद्देश्य से बिहार राज्य जीविका निधि साख सहकारी संघ लिमिटेड का गठन किया गया है। इसकी शुरूआत प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को किया। बीपीएम मनोरंजन कुमार ने कहा कि बिहार सरकार द्वारा जीविका से जुड़े सामुदायिक सदस्यों को सस्ते ब्याज दर पर आसानी से राशि उपलब्ध कराई जा सके। इससे जीविका दीदियों को राशि प्राप्त करने की प्रक्रिया आसान और तेज होगी।

# संस्कृत संभाषण से उच्चारण होता है स्पष्ट : कुलपति

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**दरभंगा।** कामेश्वर सिंह दरभंगा संस्कृत विश्वविद्यालय के बहुउद्देशीय भवन में शिक्षाशास्त्र विभाग द्वारा दस दिवसीय संस्कृत सम्भाषण प्रशिक्षण वर्ग के समापन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। अध्यक्षता करते हुए कुलपति प्रो. लक्ष्मीनिवास पाण्डेय ने कहा कि संस्कृत शास्त्रों में दक्षता लाने के लिए तथा उसकी गूढ़ बातों को जानने के लिए संस्कृत में सम्भाषण बेहद जरूरी है। संस्कृत सम्भाषण से उच्चारण की स्पष्टता होती है, वाणी की मधुरता बढ़ती है और विचारों में भी शुद्धता आती है। स्वाभाविक है कि ऐसे में यह व्यक्तित्व को निखारने में सहायक होता है। सम्भाषण प्रशिक्षण के उद्देश्यों को स्पष्ट करते हुए उन्होंने कहा कि भाषा सीखने का सरल मार्ग है संस्कृत सम्भाषण



। इसके निरन्तर अभ्यास से भाषा का प्रवाह तेज होता है। उक्त जानकारी देते हुए पीआरओ निशिकांत ने बताया कि इस मौके पर मुख्यातिथि संस्कृत भारती बिहार प्रांत के संगठन मंत्री श्रवण कुमार ने भी सम्भाषण की महत्ता को गहराई से रेखांकित किया। कहा कि संस्कृत भाषा केवल भारत की प्राचीन भाषा ही नहीं, अपितु सम्पूर्ण विश्व की वैज्ञानिक, दार्शनिक एवं सांस्कृतिक धरोहर है। संस्कृत सम्भाषण अर्थात संस्कृत में प्रतिदिन की वार्ता करने की परम्परा, इस भाषा को पुनर्जीवित करने तथा जनसामान्य तक पहुँचाने का प्रभावी साधन है। हमें इनका निरन्तर अभ्यास करते रहना चाहिए। वहीं,शिक्षाशास्त्र विभाग के निदेशक डॉ. घनश्याम मिश्र ने सम्भाषण को प्रशिक्षण का एक प्रमुख अंग बताया। कार्यक्रम का संचालन करते हुए डॉ. रामसेवक झा ने कहा कि संस्कृत भाषा की प्रत्येक ध्वनि में आध्यात्मिक स्पन्दन है। सम्भाषण से व्यक्ति का मन, बुद्धि एवं हृदय पवित्र और उन्नत होता है। सम्पूर्ति कार्यक्रम में ध्येय मंत्र अंशु कुमारी, शिविर गीत आदित्य कुमार एवं सुधार कुमार तथा संस्कृत में परिचय अंकिता कुमारी ने किया ।अनुभव कथन रजनीश झा, जुली कुमारी संख्या कथन सुजीत कुमार,सुनीता कुमारी तथा दिनचर्या सुधीर एवं जूली कुमारी ने प्रस्तुत किया। प्रशिक्षण वर्ग का अनुभव अमित कुमार झा ने प्रस्तुत किया। स्वागत भाषण डॉ.निशा तथा धन्यवाद ज्ञापन डॉ.रामसेवक झा ने किया। कार्यक्रम में डॉ.अवन कुमार राय, डॉ. प्रीति रानी, कुन्दन कुमार, गोपाल कुमार महतो, राकेश कुमार, अरुण शर्मा सहित दर्जनों छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

# पीरपैंती में अडानी पावर का 2400 मेगावाट बिजली संयंत्र जल्द होगा शुरू

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**भागलपुर।** राज्य के ऊर्जा सचिव मनोज कुमार सिंह ने कहा है कि भागलपुर जिले के पीरपैंती में प्रस्तावित अडानी पावर लिमिटेड का 2400 मेगावाट का ग्रीनफील्ड अल्ट्रा सुपर क्रिटिकल ताप विद्युत संयंत्र जल्द ही हकीकत बनेगा। इसके लिए पर्याप्त जमीन उपलब्ध है और निर्माण कार्य की नींव शीघ्र रखी जाएगी।

मंगलवार को पीरपैंती में आयोजित समीक्षा बैठक के बाद पत्रकारों से बातचीत में ऊर्जा सचिव ने बताया कि अधिग्रहित भूमि और मुआवजा से संबंधित मामलों की गहन समीक्षा की गई है। अधिकारियों को लंबित कार्य शीघ्र निपटाने का निर्देश दिया गया है ताकि परियोजना का शुभारंभ तय समय पर हो सके। उन्होंने कहा कि यह संयंत्र देश के पूर्वी क्षेत्र की सबसे बड़ी विद्युत परियोजना होगी, जो बिहार को पर्याप्त बिजली उपलब्ध कराएगी। ऊर्जा सचिव ने कहा कि इस संयंत्र की स्थापना से पीरपैंती और आसपास के इलाकों में चौतरफा विकास होगा। बड़ी संख्या में स्थानीय लोगों को रोजगार मिलेगा। उन्होंने अपील की कि ग्रामीण और किसान परियोजना के सफल क्रियान्वयन के लिए जिला प्रशासन और निर्माण एजेंसी को सहयोग दें। इस अवसर पर जिलाधिकारी डॉ. नवल किशोर चौधरी ने बताया कि करीब 85 प्रतिशत भूमि अधिग्रहण कार्य पूरा हो चुका है। शेष किसानों के मुआवजा विवाद का निपटारा तेजी से किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि स्थानीय लोगों का पूर्ण सहयोग मिल रहा है और जिला प्रशासन हरसंभव सहयोग करने के लिए प्रतिबद्ध है। बैठक में राज्य विद्युत उत्पादन कंपनी लिमिटेड के एमडी महेंद्र कुमार, डीएम डॉ. नवल किशोर चौधरी, एसएसपी हृदय कांत, एडीएम दिनेश राम सहित अडानी पावर और ऊर्जा विभाग के वरीय अधिकारी मौजूद थे। इधर, जिला परिषद उपाध्यक्ष पप्पू यादव, वरिष्ठ भाजपा नेता दिलीप मिश्रा, जदयू पीरपैंती अध्यक्ष विवेका गुप्ता, जदयू महिला मोर्चा की जिलाध्यक्ष सोनी कुमारी और प्रखंड प्रमुख रश्मि कुमारी समेत कई जनप्रतिनिधियों ने ऊर्ज़ा सचिव से मुलाकात कर संयंत्र के निर्माण में हरसंभव सहयोग का आश्वासन दिया।

**लिपिक के निधन पर शोक : जहानाबाद।** जहानाबाद के ए.एन.एस. कालेज के स्थापना काल से जुड़े सेवानिवृत्त एक लिपिक दिलिप कुमार वर्मा की असामयिक निधन की सूचना मिलते ही महाविद्यालय में शोक की लहर दौड़ गई। स्वर्गीय वर्मा के निधन पर शोक संवेदना व्यक्त करते हुए महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ ओम प्रकाश सिंह ने कहा कि उनका एकाएक जाना महाविद्यालय कर्मियों को तो स्तब्ध और मर्माहत किया ही, उनसे पिछले शाम तक मिलने वाले लोगों को भी विश्वास नहीं हो रहा है कि हंसमुख स्वभाव के वर्माजी हमारे बीच नहीं रहे।

# माउंट लिट्रा में मनाया गया विश्व नारियल दिवस

**बेगूसराय (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** माउंट लिट्रा पब्लिक स्कूल में मंगलवार को विश्व नारियल दिवस बड़े उत्साह के साथ मनाया गया। नन्हे-मुन्ने बच्चों ने मनमोहक कार्यक्रम प्रस्तुत कर नारियल के महत्व को सुंदर ढंग से समझाया। उन्होंने बताया कि नारियल न केवल हमारे स्वास्थ्य के लिए लाभकारी है, बल्कि हमारे त्योहारों और परंपराओं से भी गहराई से जुड़ा हुआ है। इस अवसर पर विद्यालय की प्राचार्या डा. शीतल ने कहा ऐसे आयोजन बच्चों में भारतीय परंपराओं और प्राकृतिक उपहारों के प्रति सम्मान व जागरूकता बढ़ाते हैं। नारियल का महत्व जानकर बच्चे स्वास्थ्य के प्रति सजग बनेंगे। विद्यालय के निदेशक डा मनीष देवा ने अपने विचार साझा करते हुए कहा बच्चों को ज्ञान के साथ संस्कृति से जोड़ना ही शिक्षा का सही उद्देश्य है। नारियल दिवस जैसे आयोजन उनके सर्वांगीण विकास की दिशा में महत्वपूर्ण कदम हैं। कार्यक्रम का समापन सभी बच्चों और अभिभावकों की प्रसन्नता व उत्साह के साथ हुआ।


**पूर्व रेलवे**

**संक्षिप्त निविदा सूचना सं. केपीए-ईआरएस-ओटी-03ए-25-26, दिनांक 30.08.2025,** उप मुख्य विद्युत इंजीनियर, पूर्व रेलवे वर्कशॉप, काँचरापाड़ा, पिन-743145 द्वारा निविदा सूचना आमंत्रित की जाती है। **निविदा सं. : केपीए-ईआरएस-ओटी-03ए-25-26, विवरण:** "3-फेज लोकोमोटिव के ई70 ब्रेक पैनल एवं ब्रेक कंट्रोलर की मरम्मत/जीर्णोद्धार, मात्रा 36 अदद"। **निविदा मूल्य:** रु.7,12,24,039/- मात्र जीएसटी और सभी अन्य खर्च सहित। **निविदा के खुलने की तिथि और समय:** दिनांक 22.09.2025 को 15.00 बजे। **समापन अवधि:** 12 माह। निविदा कागजात और अन्य विवरण वेबसाइट **www.ireps.gov.in** से प्राप्त किये जा सकते हैं। निविदा के लिए बोली उपर्युक्त वेबसाइट पर ई-निविदा प्रणाली के माध्यम से जमा की जाएगी। इस निविदा के लिए मैनुअल प्रस्ताव की अनुमति नहीं दी जाती है एवं कोई मैनुअल प्रस्ताव प्राप्त होने पर स्वीकार नहीं किया जाएगा एवं तत्काल रद्द कर दिया जाएगा।

MISC-188/2025-26

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

**पूर्व रेलवे**

**ई-निविदा सूचना सं.: डब्ल्यू_एलएलएच_09_2025-26_ आर2, दिनांक 29.08.2025,** उप मुख्य यांत्रिक इंजीनियर/बिजली, सी एंड डब्ल्यू वर्कशॉप, पूर्व रेलवे, लिलुआ, हावड़ा-711204 द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु तकनीकी संपन्न निविदाकारों से ई-निविदा (खुली निविदा) ऑनलाइन आमंत्रित की जाती है: **कार्य का नाम** : "(i) लिलुआ-हेरिटेज म्यूजियम का नवीनीकरण एवं आईबीएच कॉम्प्लेक्स का उन्नयन" नामित कार्य का विद्युतीकरण (शेड्यूल-ए) और "(ii) लिलुआ-लिलुआ वर्कशॉप के वर्तमान जीर्णशीर्ण हेरिटेज भवनों/इंस्टीट्यूट का नवीनीकरण/सुधार" नामित कार्य का विद्युतीकरण (शेड्यूल-ए-1)। **कार्य का अनुमानित मूल्य :** रु.1,40,90,743.12, **बयाना राशि :** रु. 2,20,500/-, **निविदा बंद होने की तिथि और समय:** दिनांक 22.09.2025 को 14.00 बजे। वेबसाइट जहाँ निविदा का संपूर्ण विवरण उपलब्ध है: **www.ireps.gov.in**

MISC-189/2025-26

निविदा सूचना वेबसाइट: www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

**Govt. of Jharkhand**

**Department of Mines and Geology**

**District- Garhwa**

**Notice Inviting E-Auction for Allocation of Sand ghats**

**(Through E-Procurement mode over https://www.jharkhandtenders.gov.in)**

The Jharkhand Sand Mining Rules, 2025 में उल्लेखित प्रावधानों के तहत Category-2 के बालूघाट/बालूघाटों के समूह कीई-नीलामी निम्न कार्यक्रमानुसार करायी जाएगी :-

1. ई-नीलामी कार्यक्रम :-

| NIT No. MINES GARHWA/SAND | बालूघाट या बालूघाटों के समूह जिसे एक इकाई बालू घाट मानते हुए नीलामी किया जाना है, की विवरणी। | निविदा दस्तावेज बिक्री शुल्क (5,000/-रू0+ GST in RCM Mode) जमाकर निविदा दस्तावेज डाउनलोड प्रारंभ करने की तिथि | ई-नीलामी से पूर्व प्री-बीड बैठक एवं प्रशिक्षण का समय एवं स्थान | अग्रधन राशि जमा तथा निविदा दस्तावेज अपलोड करने की अंतिम तिथि एवं समय | तकनीकी निविदा की जिला स्तरीय समिति द्वारा जाँच/मूल्यांकन कर सफल निविदादाताओं की सूची सिस्टम में अपलोड करने तथा प्रारम्भिक वित्तीय प्रस्ताव के मूल्यांकन की तिथि | ई-नीलामी की तिथि एवं समय |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1/2025 | GROUP – A डुमरसोता घाट समूह (सोन घाट-1, सोन घाट-2 सोन घाट-3) | | | | | |
| 2/2025 | GROUP –B मेरौनी घाट समूह (सोन घाट-4) | | | | | |
| 3/2025 | GROUP – C परती घाट समूह (सोन घाट 5-1, सोनघाट 5-2 सोन घाट-6) | | | | | |
| 4/2025 | GROUP – D खोखा-पाचाडुमर घाट समूह (सोन घाट-7) | 30.08.2025 | 01.09.2025 10:30 बजे पूर्वाहन् से 4:00 बजे अपराहन् तक समाहरणालय गढ़वा। | 10.09.2025 समय-5:00 बजे अपराहन् तक | 13.09.2025 समय 5.00 बजे अपराहन् तक | 16.09.2025 10:00 बजे पूर्वाहन् से 6:00 बजे अपराहन् तक |
| 5/2025 | GROUP – E राणाडीह- खरौंधा घाट समूह (नोर्थ कोयल घाट-1, नोर्थ कोयल घाट-2) | | | | | |
| 6/2025 | GROUP – F सोहगाड़ा घाट समूह (नोर्थ कोयल घाट-3) | | | | | |
| 7/2025 | GROUP – G खरसोता घाट समूह (नोर्थ कोयल घाट-4, नोर्थ कोयल घाट-5) | | | | | |
| 8/2025 | GROUP – H मझिऑव घाट समूह (नोर्थ कोयल घाट-6, नोर्थ कोयल घाट-7, नोर्थ कोयल घाट-8, नोर्थ कोयल घाट-9, नोर्थ कोयल घाट-10 | | | | | |

2. बालूघाट/बालूघाटों के समूह की विस्तृत विवरणी जिला के वेबसाईट www.garhwa.nic.in पर उपलब्ध है।
3. बालूघाट/बालूघाटों के समूह की ई-नीलामी प्रक्रिया, ई-प्रोक्योरमेंट पोर्टल www.jharkhandtenders.gov.in से करायी जाएगी।
4. ई-नीलामी में भाग लेने वाले व्यक्तियों/कम्पनी/फर्म/HUF को ई-प्रोक्योरमेंट पोर्टल https://www.jharkhandtenders.gov.in पर निबंधन कराना अनिवार्य होगा।
5. एतद् संबंधी समस्त सूचना (यथा- नीलामी कार्यक्रम, सुरक्षित जमा राशि, अग्रधन राशि इत्यादि) विस्तृत रूप से जिला के वेबसाईट एवं ई-प्रोक्योरमेंट पोर्टल पर उपलब्ध है।
6. एतद् संबंधी समस्त सूचना हेतु ई-प्रोक्योरमेंट हेल्पडेस्क एवं जिला खनन कार्यालय से सम्पर्क किया जा सकता है।
7. बालू घाट का तात्पर्य है कि The Jharkhand Sand Mining Rules, 2025 के नियम-3 के तहत जिला सर्वेक्षण प्रतिवेदन (बालू) में चिन्हित Category-2 Sand ghat/Sand Bearing Land/River Stream होगा।
8. निविदादाता द्वारा ई-पोरक्योमेंट/ई-नीलामी पोर्टल से निविदा दस्तावेज के साथ BoQ Templet (For Intital Price Offer) प्राप्त किया जाएगा। BoQ (.xls) प्रारूप में अपलोड किया जाएगा।
9. एतद संबंधी समस्त सूचना https://www.jharkhandtenders.gov.in एवं जिले के website www.garhwa.nic.in पर उपलब्ध है।

ह0/ कार्यपालक अभियंता, लघु सिंचाई | ह0/ जिला कोषागार पदाधिकारी | ह0/ जिला खनन पदाधिकारी

ह0/ अपर समाहर्ता, राजस्व | ह0/ उप निदेशक, खान | ह0/ उपायुक्त

PR 361068 Mines and Geology (25-26)_D

## संक्षिप्त समाचार

### 4 सितंबर को भाजपा ने मोतिहारी बंद का किया ऐलान

**मोतिहारी (पूर्वी चम्पारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** भाजपा ने इंडी गठबंधन द्वारा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के अपमान को लेकर आगामी 4 सितंबर को मोतिहारी बंद का ऐलान किया है। जिलाध्यक्ष पवन राज ने कहा कि इंडी गठबंधन के मंच से प्रधानमंत्री को अभद्र गाली दी गई और राहुल गांधी उस पर ताली बजाते रहे। प्रधानमंत्री का अपमान, नहीं सहेगा हिंदुस्तान। उन्होंने कहा कि सुबह सात बजे से सम्पूर्ण मोतिहारी बंद रहेगा। रेल को छोड़ कर बाकी सब कुछ बंद रहेगा। सभी व्यवसायी बंधुओं से आह्वान किया गया है कि अपनी-अपनी दुकानें बंद कर के प्रधानमंत्री के अपमान का प्रतिकार करें। उक्त आशय की जानकारी जिला मीडिया प्रभारी गुलरेज शहजाद ने जारी विज्ञप्ति के माध्यम से दी है।

### नौवें दिन परीक्षा कदाचार मुक्त शांतिपूर्ण तरीके से सम्पन्न

**मोतिहारी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** बी.आर.ए बिहार विश्वविद्यालय, मुजफ्फरपुर के तत्वाधान में टी.डी.सी. तृतीय खंड (पार्ट -3) की परीक्षा 21/08/2025 से आरंभ है। 02/08/2025 को परीक्षा के नौवें दिन मुंशी सिंह महाविद्यालय, मोतिहारी परीक्षा केंद्र पर प्रथम पाली में 1581 परीक्षार्थियों ने और दूसरी पाली में 1290 परीक्षार्थियों ने परीक्षा दी । प्रथम पाली में ग्रुप-ए, और दूसरी पाली में ग्रुप-बी ऑनर्स विषय के अंतर्गत आने वाले सभी विषयों के विद्यार्थियों ने सामान्य अध्ययनविषय की परीक्षा दी` परीक्षा कदाचार मुक्त और शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हुई । यह जानकारी मुंशी सिंह महाविद्यालय के परीक्षा नियंत्रक डॉ. मशहूर अहमद के हवाले से महाविद्यालय के मीडिया प्रभारी डॉ. गौरव भारती ने दी है ।

### कचरा प्रबंध की इकाई बनी शोभा की वस्तु

**कोटवा ( पूर्वी चंपारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** प्रखंड के बड़हरवा काला पूर्वी पंचायत में बना कचरा प्रबंधन की इकाई शोभा की वस्तु बनकर रह गया है। लाखों रुपये खर्च कर पंचायत क्षेत्र में ठोस अपशिष्ट प्रबंधन के लिए यह इकाई खोली गई थी, लेकिन उद्घाटन के बाद से ही इसका संचालन ठप पड़ा है। ग्रामीणों का कहना है कि इकाई के नाम पर केवल भवन बना दिया गया, लेकिन कचरा संग्रहण और निस्तारण की कोई व्यवस्था शुरू नहीं की गई। नतीजा यह है कि गांव की गलियों और सड़क किनारे कचरे का ढेर लग रहा है। इससे वातावरण प्रदूषित हो रहा है और संक्रामक बीमारियों का खतरा भी बढ़ गया है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि संबंधित विभाग और पंचायत प्रतिनिधि केवल योजना का उद्घाटन कर प्रचार कर चुके हैं, लेकिन अब तक इसे चालू कराने की दिशा में कोई ठोस पहल नहीं की गई। ग्रामीणों ने जिला प्रशासन से मांग की है कि इस कचरा प्रबंधन इकाई को शीघ्र चालू कर सफाई व्यवस्था बहाल की जाए। प्रखंड विकास पदाधिकारी सारीना आजाद ने बताया कि ब्लॉक को ऑडिनेटर को भेजकर इसकी जांच करवाई जाएगी।

### पीडीएस दुकानों का औचक निरिक्षण

**मोतिहारी/रामगढ़वा/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** विभागीय निर्देश के आलोक में रामगढ़वा प्रखंड के अहिरौलिया पंचायत के विभिन्न पीडीएस विक्रेताओं के दुकानों का औचक निरीक्षण मनीष कुमार अनुमंडल पदाधिकारी रक्सौल द्वारा किया गया। निरीक्षण में बहुत से पीडीएस में मशीन के स्टॉक एवं भौतिक स्टॉक में विषमता पाई गई। कुछ में स्टॉक का बोर्ड पर प्रदर्शन सही से नहीं करने,कुछ द्वारा वेटिंग मशीन का प्रमाण पत्र रिन्यू नहीं कराने का तथ्य मिला पाई गई कमियों के विरुद्ध संबंधित विक्रेताओं से कारण पृच्छा की गई है।

### 19 गिरफ्तार 39 वारंटों का निष्पादन

**बगहा/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** बगहा एसपी सुशांत कुमार सरोज के निर्देश पर पुलिस जिला में चलाई गयी विशेष अभियान के दौरान विभिन्न मामलों में 19 अभियुक्तों की गिरफ्तारी हुई है। वहीं पुलिस ने 39 वारंटों का निष्पादन किया है। एसपी सुशांत कुमार सरोज ने बताया कि पुलिस जिला में विधि व्यवस्था एवं अपराध नियंत्रण पर प्रभावी नियंत्रण को लेकर पुलिस जिला के सभी थाना को विशेष अभियान चलाने का निर्देश दिया गया है इस अभियान के तहत पुलिस जिला के विभिन्न थानों की पुलिस के द्वारा 16 अभियुक्तों की गिरफ्तारी की गई है। वही 39 वारंटो का भी निष्पादन किया गया है। साथ ही साथ वहान जांच के चलाए गए विशेष अभियान में पुलिस जिला के विभिन्न थानों की पुलिस के द्वारा 608 वाहनों की जांच की गई। जिसे 1.64 लाख रुपए का जुर्माना लगाया गया है। एसपी ने बताया कि पर्व त्योहार व विधानसभा चुनाव के मद्देनजर सभी थाने की पुलिस को अलर्ट मोड में रहते हुए कांडों त्वरित निष्पादन एवं अभियुक्तों की गिरफ्तारी को लेकर लगातार अभियान चलाने का निर्देश दिया गया है। साथ ही साथ कोर्ट के वारंटो के निष्पादन को लेकर भी पुलिस पदाधिकारी को सख्त निर्देश दिया गया हैं।

### बिजली का तार गिरने से भैंस की मौत

**साठी/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** थाना क्षेत्र के धमौरा गांव के वार्ड नंबर 8 में मंगलवार की सुबह बिजली की तार गिरने से एक भैंस की मौत हो गई है। उक्त भैंस धमौरा वार्ड नंबर 8 निवासी सुखाड़ी यादव की बताई जा रही है। घटना के संबंध में पूछे जाने पर ग्रामीणों ने बताया की पूरे वार्ड नंबर 8 में बिजली का झूला हुआ है। जिससे कभी भी कोई बड़ी दुर्घटना हो सकती है। जिसे लेकर बिजली विभाग को एक माह पहले आवेदन देकर अवगत कराया गया था कि केवल वाला तार लगा दें। लेकिन बिजली विभाग आज तक इस पर ध्यान नहीं दिया। घटना की जानकारी लौरिया पशु चिकित्सा पदाधिकारी डॉ0 अभिषेक कुमार को दी गई। उनके कहने पर भ्रमणशील पशु टीम लौरिया के द्वारा मृत भैंस का जांच पड़ताल किया गया। वहीं इस संबंध में बात करने पर धोबनी धरमपुर फीडर के जेई संजय कुमार ने बताया कि घटना मेरे संज्ञान में है। विभाग से जो भी मुआवजा संभव होगा भैंस मालिक को दिलाया जाएगा।

### ट्रेन से कटकर अधेड़ की मौत, टुकड़ों में बंटा शव

**बेतिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** नगर के छावनी रेलवे स्टेशन के समीप मंगलवार की सुबह सप्त क्रांति सुपर फास्ट एक्सप्रेस डाउन ट्रेन से कटकर अधेड़ की मौत हो गई। दर्दनाक हादसे में अधेड़ का शव कई टुकड़ों में बंट गया। घटना के बाद मौके पर लोगों की भीड़ लग गई। सूचना पर जीआरपी व कालीबाग थाना की पुलिस मौके पर पहुंची। बाद में शव की पहचान नगर के गंज नंबर दो निवासी वैस अहमद (50) के रूप में की गई है। बताया जाता है कि अधेड़ का मानसिक संतुलन ठीक नहीं था। पिछले कुछ दिनों वैस बीमार थे। कालीबाग थानाध्यक्ष अजय चौधरी ने बताया कि घटना की सूचना पर पुलिस मौके पर गई थी। परिजनों ने अधेड़ की मानसिक स्थिति ठीक नहीं होने की बात बताई है। मृतक की पत्नी ने शव पोस्टमार्टम कराने से इनकार कर दिया। पूछताछ के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया है।

### खेल खेल के बीच उत्पन्न हुए विवाद में केस दर्ज

**मैनाटांड/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** मानपुर थाना क्षेत्र के जिंगना गांव में बच्चों बच्चों के खेल खेल के बीच हुई उत्पन्न विवाद में केस दर्ज की गई है। थानाध्यक्ष अर्चना सिन्हा ने बताया कि उपेंद्र कुमार के आवेदन पर अमित खोजवार विशाल खोजवार सत्य नारायण खोजवार व प्रेमशिला देवी के खिलाफ केस दर्ज कर मामले की जांच पड़ताल शुरू कर दी गई है।

### बैठक में सरकार की योजनाओं पर हुई चर्चा

**मैनाटांड/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** सुशासन का सार आपके द्वार कार्यक्रम के बैनर तले पार्टी के कार्यकताओं द्वारा प्रखंड के डमरापुर रामपुर चौहाट्टा एंव भंगहा पचायत में बैठक आयोजित कर लोगों को सरकार के सभी योजनाओं के बारे में विस्तृत रूप से वर्णन की गई। बैठक की अध्यक्षता बीस सूत्री अध्यक्ष संजय पटेल ने की। बैठक में विधानसभा प्रभारी अकिलू रहमान जिला महासचिव रंजेश वर्मा धनेश पटेल मधुसूदन पटेल अमरेश पटेल आदि कार्यकर्ता मौजूद रहें।

### बिना नक्शा पास कराए भवन निर्माण पर प्रशासन सख्त

**बगहा/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** नगर क्षेत्र में बिना नक्शा पास कराये निर्माण पर नगर प्रशासन सख्त हैं। बिना नक्शा पास कराये निर्माण करने वाले लोगों को नगर प्रशासन चिन्हित कर उन पर कार्रवाई करेगा। नगर परिषद के कार्यपालक पदाधिकारी सरोज कुमार बैठा ने बताया कि बगहा शहर में बिना नक्शा के निर्माण करने वाले लोगों को चिन्हित किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि इसको लेकर नगर प्रशासन की ओर से चार टीमों का गठन किया गया है। टीम नगर के विभिन्न वार्डों में भ्रमण कर बिना नक्शा के निर्माण कर रहे लोगों को चिन्हित कर रही है। जिन पर कार्रवाई की जाएगी। ईओ ने बताया कि अब तक सैकड़ों लोगों को चिन्हित किया गया है। जिनके द्वारा बगैर नक्शा के ही भवन व अन्य निर्माण कार्य कराया जा रहा है। उन्होंने बताया कि इसके अलावा दो दर्जन से अधिक लोगों को नगर प्रशासन की ओर से नोटिस भी जारी कर उनसे जवाब तलब किया गया है। ईओ ने बताया कि लोगों का जवाब संतोषजनक नहीं मिला तो उन पर विभागीय कार्रवाई की जाएगी साथ ही साथ उनके निर्माण पर करवाई किया जाएगा।

# पं. राजकुमार शुक्ल स्मृति सम्मान से सम्मानित हुए डॉ. राजेश अस्थाना

**फिल्म चम्पारण सत्याग्रह के निर्माण एवं पंडित राजकुमार शुक्ल की भूमिका के लिए हुए सम्मानित**



**मोतिहारी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** पटना के गर्दनी बाग स्थित बापूधाम टावर में सुप्रसिद्ध समाजसेविका रागिनी पटेल के नेतृत्व में लाडो बानी फैन्स क्लब (ट्रस्ट) पटना द्वारा आयोजित पंडित राजकुमार शुक्ल की 150 वीं जयंती के भव्य समारोह में मोतिहारी के रहनेवाले बॉलीवुड के अभिनेता निर्देशक डा. राजेश अस्थाना को वर्ष 2025 के पं. राजकुमार शुक्ल स्मृति सम्मान से सम्मानित गया। मूल रूप से किसानों को समर्पित इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सुप्रसिद्ध शिक्षाविद खान सर, किसान चाची पद्मश्री राजकुमारी देवी, नारी गुंजन की पद्मश्री सुधा वर्गीस, विशिष्ट अतिथि कर्नाटक से आए शिक्षाविद व समाजसेवी डॉ. एम. जी. मुले, सुप्रसिद्ध इतिहासकार प्रो. भैरवलाल दास, प्रेम और दृढनिश्चयिता के प्रतीक दशरथ मांझी के पुत्र महेंद्र माझी, फाउंडेशन की ब्रांड एंबेसडर लाडो बानी पटेल, दिल्ली से आए छठी मैया फाउंडेशन के संदीप सिंह, पंडित राजकुमार शुक्ल के प्रपौत्र वत्स थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रो. देवेन्द्र प्रसाद सिंह और संचालन श्वेता सुरभि ने किया। ज्ञात हो कि यह राष्ट्रीय सम्मान उनको उनकी चर्चित फि ल्म "चम्पारण सत्याग्रह" के निर्माण एवं पंडित राजकुमार शुक्ल की भूमिका के लिए दिया गया। इस अवसर पर लाडो बानी फैंस क्लब (ट्रस्ट) की अध्यक्ष रागिनी पटेल ने कहा- यदि पंडित राजकुमार शुक्ल जी महात्मा गांधी को चंपारण न ले जाते, तो स्वतंत्रता संग्राम का स्वरूप विलंबित हो सकता था। उन्होंने किसानों की आवाज बनकर आंदोलन को नई दिशा दी। आज का यह सम्मान समारोह उनके आदर्शों को आत्मसात करने का संकल्प है। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए डॉ. अस्थाना ने पंडित राजकुमार शुक्ल के कई अनछुए पहलुओं पर प्रकाश डाला।

### मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना से ग्रामीण क्षेत्रों में उमंग

**मझौलिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार द्वारा शुरू की गई मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना ने ग्रामीण महिलाओं के बीच उत्साह और आत्मनिर्भरता की नई लहर पैदा कर दी है।मंगलवार को पंचायत भवन परिसर में आयोजित कार्यक्रम में बड़ी संख्या में महिलाओं ने हिस्सा लिया और योजना की विस्तृत जानकारी प्राप्त की।पंचायत के मुखिया सत्य प्रकाश ने बताया कि राज्य सरकार का यह ऐतिहासिक कदम महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने में मील का पत्थर साबित होगा। उन्होंने कहा कि योजना के तहत स्वरोजगार शुरू करने की इच्छुक प्रत्येक महिला को प्रारंभिक रूप से 10 हजार रुपये की सहायता दी जाएगी।

# बिहार राज्य जीविका निधि साख सहकारी संघ लिमिटेड का शुभारम्भ

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**मोतिहारी।** महात्मा गांधी प्रेक्षा गृह में बिहार राज्य जीविका निधि साख सहकारी संघ लिमिटेड का शुभारंभ कार्यक्रम का आयोजन किया गया` इस कार्यक्रम के अंतर्गत देश के प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से बिहार राज्य जीविका निधि साख सहकारी संघ लिमिटेड का शुभारंभ किया साथ ही प्रधानमंत्री जी द्वारा रिमोट का बटन दबा कर 105 करोड़ रुपये की राशि का हस्तान्तरण भी जीविका निधि में किया गया। यह कार्यक्रम 12:30 अपराह्न से शुरू हुआ, इस कार्यक्रम में जिले के सांसद राधा मोहन सिंह, जिलाधिकारी सौरभ जोरवाल, नगर आयुक्त , विधायकगण, कई वरीय प्रशासनिक पदाधिकारीगण के अलावा जीविका जिला परियोजना प्रबंधक गणेश पासवान सहित दो हजार से अधिक जीविका दीदियां शामिल हुई।इस कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी एवं राज्य के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार जी के संबोधन को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से सुना गया` माननीय मुख्यमंत्री बिहार ने कहा की ह्यजीविका निधिह्व में केंद्र सरकार की तरफ से राशि के हस्तांतरण से, बिहार में महिला सशक्तिकरण के कार्य को और गति प्राप्त होगी ।प्रधानमंत्री जी ने भी महिला सशक्तिकरण के अपने लक्ष्य को स्पष्ट किया एवं इसमें महिलाओं और स्वयं सहायता समूहों के योगदान की प्रशंसा की ' पूर्वी चंपारण जिले के सभी 27 प्रखंडों में भी इस कार्यक्रम का सीधा प्रसारण जीविका दीदियों के द्वारा देखा सुना गया` जीविका के सभी प्रखंड कार्यालय एवं सभी जीविका महिला संकुल स्तरीय संघों सहित कई ग्राम संगठनों में जीविका द्वारा इसके सीधे प्रसारण की व्यवस्था की गयी थी जिसमे जिले के सभी प्रखंडों की लगभग 4 लाख 93 हजार जीविका दीदियों ने इस कार्यक्रम को देखा और माननियों का संबोधन सुना।

## जीविका दीदियों ने देखा निधि साख सहकारी संघ का सीधा प्रसारण

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।



**चिरैया(पूर्वी चंपारण)।** प्रखंड मुख्यालय सहित संकुल स्तरीय संघ के 19 केन्द्रों पर जीविका दीदियों ने मंगलवार को बिहार राज्य जीविका निधि साख सहकारी संघ लिमिटेड के शुभारंभ के मौके पर आयोजित कार्यक्रम का सीधा प्रसारण देखा। उक्त कार्यक्रम बिहार के सभी जिला मुख्यालय, प्रखंड मुख्यालय एवं संकुल संघ स्तर पर प्रसारण उपकरण के माध्यम से जीविका दीदियों को दिखाया गया। इस कार्यक्रम में हजारों की संख्या में जीविका दीदियों ने भाग लिया। इसके अलावा केन्द्र से दूर अन्य दीदियों ने यूट्यूब एवं दूरदर्शन के माध्यम से कार्यक्रम को देखा। बता दें कि जीविका निधि का शुभारंभ प्रधानमंत्री द्वारा किया गया। इस अवसर पर पीएम मोदी ने 105 करोड़ की राशि डिजिटली हस्तांतरित करते हुए जीविका दीदी को संबोधित किया। वही कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने भी जीविका दीदी को संबोधित किया। राज्य सरकार द्वारा जीविका निधि को एक हजार करोड़ एवं केन्द्र सरकार द्वारा एक सौ करोड़ की राशि स्वीकृत की गई है, जिनमें से आज एक सौ पांच करोड़ हस्तांतरित कर दिये गए हैं। इस राशि से जीविका दीदियां अपने रोजगार व व्यवसाय को आगे बढ़ाएगी। यह ऋण राशि मांग के आधार पर कम ब्याज दर पर जीविका दीदियों को पूरी तरीके से डिजिटली हस्तांतरित किये जाएंगे। मौके पर बीडीओ रामनाथ कुमार, जीविका के प्रखंड परियोजना प्रबंधक रामबाबू कुमार, क्षेत्रीय समन्वयक राकेश कुमार शर्मा, दीपक कुमार चौधरी, विनय कुमार, मुस्कान कुमारी, श्रवण कुमार, चंदन कुमार, सूर्यकांत, निशा कुमारी, शिवम कुमार, रिंकी कुमारी, अभिषेक कुमार सिंह, सुनिल कुमार, सनी कुमार, हसमत तारा, मनोज पंडित, चंदेश्वर कुमार, अजय शंकर सहित जीविका कर्मी व कैडर मौजूद रहें।

# आगामी विधानसभा चुनाव को स्वच्छ एवं निष्पक्ष कराने को लेकर बैठक

**सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी-सह- वीडियो एवं प्रतिनियुक्त सेक्टर पदाधिकारियों के साथ बैठक**



**मोतिहारी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी 11- सुगौली विधानसभा क्षेत्र सह सदर अनुमंडल पदाधिकारी मोतिहारी ने की सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी एवं सेक्टर पदाधिकारी के साथ की बैठक ' मोतिहारी समाहरणालय स्थित डॉ. राधाकृष्णन सभागार में सुगौली विधानसभा क्षेत्र के निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी सह अनुमंडल पदाधिकारी सदर मोतिहारी सुश्री श्वेता भारती की अध्यक्षता में आगामी विधानसभा को स्वच्छ एवं निष्पक्ष वातावरण में संपन्न कराने को लेकर सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी सह प्रखंड विकास पदाधिकारी सुगौली एवं प्रतिनियुक्ति सेक्टर पदाधिकारियो के साथ बैठक की गई। बैठक के दौरान अनुमंडल पदाधिकारी ने कहा कि सभी सेक्टर पदाधिकारी सर्वप्रथम उनसे संबंधित मतदान केंद्र का भ्रमण कर लेंगे एवं सभी मतदान केंद्रों पर एश्योर्ड मिनिमम फैसिलिटी (एएमएफ) की उपलब्धता सुनिश्चित कराएंगे। इसके अंतर्गत मतदान केंद्र पर पेयजल की व्यवस्था, शौचालय की उपलब्धता, बिजली की व्यवस्था, रैंप की उपलब्धता आदि को देख लेंगे एवं इस बिंदु पर अपना प्रतिवेदन भी समर्पित करेंगे। अनुमंडल पदाधिकारी ने कहा कि सभी सेक्टर पदाधिकारी अपने - अपने क्षेत्र के अंतर्गत संवेदनशील मतदान केंद्रों को चिन्हित करेंगे खासकर उन मतदान केंद्रों को जहां किसी वर्ग विशेष / जाति विशेष या परिवार विशेष को मतदान करने से पूर्व में रोका गया हो या इस तरह की संभावना हो तो इससे संबंधित शीघ्र प्रतिवेदन उपलब्ध कराएंगे। अनुमंडल पदाधिकारी ने कहा कि सेक्टर पदाधिकारी को प्रशिक्षण दे दिया गया है। सभी सेक्टर पदाधिकारी गंभीरता पूर्वक अपने-अपने कार्य को समझ ले एवं उसका अनुपालन सुनिश्चित करें।

## आगामी 7 सितम्बर भाद्रपद शुक्ल पूर्णिमा को लगेगा चन्द्रग्रहण

**मोतिहारी (पूर्वी चम्पारण) नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** भाद्रपद शुक्लपक्ष पूर्णिमा रविवार आगामी 7 सितम्बर को चन्द्रग्रहण लगेगा और यह स्पर्श से लेकर मोक्ष तक सम्पूर्ण भारतवर्ष में दिखाई देगा। भारत के अतिरिक्त इस खग्रास चन्द्रग्रहण को अंटार्कटिका पश्चिमी प्रशान्त महासागर, आस्ट्रेलिया, एशिया, हिन्द महासागर, यूरोप, पूर्वी अटलांटिक महासागर आदि में भी दिखाई देगा। भारतीय मानक समय के अनुसार ग्रहण का प्रारंभ रात्रि में 09:57 बजे होगा। ग्रहण का मध्य रात्रि 11:41 बजे तथा मोक्ष अर्थात ग्रहण की समाप्ति रात्रि 01:27 बजे हो जाएगी। काशी सहित सम्पूर्ण भारतवर्ष में ग्रहण का समय उपरोक्त ही होगा। उक्त जानकारी महर्षिनगर नगर स्थित आर्षविद्या शिक्षण प्रशिक्षण सेवा संस्थान-वेद विद्यालय के प्राचार्य सुशील कुमार पाण्डेय ने दी। उन्होंने बताया कि चन्द्रग्रहण का सूतक ग्रहण प्रारंभ होने से 09 घंटे पूर्व ही लग जाता है। ग्रहण के प्रारंभ के समय और पुनः मोक्ष के समय स्नान करना चाहिए। ग्रहण का सूतक लग जाने पर मंदिर में प्रवेश करना व मूर्ति का स्पर्श करना, भोजन करना, स्त्री सहवास, यात्रा इत्यादि वर्जित है। बालक, वृद्ध एवं रोगी अत्यावश्यक पथ्याहार ले सकते हैं। भोजन सामग्री जैसे- दूध, दही, घी इत्यादि में कुश रख देना चाहिए। गर्भवती महिलाओं को पेट पर गाय के गोबर का पतला लेप लगा लेना चाहिए। ग्रहण अवधि में मंत्र-जप आदि करने का शास्त्रोक्त विधान है।



# धर्मांतरण के लिए युवती का अपहरण

**बेतिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** नगर थाना क्षेत्र के एक मोहल्ले से 20 वर्षीय युवती का अपहरण कर लिया गया है। युवती रामलखन सिंह यादव कॉलेज के स्नातक द्वितीय वर्ष की छात्रा है। घटना 27 अगस्त की है। मामले में युवती के पिता ने नगर थाना में प्राथमिकी दर्ज कराया है। उसने पुत्री के धर्मांतरण के लिए अपहरण करने का आरोप लगाया है। नगर थानाध्यक्ष मनोज कुमार सिंह ने बताया कि युवती के पिता की शिकायत पर थाना क्षेत्र के खुदा बख्श चौक डा. पूनम सिन्हा की क्लीनिक से सटे उत्तर निवासी मोहम्मद नसीम की पुत्री सन्ना उर्फ नुसरत, सन्ना के भाई सारिक उर्फ जानू, दूसरा भाई मोहम्मद शहनवाज, उसकी मां, पिता मोहम्मद नसीम व उसके एक अन्य भाई के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कि गई है। मामले की जांच की जा रही है। दर्ज प्राथमिकी में युवती के पिता ने बताया है कि उसकी पुत्री आरएलएसवाई कॉलेज के द्वितीय वर्ष की छात्रा है। वह अपनी सहेली सन्ना उर्फ नुसरत के घर अक्सर आया जाया करती थी। इसी दौरान सन्ना का भाई सारिक उर्फ जानू उसे अपनी बातों और प्रेम जाल में फंसा लिया। इस काम में अन्य आरोपित उसका सहयोग किए। 27 अगस्त को सारिक उर्फ जानू की बहन सन्ना उनके घर आई और उनकी पुत्री को कॉलेज ले जाने का बहाना बनाकर अपने घर लेकर चली गई। शाम तक पुत्री के वापस नहीं लौटने पर वे लोग सन्ना के घर पूछताछ करने गए। तब आरोपित गाली गलौज और मारपीट करने लगे। धमकी दिया कि दोबारा आने पर जान से मार देंगे। इसके बाद वे लोग वापस घर लौट आकर देखे तो पता चला कि घर में रखे 50 हजार रुपये, तीन लाख रुपये मूल्य के सोने के आभूषण झुमका, हार, नथिया, टीका, अंगूठी उनकी पुत्री लेकर चली गई थी। युवती के पिता ने पुलिस से बताया है कि आरोपित सारिक उर्फ जानू बहुत खराब आचरण का इंसान है। छेड़छाड़ और धार्मिक उन्माद फैलाने के आरोपी में जेल में था। 10-15 दिन पहले जेल से छूट कर बाहर आया है।

## वृद्धाश्रम में बुजुर्गों को मिले सुरक्षित और स्नेहपूर्ण माहौल : जिला पदाधिकारी

**बेतिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** जिला पदाधिकारी, धर्मेन्द्र कुमार ने कहा कि वृद्धाश्रम समाज का एक अहम संस्थान है, जहां वे बुजुर्ग रहते हैं जो किसी कारणवश परिजनों के साथ नहीं रह पा रहे हैं। ऐसे में प्रशासन और संस्था की जिम्मेदारी और भी बढ़ जाती है कि वे उन बुजुर्गों को एक सुरक्षित, गरिमामय और स्नेहपूर्ण वातावरण प्रदान करें। उन्होंने कहा कि वृद्धाश्रम में रहने वाले किसी भी बुजुर्ग को यह महसूस न हो कि वे असहाय हैं। उन्हें परिवार जैसा माहौल देने की जिम्मेदारी संस्था और प्रशासन दोनों की है। वे कार्यालय प्रकोष्ठ में आयोजित बैठक में पदाधिकारियों एवं संस्था को निर्देशित कर रहे थे। जिला पदाधिकारी ने सहारा वृद्धाश्रम का संचालन और भी सुदृढ़ एवं बेहतर बनाने पर बल दिया। उन्होंने कहा कि वृद्धाश्रम में रह रहे अंतःवासियों की देखभाल को प्राथमिकता दी जाए ताकि उन्हें किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े। उन्होंने निर्देश दिया कि वृद्धाश्रम के संचालन, आवासन व्यवस्था, नामांकन एवं पुनर्वास की प्रक्रिया को पारदर्शी और व्यवस्थित ढंग से संपन्न किया जाए। साथ ही अभिलेखों एवं पंजियों का विधिवत संधारण सुनिश्चित किया जाए, जिससे प्रत्येक गतिविधि का स्पष्ट रिकॉर्ड उपलब्ध रहे। उन्होंने भोजन एवं अन्य सुविधाओं की गुणवत्ता पर विशेष जोर देते हुए कहा कि अंतःवासियों को पौष्टिक आहार समय पर उपलब्ध कराया जाए। वृद्धाश्रम परिसर में साफ-सफाई और स्वच्छ वातावरण बनाए रखने की भी सख्त हिदायत दी। उन्होंने ने यह भी कहा कि चिकित्सा सुविधाओं की उपलब्धता और नियमित स्वास्थ्य जांच को प्राथमिकता दी जानी चाहिए, ताकि बुजुर्गों का स्वास्थ्य बेहतर बना रहे। सहारा वृद्धाश्रम का संचालन कर रही स्वयंसेवी संस्था आश्रय को इन सभी बिंदुओं पर गंभीरता से काम करने का निर्देश दिया गया।

# स्वरचित काव्य पाठ प्रतियोगिता का किया गया आयोजन




**मोतिहारी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** महात्मा गांधी केंद्रीय विश्वविद्यालय के राजभाषा प्रकोष्ठ तथा हिंदी विभाग द्वारा हिंदी पखवाड़ा-2025 उद्घाटन समारोह के अवसर पर 'स्वरचित काव्य पाठ प्रतियोगिता' का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम दो चरणों में संपन्न हुआ। प्रथम चरण 'उद्घाटन सत्र' तथा दूसरा चरण 'स्वरचित काव्य पाठ'। कार्यक्रम की अध्यक्षता मानविकी एवं भाषा संकाय के अधिष्ठाता एवं हिंदी विभागाध्यक्ष प्रो. राजेंद्र सिंह बड़गूजर ने की। इस कार्यक्रम के संयोजक हिंदी विभाग के सह आचार्य डॉ. अंजनी कुमार श्रीवास्तव थे। कार्यक्रम के निर्णायक मंडल के सदस्यों में अंग्रेजी विभाग के सहायक आचार्य डॉ. उमेश पात्रा, शैक्षिक अध्ययन विभाग की सहायक आचार्य डॉ. रश्मि श्रीवास्तव तथा संस्कृत विभाग के सहायक आचार्य डॉ. बबलू पाल थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे प्रो. राजेंद्र सिंह ने कहा कि 'हिंदी लोक की भाषा है लोकभाषा के कारण ही कोई भाषा शक्तिशाली बनती है' साथ ही हिंदी के विकास में अहिंदी भाषियों के योगदान को भी रेखांकित किया।इस कार्यक्रम के संयोजक हिंदी विभाग के सह आचार्य डॉ. अंजनी कुमार श्रीवास्तव ने अपने स्वागत वक्तव्य में कहा कि 'हिंदी दुनिया की सर्वाधिक बोली जाने वाली भाषा है, हिंदी किसी पर थोपी नहीं गई अपितु आम जनता द्वारा सहज स्वीकार की गई भाषा है।' निर्णायक मंडल के सदस्य डॉ. उमेश पात्रा ने कहा कि 'विद्यार्थियों को अपनी कविता को आत्मसात करते हुए कविता का पाठ करना चाहिए तथा अपनी कविता के साथ न्याय करना चाहिए।' साथ ही उन्होंने हिंदी की समृद्ध भाषिक परंपरा की भी चर्चा की। इस कार्यक्रम में हिंदी विभाग के सहायक आचार्य डॉ. गोविंद प्रसाद वर्मा, हिंदी की सहायक आचार्य डॉ. गरिमा तिवारी तथा हिंदी की सहायक आचार्य डॉ. आशा मीणा भी उपस्थित रहीं।कार्यक्रम के दूसरे चरण 'काव्य पाठ प्रतियोगिता' में 10 प्रतिभागियों ने काव्यपाठ किया। जिनमें मुकेश कुमार यादव,कविता कुमारी, अंजली कुमारी, मनोज कुमार, मनु भगत, संजना कुमारी, श्वेता कुमारी, रूपेश कुमार, शालिनी कुमारी, सोनी कुमारी आदि ने अपनी प्रस्तुति दी। प्रथम पुरस्कार मनु भगत परास्नातक तृतीय सत्र, द्वितीय पुरस्कार मुकेश कुमार यादव शोधार्थी, हिंदी विभाग तथा तृतीय पुरस्कार अंजली कुमारी और मनोज कुमार परास्नातक को प्राप्त हुआ। कार्यक्रम के प्रथम चरण का संचालन कार्यक्रम के आयोजन सचिव विकास कुमार शोधार्थी, हिंदी विभाग तथा दूसरे चरण का संचालन कार्यक्रम के सह संयोजक अशफीर्लाल शोधार्थी, हिंदी विभाग एवं धन्यवाद ज्ञापन कार्यक्रम की सह संयोजक सुनंदा गराई शोधार्थी, हिंदी विभाग ने किया।

## महिला के गले से चेन खींची, विरोध पर पुत्र को मारा चाकू

**बेतिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** मझौलिया थाना क्षेत्र के जौकटिया चौक पर शराब के नशे में उचक्कों ने स्कॉर्पियो में बैठी एक महिला के गले से सोने का चेन खींच लिया। दोनों चेन लेकर भागने लगे। महिला के पति व पुत्र ने दोनों का पीछा किया तो उचक्कों ने महिला के पुत्र को चाकू मार जख्मी कर दिया। घटना 24 अगस्त की है। मामले में महिला के पति मझौलिया थाना क्षेत्र के लालसरैया वार्ड एक निवासी मो. नजीब आलम ने मझौलिया थाना में प्राथमिकी दर्ज कराया है। प्राथमिकी में जौकटिया वार्ड सात निवासी धनेश कुमार व झुना को आरोपित किया गया है। प्राथमिकी के बाद पुलिस मामले की तहकीकात शुरू कर दी है। नजीब आलम ने पुलिस से बताया है कि 24 अगस्त की शाम वे अपने परिवार के साथ अपनी स्कॉर्पियो गाड़ी से पैतृक गांव आ रहे थे।

# मध्यस्थता आज के समय की वास्तविक आवश्यकता : अरूण

## निगरानी एवं पर्यवेक्षी समिति की बैठक

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**औरंगाबाद।** परिवार न्यायालय-सह मध्यस्थता निगरानी एवं पर्यवेक्षी समिति अध्यक्ष प्रधान न्यायाधीश अरूण कुमार के नेतृत्व में उनके ही प्रकोष्ठ में निगरानी एवं पर्यवेक्षी समिति की बैठक आयोजित की गई। इस समिति में सदस्य के रूप में लोक अभियोजक पुष्कर अग्रवाल, सरकारी अधिवक्ता, बिरजा प्रसाद सिंह, विधि संघ के अध्यक्ष विजय पाण्डेय, अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष संजय सिंह जिसे प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश द्वारा नामित किया गया है और अपर जिला सत्र न्यायाधीश पंकज पाण्डेय एवं प्रशिक्षित मध्यस्थ अरुण तिवारी तथा मध्यस्थता समन्वयक-सह जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव, तान्या पटेल उपस्थित रही। इस बैठक में प्रधान न्यायाधीश द्वारा बताया गया कि वादों को निस्तारण में मध्यस्थता का प्रयोग करें और कहा गया कि वर्तमान परिस्थिति के अनुरूप मध्यस्थता समय की आवश्यकता है। मध्यस्थता के उद्देश्यों पर प्रकाश डालते हुए कहा गया कि स्वच्छ समाज तथा स्वच्छ पारिवारिक वातावरण के निर्माण में मध्यस्थता का महत्वपूर्ण स्थान होता है। प्रधान न्यायाधीश द्वारा बताया गया कि सर्वोच्च न्यायालय के निर्देशानुसार 90 दिनों का विशेष मध्यस्थता अभियान चलाया जा रहा है जिसके अंतर्गत वैवाहिक विवाद मामलें, दुर्घटना दावा मामलें, घरेलू हिंसा मामलें, चेक बाउंस मामलें, वाणिज्यिक विवाद मामलें, सेवा मामलें, आपराधिक समझौता योग्य मामलें, उपभोक्ता विवाद मामलें, ऋण वसूली मामलें, विभाजन मामलें, बेदखली मामलें, भूमि अधिग्रहण मामलें, अन्य उपयुक्त सिविल मामलें को प्रमुखता से निस्तारण की कार्रवाई की जा रही है इस हेतु सभी को लगातार पहल करने की जरूरत है। इस अवसर पर मध्यस्थता समन्वयक-सह जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव तान्या पटेल द्वारा बताया गया इस मध्सस्थता विशेष अभियान के लिए कई स्तरों पर पारा विधिक स्वयं सेवकों के सहयोग से प्रचार-प्रसार की कार्रवाई की गयी है और वर्तमान परिस्थिति के अनुरूप इसका सुखद फल मिल रहा है और लोग इससे लाभांवित भी हो रहे है।

# विभिन्न अपराधों में 31 लोग गिरफ्तार

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**औरंगाबाद।** चुनाव के मद्देनजर अपराध पर अंकुश लगाने को लेकर जिले के विभिन्न थाना क्षेत्र में औरंगाबाद पुलिस ने विशेष अभियान चलाकर पिछले 24 घंटों में कई कार्रवाई किया है। कार्रवाई के फलस्वरूप विभिन्न कांडों के 31 आरोपितों को गिरफ्तार किया है। यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक अम्बरीश राहुल के नेतृत्व में जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में की गई जिसमें आवश्यक कार्रवाई के उपरांत 18 अभियुक्तों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया। लूट मामले में 1, हत्या के प्रयास में 2, शराब के शीर्ष कांडों में 6 एवं अन्य शीर्ष कांड में 22 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में 717 वाहनों की जांच की गई जिसमें 27000 रूपये जुर्माना वसूला गया है। वारंट निष्पादन की संख्या 35 एवं कुर्की निष्पादन की संख्या 2 है। 100 लीटर देसी एवं 1 बाइक बरामद किया गया है। विदित हो कि पुलिस अधीक्षक के आदेश पर पुलिस के जरिए लगातार विशेष अभियान चलाकर बदमाशों को गिरफ्तार कर जेल भेजा जा रहा है। पुलिस अधीक्षक की माने तो इस जद में जो भी पकड़े जाएंगे, उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएंगी। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि कानून व्यवस्था के मामले में किसी भी स्तर पर लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी। यह कार्रवाई अन्य पुलिसकर्मियों के लिए भी एक चेतावनी है कि वे अपने कर्तव्यों का निर्वहन पूरी ईमानदारी और पारदर्शिता के साथ करें। विभाग ने यह भी स्पष्ट किया है कि वरिष्ठ अधिकारियों के साथ सूचनाओं के आदान-प्रदान में पारदर्शिता अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने लोगों से अपील की है कि किसी के पास भी नशा तस्करी से जुड़ी कोई भी सूचना हो तो पुलिस से साझा करें सूचना देने वाले का नाम गुप्त रखा जाएगा।

## एक नजर

### एफएलएन किट और कॉपी का वितरण

**ओबरा (औरंगाबाद) (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** ओबरा प्रखंड के मध्य विद्यालय महथू में वर्ग छठे से आठवें क्लास के छात्रों के बीच एफएलएन किट एवम कॉपी वितरण समारोह आयोजित की गई। प्रधानाध्यापक निर्मल कुमार सिन्हा के साथ सभी शिक्षकों ने छात्रों को वितरण करते हुए कहा कि सरकार शिक्षा के गुणवत्ता सुधार को ले दृढ़ संकल्पित है जिसके लिए आप सबों को एफएलएन किट वितरण किया गया है। सभी पढ़ाई के प्रति सजग रहे और मन लगाकर पढ़े। कहा कि सरकार शिक्षा के गुणात्मक सुधार हेतु आप सबों को पोशाक की राशि, मध्यान भोजन एवम छात्रवृति की राशि उपलब्ध करा रही है ताकि छात्रों को पढ़ने मे अभिरुचि जगे। नियमित विद्यालय पहुंचकर शिक्षा ग्रहण करे। साफ सफाई के प्रति सजग रहने को आहवान किया। इस मौके पर शिक्षक संजय कुमार सिंह, अखिलेश कुमार पाठक, संजय कुमार, महताब आलम, अजीत दुबे, संध्या कुमारी, टोला सेवक लक्ष्मी नारायण समेत अन्य उपस्थित थे।

### नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर में उमड़ी भीड़

**ओबरा (औरंगाबाद) (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** ओबरा मुख्यालय के खरांटी पुल के समीप अरविंद हॉस्पिटल में डायरेक्टर डॉक्टर अरविंद कुमार सिंह के नेतृत्व मे स्वास्थ्य शिविर आयोजित की गई। इस मौके पर 80 मरीजों को चिकित्सा उपरांत निशुल्क दवाइयां बाटी गई। चिकित्सक प्रमोद कुमार सिंह, संतोष कुमार, चंदन कुमार, डॉक्टर साकेत कुमार ने मरीजों को चिकित्सा उपरांत कई आवश्यक निर्देश दिया। कहा कि, मरीज दवा को नियमित समय पर ले और चिकित्सक बासी खाने पर परहेज करे। जिन मरीजों को बुखार है, वे दवा खाए परंतु खाने पीने पर विशेष सावधानियां बरते। समय समय पर बल्ड प्रेशर, शुगर के साथ अन्य जांच आवश्य कराए। डायरेक्टर अरविंद कुमार ने कहा कि विशेष कर गरीबों के लिए यह शिविर आयोजित की जा रही है। ओबरा के साथ साथ अन्य क्षेत्रों मे भी जांचों उपरांत दवाइयां निशुल्क दी जाती है। यह शिविर व्यवस्थापक डॉक्टर वासुदेव प्रसाद की देख रेख मे सम्पन्न हुई।

### नि:शुल्क चिकित्सा शिविर आयोजित

**औरंगाबाद (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** दोमुहान रिसियप के समीप मंगलवार को विहंगम योग संत समाज के तरफ से निशुल्क चिकित्सा शिविर लगाया गया। सदर अस्पताल के चिकित्सक डा. अभिषेक कुमार सिंह द्वारा लगभग 100 से 150 मरीजों का निशुल्क चिकित्सा परामर्श दिए। बताया कि यह सेवा का कार्य अपने आप में अदभुत है। शिविर में मस्तिष्क, रीढ़, पेट, छाती, शुगर और रक्तचाप से संबंधित सभी प्रकार के रोगियों की जांच की गई और उन्हें सलाह दी गई। शिविर में बड़ी संख्या में रोगियों ने शामिल होकर चिकित्सीय परामर्श कराया। साथ ही ग्रामीण क्षेत्र में साफ-सफाई के अभाव में होने वाली बीमारियों के बारे में भी जागरूक किया। शहर और ग्रामीण क्षेत्र से आए मरीजों ने चिकित्सक को धन्यवाद दिया। कहा कि इस शिविर से मरीज को काफी सहूलियत मिली है। लोगों को बहुत कुछ सीखने का मौका मिला है। इस मौके पर विहंगम योग संत समाज के सदस्य मौजूद रहे।

### गोह के डीडीओ बने संतोष कुमार

**गोह (औरंगाबाद) (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** गोह प्रखंड स्थित बेला मध्य विद्यालय के प्रधानाध्यापक संतोष कुमार ने सोमवार की शाम करीब 3:00 बजे मध्य विद्यालय गोह के प्रधानाध्यापक के साथ डीडीओ का पदभार ग्रहण किया है। इस मौके पर उपस्थित विभिन्न विद्यालयों के प्रधानाध्यापकों में शामिल नागेंद्र सिंह, नवल सिंह, बुधन सिंह, धीरेन्द्र कुमार, वृजमोहन राम, रासिद अंसारी, खालिद इमाम खान सहित अन्य लोगों ने फुल माला पहनाकर सम्मानित किया। गौरतलब हो कि नवल किशोर के सेवानिवृत्त होने के बाद से यह पद खाली हो गया था।

### साढ़े तीन घंटे बिजली रहेगी बाधित

**गोह (औरंगाबाद) (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** बुधवार को गोह प्रखंड मुख्यायल स्थित कॉपरेटिव बैंक से जगतपति चौक रफीगंज व उपहारा रोड में केबलिंग कार्य को लेकर विद्युत आपूर्ति साढ़े तीन घण्टे तक ठप रहेगी। तथा पूरे गोह पीएसएस के अंतर्गत आने वाले सभी फीडर की विद्युत आपूर्ति ठप रहेगी। मंगलवार को जानकारी देते हुए जेई सूरज कुमार ने बताया कि गोह टाउन में 11 हजार में केबलिंग का कार्य किया जाएगा, जिसके वजह से सुबह 6:30 बजे 10 बजे तक बाधित रहेगी। वहीं गोह पीएसएस के अंतर्गत आने वाले सभी फीडर में सुबह 8:30 बजे से 10 बजे तक मीटरिंग यूनिट के कार्य को लेकर विद्युत आपूर्ति ठप रहेगी।

### जीविका निधि साख सहकारी संघ लिमिटेड का शुभारंभ

**जहानाबाद (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बिहार राज्य जीविका निधि साख सहकारी संघ लिमिटेड का किया शुभारंभ किया। जिले में इस अवसर पर अब्दुल बारी नगर भवन में कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसे वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से सीधा प्रसारित किया गया। इस अवसर पर जिला पदाधिकारी श्रीमती अलंकृता पांडेय, उप विकास आयुक्त डॉ. प्रीति, जिला परियोजना प्रबंधक (जीविका), अनुमंडल पदाधिकारी श्री राजीव रंजन सिंह, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी सहित जीविका से जुड़े पदाधिकारी उपस्थित थे।नगर भवन में उपस्थित महिलाओं एवं जीविका दीदियों ने प्रधानमंत्री के संबोधन को ध्यानपूर्वक सुना। महिलाओं ने महिला निधि की स्थापना पर हर्ष और उत्साह व्यक्त करते हुए कहा कि इससे उन्हें ससमय और उपयुक्त ब्याज दर पर ऋण उपलब्ध होगा तथा बड़े पैमाने पर उद्यमिता एवं आर्थिक सशक्तिकरण का मार्ग प्रशस्त होगा। महिलाओं ने अपनी प्रतिक्रिया साझा करते हुए इसे अपने जीवन में नए अवसर लाने वाला ऐतिहासिक कदम बताया।

# खाद की कालाबाजारी का आरोप लगाकर किसानों ने किया प्रदर्शन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मदनपुर।** यूरिया खाद की कालाबाजारी के विरुद्ध किसानों ने मदनपुर प्रखंड मुख्यालय परिसर में अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन व भूख हड़ताल किया गया। कार्यक्रम का नेतृत्व किसान पतेया निवासी नेता संतन कुमार सिंह के द्वारा किया जा रहा है। किसानो को संबोधन में श्री सिंह ने कहा कि जब किसान को यूरिया खाद खेत में डालने का समय हुआ तब खाद बिक्रेताओं के द्वारा कालाबाजारी किया जाने लगा जिस खाद 266 रुपये में मिलना चाहिए था जो 380 से 400 रुपये से भी अधिक में मिल रहा है। खादी कालाबाजारी की जा रही है। अधिकारियों से शिकायत करने पर अनसुना कर दिया जाता है। कोई सुनवाई करने वाला नहीं है। खाद विक्रेताओं खुलेआम कालाबाजारी करते है। अधिकारी देख कर भी अनदेखी करते है। इसी से समझा जा सकता है कि वे खाद विक्रेताओं से मिली भगत रहता है। खाद की किल्लत से किसान परेशान है। कहा कि जब तक सरकार किसानों को उचित मूल्य पर यूरिया खाद उपलब्ध नहीं कराती है तब तक अनिश्चितकालीन अनशन धरना प्रदर्शन जारी रखा जाएगा। जिला कृषि पदाधिकारी जल्द से जल्द किसानों को खाद यूरिया उपलब्ध कराएं। धरना पर बैठे किसानों में बसंत सिंह, ब्रिजनंदन सिंह, अमरजीत सिंह, शैलेन्द्र कुमार सिंह, प्रमोद यादव, प्रवीन कुमार, राजेश प्रसाद, पंचम सिंह, सुशील कुमार, राजेन्द्र पासवान शामिल है।

# अपात्र व्यक्तियों का नाम सूची में न हो शामिल और योग्य छूटे नहीं

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**गोह।** विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम अपने अंतिम चरण में है। इसी क्रम में दाउदनगर अनुमंडल पदाधिकारी-सह-निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी 219 गोह के अमित राजन की अध्यक्षता में मंगलवार को सभी मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों की बैठक आयोजित की गई। बैठक में अब तक हुए कार्यों की प्रगति से सभी को अवगत कराया गया। निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी ने कहा कि पुनरीक्षण कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य शुद्ध एवं पारदर्शी मतदाता सूची तैयार करना है। उन्होंने राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि गणों को प्रशासन के उद्देशों के बारे में बताया कि पात्र मतदाताओं का नाम सूची से किसी भी स्थिति में विलोपित न हो। अपात्र व्यक्तियों का नाम सूची में शामिल न किया जाए। 18 से 19 आयु वर्ग के युवाओं का नाम बड़े पैमाने पर जोड़ा जाए। इसके लिए विद्यालयों-कॉलेजों में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं से संपर्क कर आवश्यक दस्तावेज एकत्र किए जाएँ और प्रपत्र-6 भरवाया जाए। लिंगानुपात सुधारने हेतु महिलाओं का नाम अधिक से अधिक जोड़ा जाए। इसके लिए नवविवाहिताओं, नवयुवतियों तथा आंगनवाड़ी व अन्य के माध्यम से चिह्नित पात्र महिलाओं का नाम मतदाता सूची में शामिल करने पर बल दिया जाए। प्रत्येक बूथ स्तर पर बीएलओ यह सुनिश्चित करें कि किसी भी योग्य महिला या युवा मतदाता का नाम छूटने न पाए। निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी ने राजनीतिक दलों को मतदान केंद्रवार वह सूची भी उपलब्ध कराई जिसमें एस-फॉर्म सम्मिलित किए गए हैं। उन्होंने अपील की कि सभी मिलकर पुनरीक्षण कार्य की सफलता सुनिश्चित करें ताकि अंतिम प्रकाशन में मतदाता सूची त्रुटिरहित और संतुलित हो सके। दाउदनगर अनुमंडल पदाधिकारी कहा कि लोकतंत्र में हर एक मतदाता की भागीदारी महत्वपूर्ण है। आप सभी योग्य नागरिकों से अपील है कि यदि आप 18 वर्ष या उससे अधिक आयु के हो चुके हैं तो अपना नाम मतदाता सूची में अवश्य दर्ज कराएं। विशेष रूप से युवा वर्ग और महिलाएं आगे आएं, क्योंकि आपका एक-एक वोट न केवल लोकतंत्र को सशक्त बनाता है बल्कि आपके क्षेत्र के विकास की दिशा भी तय करता है। आइए, सभी मिलकर एक सशक्त, पारदर्शी और समावेशी मतदाता सूची बनाने में योगदान दें।

# पांच पंचायतों में लगाया गया शिविर

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**राजस्व महाअभियान**

**मखदुमपुर (जहानाबाद)।** बिहार सरकार के राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग के द्वारा जमीन के रिकॉर्ड में अशुद्धियो के सुधार में तेजी लाने के उद्देश्य से एक विशेष कार्यक्रम चलाया जा रहा है। जिसे राजस्व महा-अभियान का नाम दिया गया है। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य है की पंचायत स्तर पर शिविर लगाकर भूमि के दस्तावेजों में अशुद्धियों को दुरुस्त करने का दस्तावेज अंचल के कर्मियों द्वारा लिया जा रहा है। इसी कड़ी में मंगलवार के दिन मखदुमपुर प्रखंड के पाँच पंचायतो में अंचलाधिकारी रंजीत कुमार उपाध्याय के अध्यक्षता में राजस्व महा-अभियान का शिविर लगाया गया। जानकारी देते हुए अंचलाधिकारी रंजीत कुमार उपाध्याय ने बताया कि मंगलवार के दिन नगर पंचायत मखदुमपुर में शिविर लगाया गया जहां 400 फॉर्म लिए गए, वहीं सोल्हन्डा पंचायत में लगाए गए शिविर में 72 फॉर्म प्राप्त किए गए, सुगांव पंचायत में 199, मकरपुर पंचायत में 190 तथा मलाठी पंचायत में 176 फार्म लिए गए। उन्होंने कहा कि इस मौके पर राजस्व अधिकारी आयशा अलफिया मखदुमपुर, सभी पंचयात के कर्मचारी, सीएससी के ऑपरेटर, स्थानीय मुखिया सहित कई लोग उपस्थित रहे। साथ ही अंचलाधिकारी ने कहा की सरकार ने राजस्व महा-अभियान आम लोगों की सुविधा के लिए चलाया है ताकि आम लोगों को अपने जमीन के कागजात में अशुद्धियों को सुधरवाने के लिए अपने आंचल का चक्कर काटना ना पड़े और उनके पंचायत स्तर पर शिविर लगाकर उनकी समस्याओं का निदान किया जा सके। उन्होंने बताया कि इस अभियान से आम लोगो को काफी फायदा पहुंच रहा है।

# अंग्रेजी शराब के साथ तस्कर गिरफ्तार

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**रफीगंज (औरंगाबाद)।** पंडित दीनदयाल गया रेलखंड के रेल सुरक्षा बल पोस्ट रफीगंज क्षेत्राधिकार अंतर्गत गुरारू रेलवे स्टेशन प्लेटफार्म संख्या 01 से अंग्रेजी शराब के साथ एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया। पूछताछ में गिरफ्तार व्यक्ति की पहचान गया जिला अंतर्गत थाना वजीरगंज के हुरराही गांव निवासी स्व पारस सिंह के 28 वर्षीय पुत्र रवि कुमार के रूप में की गई है। इसके पास से पश्चिम बंगाल राज्य निर्मित विभिन्न ब्रांड के कुल 27.330 लिटर जिसका मूल्य 26,210/- रुपया को जप्त बरामद किया गया है। इस सम्बंध में आरपीएफ इंस्पेक्टर राम सुमेर ने बताया कि पंडित दीन दयाल उपाध्याय रेल मंडल के वरीय मंडल सुरक्षा आयुक्त जेथीन बी. राज के निर्देशन में आगामी त्योहारों के मद्देनजर रेल सुरक्षा तथा यात्रियों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए तथा रेल गाड़ियों से विस्फोटक, ज्वलनशील प्रतिबंधित एवं नशीले सामानों का परिवहन रोकने एंव ऐसे विधिविरुध कार्य करने वाले व्यक्तियों पर नकेल कसने हेतु विशेष अभियान चलाने का निर्देश दिया गया है। इसी अभियान के तहत रेल सुरक्षा बल रफीगंज की टीम के उप निरीक्षक इंदल कुमार मंडल, सहायक उप निरीक्षक अविनाश कुमार, आरक्षी नरेंद्र कुमार एवं आरक्षी भूपेंद्र कुमार ने ये अभियान चलाया। इन्होंने बताया कि शराब जब्त करते हुए तस्कर को गिरफ्तार कर अग्रिम कार्यवाही के लिए राजकीय रेल पुलिस गया को सुपुर्द कर दिया गया। जहाँ मुकदमा दर्ज कर अभियुक्त को जेल भेज दिया गया। पकड़े गए व्यक्ति ने पूछताछ में आरपीएफ को बताया कि पश्चिम बंगाल हावड़ा से सस्ते दाम में अंग्रेजी शराब खरीद कर लाते हैं एवं बिहार में उंचे दाम में बेच कर मुनाफा कमाते हैं।

# सेविका एवं सहायिकाओं ने आंदोलन को सफल बनाने लिया निर्णय

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**जहानाबाद।** 8 सितम्बर को पटना में संयुक्त संघर्ष समिति द्वारा आयोजित आंदोलन को सफल बनाने के लिए मंगलवार को हुलासगंज स्थित बड़ी दुर्गा मंडप के प्रांगण में सेविका एवं सहायिकाओं की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता हुलासगंज प्रखंड आंगनबाड़ी सेविका/सहायिका संघ की अध्यक्ष ईंगला कुमारी द्वारा किया गया। उन्होंने बैठक के उद्देश्यों के संबंध में बताया कि सर्वोच्च न्यायालय के आदेश के बावजूद ग्रेच्युटी लागू नहीं करने, बिना पर्याप्त संसाधन के एफ.आर.एस को जबरन लागू करने, सेविकाओं को महिला पर्यवेक्षक के पद पर प्रोन्नति नहीं देने तथा हड़ताल अवधि को सेवा अवधि मानते हुए सेवा निरंतरता के आधार पर अनुभव प्रमाण पत्र निर्गत नहीं करने तथा सेविका सहायिकाओं को उच्च अधिकारियों द्वारा किए जा रहे शोषण दोहन के विरोध में बिहार राज्य आंगनबाड़ी संयुक्त संघर्ष समिति पटना के आह्वान पर 8 सितंबर 2025 को पटना के गर्दनीबाग स्थित धरना स्थल पर एक दिवसीय आक्रोश दिवस सभा में सेविका एवं सहायिकाओं के शामिल होने का निर्णय लिया गया है। उन्होंने बताया कि सरकार द्वारा उनके मांगों को तबज्जों नहीं दिया जा रहा है जबकि अन्य विभागों के कर्मियों को वेतन एवं अन्य सुविधाओं में समय- समय पर बढ़ोतरी की जा रही है। उन्होंने बताया कि अब सरकार द्वारा लगातार की जा रही अनदेखी से धैर्य जबाब दे रहा है।

# जनसंपर्क सह आशीर्वाद यात्रा आयोजित

**हसपुरा (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** औरंगाबाद प्रखंड क्षेत्र के पंचायत इटवां सहित अन्य गांव में राष्ट्रीय लोक मोर्चा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष डॉ रणविजय कुमार ने जनसंपर्क तथा आशीर्वाद यात्रा का कार्यक्रम हुआ। सबसे पहले इटवा गांव के पूर्व मुखिया राजेंद्र प्रसाद के 35 वर्षीय पुत्र जितेंद्र कुमार वर्मा की मौत पिछले दिन हुआ था उनके परिवार से मिलकर ढांढस बंधाया और संतावना व्यक्त किया। उसके बाद ग्रामीणों के बीच जनसंपर्क अभियान का कार्यक्रम किया ग्रामीण के द्वारा इटावा से खुटहन पक्की रोड बनाने का मांग किया और कृषि ट्रांसफार्मर लगवाने का मांग किया। उनके साथ प्रदेश महासचिव विनोद कुमार सिन्हा, प्रखंड अध्यक्ष श्रीकांत कुमार वर्मा, कृष्णा सिंह उर्फ श्री बाबू ,प्रकाश सिंह, श्रीकांत प्रसाद, नारायण शर्मा, गोपाल प्रसाद, अरुण पटेल, विनोद शर्मा, राजू कुमार वर्मा, रामबली सिंह, विजेंद्र सिंह आदि थे।

# मतदान में महिलाओं की भागीदारी बढ़ाने के लिए जीविका दीदियों ने लिया संकल्प

## भाई की कुशलता और लंबी उम्र की कामना को लेकर बहने रखती हैं कर्मा का व्रत

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**जहानाबाद।** जहानाबाद शहर के अब्दुलबारी नगर भवन, में आयोजित कार्यक्रम में विभिन्न प्रखंडों से आई जीविका दीदियों के साथ मतदाता जागरूकता संवाद का आयोजन किया गया। इस अवसर पर नोडल पदाधिकारी स्वीप कोषांग, सहायक नोडल पदाधिकारी स्वीप कोषांग श्री अमित कुमार, जिला कार्यक्रम पदाधिकारी (आई सीडीएस) श्रीमती रचना, जिला परियोजना प्रबन्धक जीविका सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे। कार्यक्रम में उपस्थित सभी अधिकारियों एवं जीविका दीदियों द्वारा महिलाओं को मतदान के महत्व के बारे में जागरूक किया गया। महिलाओं को बताया गया कि लोकतंत्र की सबसे बड़ी शक्ति उनका मत है, जिसे मतदान दिवस पर बूथ पर जाकर प्रयोग अवश्य करना चाहिए। साथ ही, प्रत्येक परिवार में जिन सदस्यों ने 18 वर्ष की आयु पूरी कर ली है उन्हें प्रपत्र-6 के माध्यम से मतदाता सूची में नाम जोड़वाने हेतु प्रेरित करने का आग्रह किया गया। सहायक नोडल पदाधिकारी द्वारा विशेषकर, बेटियों और बहुओं का नाम मतदाता सूची में शामिल कराने पर बल दिया गया ताकि कोई भी योग्य नागरिक मताधिकार से वंचित न रह सके। नोडल पदाधिकारी स्वीप कोषांग द्वारा यह भी बताया गया कि जिला निर्वाचन कार्यालय द्वारा प्रत्येक पंचायत स्तर पर मोबाइल डेमोंस्ट्रेशन वैन (एम डी वी) के माध्यम से मतदाताओं को ईवीएम और वीवीपैट की कार्यप्रणाली से अवगत कराया जा रहा है। ग्रामीण स्तर पर लोग इस वैन के माध्यम से प्रत्यक्ष रूप से ईवीएम का प्रदर्शन देखकर मतदान प्रक्रिया को समझ सकते हैं। अधिकारियों ने बताया कि जहानाबाद जिला महिला मतदाताओं की संख्या के मामले में सशक्त जिला रहा है तथा महिलाओं की भागीदारी सराहनीय रही है। इस बार भी जिला निर्वाचन पदाधिकारी द्वारा अपील की गई कि महिलाएं अपने परिवार और समाज में सक्रिय भूमिका निभाते हुए अधिक से अधिक संख्या में मतदान करें और नए मतदाताओं को भी प्रेरित करें।अभियान के क्रम में सभी जीविका दीदियों द्वारा मतदाता शपथ भी लिया गया, जिसमें उन्होंने अपने मताधिकार का महत्व समझते हुए मतदान दिवस पर अवश्य मतदान करने तथा दूसरों को भी इसके लिए प्रोत्साहित करने का संकल्प लिया।

# दीदियों को प्रोत्साहित कर रही सरकार

**रफीगंज।** भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व मुख्यमंत्री नीतीश कुमार एवं उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, विजय कुमार सिन्हा ने कॉन्फ्रेंस के माध्यम से बिहार राज्य जीविका निधि साख सहकारी संघ लिमिटेड का शुभारम्भ किया गया एवं 105 करोड़ की राशि का जीविका निधि में ट्रांसफर किया। राज्य में कार्यरत 11 लाख से अधिक समूह से जुड़ी 1 करोड़ 40 लाख से अधिक का जीविका दीदियों की आर्थिक गतिविधियों गति मिलेगी। प्रखंड कार्यालय में लाइव वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जीविका दीदियों को संबोधन किया गया।


## कार्यालय, नगर पंचायत छत्तरपुर (पलामू)

पत्रांक–................../दिनांक–....................

### आम–सूचना

अपर अभियान निदेशक, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, झारखण्ड, राँची के पत्रांक 328 (AMD) दिनांक 06.12.2022 के आलोक में पलामू जिले के नगर पंचायत, छत्तरपुर शहरी क्षेत्र में 15वें वित्त आयोग (स्वास्थ्य) के तहत् संचालित किये जाने वाले अर्बन आयुष्मान आरोग्य मंदिर (UAAM) के संचालन हेतु चिकित्सकों की सेवा प्राप्त किया जाना है। चिकित्सकों के चयन हेतु दिनांक–13.09.2025 को नगर पंचायत छत्तरपुर को पूर्वाह्न 11:30 AM बजे को Walk in interview निर्धारित किया गया है। इच्छुक निजी चिकित्सकों से निम्नांकित शर्तो के अधीन आवेदन आमंत्रित किये जाते हैं।

| क्र०सं० | विवरणी | आवश्यक शर्ते |
|---|---|---|
| 01. | पदनाम | General Duty Medical Officer |
| 02. | न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता | मेडिकल कॉउन्सिल ऑफ इण्डिया से मान्यता प्राप्त किसी भी संस्थान से M.B.B.S. की डिग्री |
| 03. | उम्र सीमा | अधिकतम 67 वर्ष (सिविल सर्जन के माध्यम से निर्गत मेडिकल फिटनेस प्रमाण पत्र के आधार पर 70 वर्ष तक के चिकित्सकों की सेवा प्राप्त की जा सकती है। मेडिकल फिटनेस प्रमाण पत्र की वैधता एक वर्ष के लिए मान्य होगा।) |
| 04. | मानदेय | रू० 63000/– (तिरसठ हजार रूपए मात्र) |
| 05. | कुल रिक्तियां | 01 (एक पद) |
| 06. | चयनित चिकित्सकों द्वारा भविष्य के लिए नियमिति करण हेतु किसी भी प्रकार का दावा मान्य नहीं होगा। | |
| 07 | मानदेय भुगतान में नियमानुसार TDS कटौती की जाएगी। | |
| 08 | Walk in Interview में उपस्थित होने के लिए किसी प्रकार का यात्रा भत्ता देय नहीं होगा। | |
| 09 | कार्य दिवस सोमवार से शनिवार (कार्य अवधि 8 घण्टा) | |

दिनांक 13.09.2025 को नगर पंचायत छत्तरपुर को पूर्वाह्न 11:30 AM बजे Walk in Interview के लिए अपना बायोडाटा, सभी मूल प्रमाण पत्र एवं दो सेट छायाप्रति के साथ नगर पंचायत छत्तरपुर कार्यालय में उपस्थित होना होगा।

कार्यपालक पदाधिकारी
नगर पंचायत छत्तरपुर

PR 361126 (District)25-26*D

## संक्षिप्त समाचार

### सड़क हादसे में एक युवक की मौत

**बाढ़/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** थाना क्षेत्र के अकबरपुर गांव में सोमवार की देर रात्रि सड़क दुर्घटना में एक युवक की मौत हो गई। मोटरसाइकिल से जा रहा युवक सड़क किनारे कटे हुए ताड के पेड़ से टकरा गया। मृतक की पहचान इलाके के मोटरसाइकिल मैकेनिक मोहम्मद हसमत के इकलौते पुत्र 19 वर्षीय मोहम्मद खुलशांत हुसैन के रूप में हुई है। घटना की जानकारी मिलते ही मौके पर ग्रामीणों की भीड़ इकट्ठा हो गई इस दौरान स्थानीय लोगों के द्वारा पुलिस को सूचना दी गई। मौके पर पुलिस पहुंचकर मृतक की लाश को अस्पताल भिजवाया लेकिन परिजनों में विरोधाभास के चलते युवक की लाश को अपने गांव लेकर चले गए अभी तक पोस्टमार्टम की प्रक्रिया पूरी नहीं हुई फिर बाद में परिजनों को समझाने बुझाने के बाद मृतक की लाश का पोस्टमार्टम करवाया गया। वहीं घटना की सूचना मिलते ही इलाके में शोक की फैल गई है। मंगलवार के दिन मृतक के लाश को मिट्टी मंजिल किया गया।

### दो राउंड फायरिंग से दहशत

**बाढ़/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** अनुमंडल के धनामा मुबारकपुर पंचायत के पूरा गांव में आपसी विवाद में दो राउंड फायरिंग से पूरा इलाका मे दहशत का माहौल पैदा हो गया। ग्रामीणों ने बताया कि शिवम पासवान पूरा गांव में हेमा देवी के यहां ड्राइवर का काम करता है। जमीनी विवाद में मारपीट के मामले में शिवम के मालिक और बेटे जेल में हैं। वह अपने मालिक के घर पर रहकर बाजार से कुछ जरूरी सामान भी ले आता था। दूसरा पक्ष इसी बात से नाराज होकर उसे कई बार काम छोड़ देने के लिए धमकी भी दे चुका था। तभी सोमवार की देर रात्रि कुछ लोगों ने फोरलेन पुल के पास उसका मुंह ढककर बुरी तरह से पीटा, फिर उसपर दो राउंड फायरिंग कर मौके से फरार हो गए। युवक के सिर पर गंभीर चोट लगी है और उसके शरीर पर भी कई चोट के निशान हैं। इससे पहले भी जमीनी विवाद में दोनों पक्षों में कई बार फायरिंग की घटना हो चुकी है। शिवम पासवान ने बताया कि बाढ़ थाने की पुलिस को मारपीट और फायरिंग की सूचना दी गई, लेकिन घटनास्थल पर एक भी पुलिस कर्मी नहीं पहुंचा। वह किसी तरह उनसे अपने को छुड़ाकर फोरलेन की तरफ भागा। उसी दौरान उसपर दो राउंड फायरिंग की गई। दोनों गोली उसके कनपटी के पास से होकर गुजरी। उसकी मालकिन हेमा देवी किसी तरह उसे लेकर बाढ़ अनुमंडल अस्पताल पहुंची, जहां उसका इलाज चल रहा है। उन्हें पुलिस का कहना है कि घटना की जानकारी मिलने के कुछ देर बाद घटनास्थल पर पहुंचकर मामले की छानबीन शुरू कर दी गई है दोषी के खिलाफ कार्रवाई की जा रही है।

### जीविका निधि सहकारी बैंक का विधिवत उद्घाटन

**बाढ़/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** प्रखंड कार्यालय सभागार में एक कार्यक्रम के तहत जीविका निधि बैंक की शुरूआत बड़े ही धूमधाम से की गई प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा जीविका निधि सहकारी संघ का उद्घाटन वीडियो कांफ्रेंस के माध्यम से किया गया इस कार्यक्रम में अनुमंडल पदाधिकारी चंदन कुमार, प्रखंड विकास पदाधिकारी कुमारी अंजू , प्रखंड योजना प्रबंधक राजेश कुमार सहित कई जीविका कमी मौजूद थे प्रखंड कार्यालय के सभागार में यह कार्यक्रम किया गया जिसमें लगभग 400 जीविका दीदी ने हिस्सा लिया और प्रधानमंत्री के अभिभाषण को सुना इस बैंक के शुरूआत का मुख्य उद्देश्य है जीवका दीदी को आत्मनिर्भर बनाना ताकि जीविका दीदी इस बैंक से पैसा लेकर रोजगार शुरू करें और अपने जीवन स्तर को बेहतर बना दे मुख्यमंत्री द्वारा 101 करोड़ रुपया पहली किस्त के रूप में दी गई है और 1000 करोड़ रुपया देने का लक्ष्य रखा गया है ताकि जीविका दीदी को रोजगार के लिए सस्ते शुद् पर मिलने लोन निकासी कर सके और अपने कारोबार को बढ़ाकर अपने परिवार के जीवन शैली को सुधर सके /कार्यक्रम प्रखंड में दो दो जगह एवं 18 संकुल में किया गया बैंक को शुरूआत होने से जीविका दीदी काफी उत्साह देखा गया।

### इलाज के दौरान लापता हुआ मरीज, प्राथमिकी दर्ज

**मसौढी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** अनुमंडल अस्पताल मसौढ़ी में इलाज के दौरान 70 वर्षीय वृद्ध मरीज लापता हो गए हैं, जिनका नाम उमेंद्र सिंह बताया जा रहा है,परीजनों ने मसौढी थाना में गुमशुदगी का मामला दर्ज कराया है। दरअसल बताया जाता है कि सुकठीया गांव के रहने वाले उमेंद्र सिंह को बीते 29.08 2025 को अनुमंडल अस्पताल में करंट लगने से जख्मी होने पर इलाज के दौरान भर्ती कराया था और उनका इलाज चल रहा था, वही बीते एक सितंबर को सुबह 5:00 बजे वह अपने बेड से लापता हो गए हैं, उनके परिजनों ने कुछ देर के लिए फल लाने के लिए बाजार निकले थे जब वापस लौटे तो वह अपने बेड पर नहीं थे उसके बाद खोजबीन शुरू की जहां घर परिवार अस्पताल बाजार सभी जगह ढूंढ ढूंढ कर परेशान हो गए लेकिन कहीं पता नहीं चला अंत में गुमशुदा हुए उमेंद्र सिंह के पोता सौरभ कुमार पिता सुबोध सिंह ने गुमशुदा की का मामला दर्ज कराया है पुलिस मामले की छानबीन में जुटी हैं।

### अतिक्रमणकारियों पर चला नगर निगम का बुलडोजर

**बिहारशरीफ/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** अतिक्रमण को लेकर मंगलवार को महलपर मोहल्ला में नगर निगम का बुलडोजर गरजा और देखते ही देखते दुकानों, मकानों, पक्की सीढ़ियों को तोड़ा गया । जिन दुकानदारों ने सड़कों को ही दुकान बना ली थी, उनके अरमान मिनटों में चकनाचूर हो गए, कोई सामान समेटता दिखा। उप नगर आयुक्त शम्स रजा ने कहा कि अभियान सिर्फ रोड और स्ट्रीट लाइन को अतिक्रमणमुक्त करने के लिए है,



जनता को परेशान करना मकसद नहीं। निर्माण और डेमोलिशन वेस्ट भी हटाए जा रहे हैं, पूरी टीम मौके पर लगी है। आगे भी शहर के अलग-अलग हिस्सों में इसी तरह कार्रवाई होती रहेगी जब तक सारा शहर चकाचक न हो जाए। अब अस्पताल चौराहा और दूसरे जंक्शन पर भी इसी तरह की कार्रवाई जल्द होने वाली है। जब तक बिहारशरीफ की सड़कें पूरी तरह अतिक्रमणमुक्त नहीं हो जातीं तब तक बुलडोजर चलता रहेगा। वहीं जाम से निजात के लिए मोगल कुआं से एतवाजरी बाजार तक चार अतिरिक्त पुलिस जवानों को तैनात किया गया है ।

---

**पीएम मोदी ने जीविका दीदियों को दी सौगात**

# जीविका बैंक शुभारंभ पर मसौढी में दिखा उत्साह

**मसौढी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** पीएम नरेंद्र मोदी के द्वारा मंगलवार को वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिये बिहार राज्य जीविका निधि साख सहकारी संघ लिमिटेड यानी (जीविका बैंक) का शुभारंभ किया है। जिससे जीविका से जुडे महिलाओं मे खुशी का माहौल है। वहीं जीविका बैंक खुलने से सभी जीविका दीदीयों मे इसके प्रति उत्साह देखते बन रहा है।दरअसल बताया जाता है कि बिहार सरकार द्वारा जीविका से जुड़े सामुदायिक सदस्यों को सस्ते ब्याज दर पर आसानी से राशि उपलब्ध कराने के उद्देश्य से राज्य स्तर पर एक सहकारी संस्था "बिहार राज्य जीविका निधि साख सहकारी संघ लिमिटेड, पटना" (जीविका निधि) के गठन का निर्णय लिया गया है। जीविका निधि पूरी तरह से डिजिटल प्लेटफॉर्म पर आधारित है। इससे जीविका दीदियों को राशि प्राप्त करने की प्रक्रिया आसान और तेज हो जाएगी। कार्यक्रम की शुरूआत द्वीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का उद्घाटन किया। जहां मौके पर बीडीओ प्रभाकर कुमार,सीडीपीओ अनिता कुमारी एवं सभी जीविका के पदाधिकारी शामिल रहे हैं। इस ऐतिहासिक अवसर को जन-जन तक पहुँचाने और व्यापक स्तर पर महिला समूहों एवं सामुदायिक



संगठनों को जागरूक करने के उद्देश्य से नगर परिषद मसौढी के सम्राट अशोक कन्वेंशन हॉल में आयोजित कार्यक्रम का लाइव प्रसारण किया गया। जहां प्रखंड स्तर एवं संकुल स्तरीय संघ स्तर पर समुह से जुडे तकरीबन 300 जीविका दीदी शामिल हुई। प्रखण्ड परियोजना प्रबंधक दिग्विजय नारायण समदर्शी, ने बताया की इस बैंक के जरिये जीविका दीदियां कारोबार लोन ले सकेंगी।इसके अलावा जीविका दीदियों को प्रशिक्षण भी दिया जाना है। बताया जाएगा कि कैसे आवेदन करना है। आवेदन से भुगतान तक की यह प्रणाली डिजिटल प्लेटफॉर्म पर काम करेगी। इसे सुविधाजनक बनाने के लिए 12 हजार कार्यकताओं को टैबलेट भी दिया जा रहा है। श मौके पर प्रखण्ड परियोजना प्रबंधक दिग्विजय नारायण समदर्शी,आजीविका विशेषज्ञ यूसुफ सिद्दीकी, क्षेत्रीय समन्वयक जयप्रकाश शर्मा,लेखपाल प्रियंका रानी,सामुदायिक समन्वयक डेजी कुमारी समेत सभी समुह की जीविका दीदी सम्मलित हुई।

# पांच दिवसीय जागरूकता अभियान के तहत आज आयुष्मान कार्ड बांटा गया

**नालंदा/ पटना/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय, भारत सरकार के केंद्रीय संचार ब्यूरो द्वारा नालंदा के बिहारशरीफ स्थित श्रम कल्याण के मैदान में आयोजित ह्यविकसित भारत का अमृत काल सेवा, सुशासन, गरीब कल्याण के 11 सालह्न विषय पर 5 दिवसीय चित्र प्रदर्शनी सह जागरूकता अभियान के तहत आज चौथे दिन आयुष्मान कार्ड सेवा प्रदान करना' के बारे में अवगत कराया। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए एस एस बालिका विद्यालय +2 के प्रधानाधायपक डॉ अभय कुमार ने सरकार द्वारा चलाए जा रहे बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओं योजना के बारे में जानकारी देते ही कहा कि ऐसी योजना की वजह से ही बेटियां आज कंधे से कंधे मिलाकर काम कर रही हैं और आज फाइटर जेट भी उड़ा




बांटा गया। साथ ही, एस एस बालिका विद्यालय +2 के प्रधानाधायपक डॉ अभय कुमार के नेतृत्व में छात्राओं ने चित्र प्रदर्शनी का अवलोकन किया और सरकार द्वारा 11 साल से चलाए जा रहे लोक कल्याणकारी योजनाओं के बारे में ज्ञानवर्द्धन किया। साथ ही, भारतीय डाक विभाग और स्वास्थ्य विभाग, बिहारशरीफ द्वारा लगाए गए विभिन्न स्टॉल पर सम्बंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा छात्राओं को विभिन्न योजनाओं के बारे में जागरूक भी किया गया। तत्पश्चात, विद्यालय के छात्राओं ने योजनाओं पर आधारित प्रशोनोत्तरी और संवाद में बढ़- चढ़ कर हिस्सा लिया। आज के कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ सी. बी. सी. के क्षेत्रीय प्रचार अधिकारी प्रकाश कुमार सिंह ने विद्यालय के प्रधानाध्यापक और छात्राओं का स्वगात करते हुए किया। साथ ही, इस जगरूकता अभियान के मुख्य उद्देश्य - 'सरकार द्वारा 11 साल से चलाए जा रहे योजनाओं को समाज के अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक पहुँचाना और ऑन- स्पॉट निशुल्क रही हैं। साथ हीं, उन्होंने अभिभावकों से अपील भी किया कि वो अपने बच्चों को विद्यालय अवश्य भेजे ताकि हमारा देश वर्ष 2047 तक विकसित देश बन सके। कार्यक्रम अंत में आयुष्मान लाभार्थियों को आयुषमान कार्ड भी बांटा गया और प्रशोनोत्तरी में विजित छात्राओं को स्मृति चिन्ह से सम्मानित भी किया गया। कार्यक्रम का संचालन सहायक क्षेत्रीय प्रचार अधिकारी अमरेंद्र मोहन और धन्यवाद ज्ञापन सहायक क्षेत्रीय प्रचार अरविंद कुमार द्वारा किया गया। मौके पर विभाग के अभय कुमार सहित विभागीय कलाकार, शिक्षक अरुण कुमार प्रेमी, शिक्षिका मंटू सिंहा, शिल्पी कुमारी व अन्य मौजूद रहे। इस 5 दिवसीय अभियान के तहत प्रतिदिन डाक विभाग द्वारा आधार सेवा, सुकन्या योजना, डाक बीमा योजना आदि और स्वास्थ्य विभाग द्वारा मुफ्त चिकित्तसा सुविधा, आयुष्मान कार्ड, जीविका दीदी द्वारा जूट के समान का स्टॉल, रिंकू दिव्यांग फाउंडेशन आदि द्वारा निशुल्क सेवा प्रदान की जा रही है।

# पीएम मोदी के संबोधन में मां की गाली की चर्चा, मसौढी में सुन कर गुस्से में लाल हुई जीविका दीदियां

**मसौढी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** पीएम मोदी ने संबोधन के दौरान अपनी दिवगंत मां की गाली की चर्चा की, जहां सुन कर कार्यक्रम मे आये हुए सभी जीविका दीदी गुस्से मे लाल दिखी।दरअसल मौका था मंगलवार को जीविका बैंक का शुभारंभ का, जहां मुख्यमंत्री के संबोधन के बाद पीएम मोदी ने संबोधन किया और अपने संबोधन मे जीविका दीदीयों प्रोत्साहित करने बाद अपनी दिवगंत मां की गाली की चर्चा कर दी,चर्चा के दौरान कहा की मां चाहे हमारी हो या किसी की हो, मां तो मां होती है।मां का अपमान करना इस दुनिया का सबसे जघन्य अपराध है।मां जननी होती है।इसके अलावा आरजेडी और कांग्रेस को निशाने पर लेते हुए कहा की विदेशी संस्कार वाले क्या जाने भारत मां क्या होती है।बिहार वो धरती है जहां मां



की पूजा होती है।हर नदी को मां समान इज्जत करते है जहां गंगा मईया,कोसी मईया,पुनपुन मईया भोजपुरी अंदाज मे कहा।बहरहाल पीएम मोदी की भावुक होकर गाली की चर्चा के बाद सभी जीविका दीदी गुस्से मे लाल दिखे हर किसी ने इसकी निंदा की है।सभी जीविका दीदीयां आक्रोशित दिखे, हर किसी ने कहा छोडेंगे नही, वैसे लोगों को सबक सिखायेगे, कहा जो मां का नही वो किसी का नही है। कार्यक्रम में आए हुए खुशबू कुमारी, ममता कुमारी, शोभा कुमारी, सुषमा भारती, समेत सभी जीविका दीदयों ने एक सुर में कहा की मां को गाली देना इस दुनिया का सबसे जघन्य अपराध है। जिसने गाली दी है उसको भी किसी मां ने ही जन्म दिया होगा, मां का अपमान नही सहेगा बिहार।

### दानापुर में लोहे का तोरण द्वार टूट कर गिरा, बडा हादसे होने से टल गया

**दानापुर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मंगलवार को सुबह छावनी परिषद कार्यालय के सामने बने तोरण द्वार बिना आंधी -पानी के टूट कर सडक किनारे खडी ऑटो पर गिरा. बडी हादसे होने से टल गया. जिससे करीब तीन घंटे तक आवागमन बाधित रहा . बताया जाता है कि छावनी परिषद द्वारा लोहे के तोरण द्वार अपने कार्यालय के समाने बनाकर लगाया गया हुआ था. मंगलवार को बिना आंधी-पानी के ही लोहे के तोरण द्वार टूट कर सडक किनारे खडी ऑटो पर जा गिरा. जिससे ऑटो मामूली रूप से क्षतिग्रस्त हुआ है. जिससे दानापुर बस पडाव व आरा गोलंबर मार्ग करीब तीन घंटे तक आवागमन पूरी तरह से बाधित रहा है. लोगो ने बताया कि मनेर शाहपुर व दाउदपुर से ऑटो पर यात्री लेकर यही पर उतारते थे. परंतु जिस समय तोरण द्वार गिरा , उस समय कोई ऑटो से यात्री नही उतारा रहे थे.

# फुलवारी शरीफ एम्स पटना में नेत्रदान जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

**फुलवारीशरीफ/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** 40वें राष्ट्रीय नेत्रदान पखवाड़ा (25 अगस्त से 8 सितंबर 2025) के दौरान एम्स पटना के नेत्र विज्ञान विभाग द्वारा 1 सितंबर को ओपीडी प्रतीक्षा कक्ष में नेत्रदान जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया. कार्यक्रम का उद्घाटन विभागाध्यक्ष प्रो. (डॉ.) अमित राज ने किया और नेत्रदान के महत्व पर विस्तार से प्रकाश डाला. इस अवसर पर 300 से अधिक मरीजों और उनके परिजनों ने भाग लिया. कार्यकारी निदेशक प्रो. (डॉ.) सौरभ वत्र्य के नेतृत्व में आयोजित इस कार्यक्रम में चिकित्सा अधीक्षक प्रो. (डॉ.) अनुप कुमार ने विभाग को बधाई दी और इसे जन-जागरूकता की दिशा में सराहनीय पहल बताया. कार्यक्रम में नेत्रदान पर वीडियो प्रस्तुति दिखाई गई. इसके बाद सीनियर रेज़िडेंट डॉ. तिलोत्तमा कर ने नेत्रदान से जुड़े मिथक और तथ्यों पर जानकारी देते हुए इसके सामाजिक और चिकित्सीय महत्व को समझाया. नेत्रदान पखवाड़े के अंतर्गत विभाग द्वारा कई कार्यक्रम






आयोजित किए जा रहे हैं. इनमें 3 सितंबर को जागरूकता पदयात्रा, 6 सितंबर को पोस्टर निर्माण प्रतियोगिता और 8 सितंबर को ऑडिटोरियम में समापन समारोह शामिल हैं. कार्यक्रम में विभाग के सभी संकाय सदस्य एवं रेज़िडेंट्स ने सक्रिय भागीदारी निभाई. कार्यक्रम का समापन डॉ. अमित कुमार ने धन्यवाद ज्ञापन के साथ किया.

### राजस्व महा अभियान के तहत लगे शिविर में 450 आवेदन हुए प्राप्त

**बिहारशरीफ/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** राजस्व महाअभियान के तहत हरनौत



अंचल के बसनियावां और सबनहुआ हल्का में मंगलवार को शिविर का आयोजन किया गया।शिविर में बड़ी संख्या में ग्रामीण व भूमि मालिक पहुंचे थे। जिसमें उक्त हल्का अंतर्गत नर्चवार , हरिहरपुर , गंगटा , चौघड़ , खरथुआ , फैजाबाद ,बसनियावां , रामपुर , दक्षिणपुर , सबनहुआ , पोरई और रूपसपुर मौजा के रैयत और जमाबंदीदार का आवेदन जमाबंदी पंजी की छायाप्रति के साथ गड़बड़ी सुधार के लिए जमा किया गया। वहीं इससे जुड़े विभागीय कर्मियों की माने तो इस अभियान का उद्देश्य भूमि कार्यों में पारदर्शिता लाना व लोगों को सुविधा उपलब्ध कराना है ताकि बिना किसी परेशानी के आमजन अपनी जमीन का रिकॉर्ड अपडेट करा सकें। वहीं सीओ सोनू कुमार ने बताया कि सबनहुआ हल्का में कुल आवेदन करिब 65 जबकि बसनियावां हल्का में तकरिबन 385 आवेदन प्राप्त हुआ। उन्होंने बताया कि माइक्रोप्लान के अनुसार बुधवार को नेहूसा पंचायत सरकार भवन एवं पचौरा पंचायत भवन पर शिविर लगेगा। मौके पर राजस्व पदाधिकारी ऋतु रिमझिम , राजस्व कर्मचारी आनंद कुमार , राजस्व कर्मचारी मो. वसीम अंसारी,विकास मित्र विनीता कुमारी समेत अन्य मौजूद थे।

# एएसपी ने जनप्रतिनिधियों के साथ किया संवाद

**गांव से लेकर शहर तक अपराधीक गतिविधियों की हुई चर्चा**

**मसौढी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** गांव से लेकर शहर तक आपराधिक गतिविधियां पुलिस पेट्रोलिंग समेत कई बिंदुओं पर जानकारी लेने के लिए मंगलवार को मसौढी थाने मे एएसपी कोमल मीणा की अध्यक्षता मे जनप्रतिनिधियों के साथ बैठक आहूत की गई जहां थानाध्यक्ष अनिल कुमार की उपस्थिति में सभी पंचायतों के मुखिया, उपमुखिया, सरपंच, के अलावा कई सामाजिक कार्यकर्ता शामिल हुए।बैठक मे एएसपी कोमल मीणा ने सभी जनप्रतिनिधियों से उनके पंचायतों में अपराधीक गतिविधियां, शहर मे अतिक्रमण, यातायात समेत समस्याओं से रू ब रू हूई। इसके साथ ही एएसपी ने सभी जनप्रतिनिधियों से अपील की पुलिस प्रशासन के साथ आपसी



सामंजस्य के बिठाकर काम करे, वही अपने आस पास के होने वाले घटीत घटनाओं और अपराध पर अंकुश लगाने मे पुलिस को सहयोग करे और समाज मे शांति स्थापित करने मे मदद करे।चुनाव से पहले हर गांव की स्थिति, मतदान केंद्र पर पिछले दो चुनाव मे हुए किसी तरह की घटनाओं की भी जानकारी ली।बैठक मे आये हुए जनप्रतिनिधियों ने एएसपी को आशवस्त किया की पुलिस प्रशासन के साथ आपसी ताल मेल बिठकार कार्य करेंगे। बैठक में राहुल चंद्रा, विश्वरंजन, कृष्णा सिंह,किरी यादव, संजय केसरी, मुखिया साधु पासवानस,, मुखिया रवि कुमार,मुखिया सुरेंद्र प्रसाद, विआईप पार्टी से राजू बिंद,लोजपा आर के निकित कुमार,, शंभू सिंह,लालमोहन सिंह, मो. रफीक समेत कई अन्य समाजीक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# नई दिशा परिवार के तत्वाधान में संगोष्ठी - सह - सम्भाव समारोह का आयोजन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** आज सामाजिक सांस्कृतिक संस्था नई दिशा परिवार के तत्वाधान में संगोष्ठी - सह - सम्भाव समारोह का आयोजन बिहार हिंदी साहित्य




सम्मेलन के सभागार में सम्पन्न हुआ। समारोह की अध्यक्षता बिहार हिन्दी साहित्य सम्मेलन के अध्यक्ष डॉ. अनिल सुलभ ने की। समारोह का उद्घाटन बिहार विधानसभा के अध्यक्ष नन्द किशोर यादव ने दीप प्रज्वलित कर किया। इस अवसर पर पूर्व राज्यपाल गंगा प्रसाद को लाइफ टाइम अचीवमेंट अवार्ड से सम्मानित किया गया। शिक्षा के क्षेत्र में विशिष्ट योगदान के लिए 35 शिक्षकों को सम्मानित शॉल, प्रतीक चिह्न और प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। बिहार शिक्षा रत्न-2025 से अमरजीत कुमार यदुवंशी, अरविंद सर, ऋषभ, डॉ बलराम कुमार, डॉ प्रियंका कुमारी, परितोष सर, डॉ मनोज संढवार, सुरज कुमार, डॉ मीना कुमारी परिहार, विष्णु देव लाल दास, अशोक आनंद, शालू कुमारी, आस्था दीपाली, ई रुपेश सर, विष्णु कुमार साह, सोनम कुमारी, जीतेन्द्र कुमार शामिल हैं। बिहार विशेष शिक्षा सम्मान -2025 से डॉ. संतोष कुमार, बिहार गौरव अवार्ड 2025 से निशिकांत तिवारी, कुमार देवांशु, डॉ सर्वेश कुमार, डॉ सत्येंद्र शर्मा, अजीत सिंह, अरुण कुमार, डॉ अनिल कुमार, डॉ पूजा, डॉ कुमार अभिनव, प्रेम कुमार, डॉ निखिल रंजन चौधरी, डॉ पुरूसोतम नारायण मिश्रा, डॉ ज्योति प्रकाश और हिमांशु राज को सम्मानित किया गया।

# धनरूआ के नीमा में दो गुटों में हुई गोलीबारी मामले में एक आरोपी गिरफ्तार, एक देसी कट्टा के साथ 9 कारतूस जब्त

**मसौढी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** धनरूआ थाना क्षेत्र के नीमा गांव में बीते सोमवार की शाम को हुए दो गुटों में गोलीबारी मामले में पुलिसिया कार्रवाई तेज हो गई है, ऐसे में पूरे गांव में सर्च ऑपरेशन के दौरान तीन नामजद अभियुक्तो में से एक नामजद अभियुक्त को मौके से ही उसके घर से उसे गिरफ्तार कर लिया है, जिसका नाम उमेश रविदास पिता स्वर्गीय रामचंद्र रविदास है, जिसके पास से एक देसी कट्टा, 9 कारतूस बरामद किए गए हैं, जिसमें 6 जिंदा कारतूस और तीन मिस फायर कारतूस है,थानाध्यक्ष आलोक कुमार ने बताया इस गोलीबारी की घटना में रोहित कुमार उर्फ



चंपक उर्फ पंडित को पेट में गोली लग गई थी, जिसे पीएमसीएच रेफर किया गया है जिसकी स्थिति अभी सामान्य है। इस पूरे मामले में तीन लोगों पर नामजद प्राथमिकी की गई है, जिसमें श्रीदेवी उर्फ संजय कुमार पिता कौशलेश्वर शर्मा,कौशलेश्वर शर्मा पिता स्वर्गीय बहादुर शर्मा और उमेश रविदास पिता रामचंद्र रविदास शामिल है। घटना के बाद वरीय पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर थानाध्यक्ष आलोक कुमार समेत चार पुलिस पदाधिकारी की टीम गठित करते हुए छापेमारी की गई थी, जिसमें अपार थानाध्यक्ष आलोक कुमार राजेश रोशन ,अंकित कुमार, नवीन कुमार आदी शामिल रहे, अन्य फरार अभियुक्त के खिलाफ छापेमारी की जा रही है।

# 38 बिहार बटालियन एनसीसी का दस दिवसीय प्रशिक्षण शिविर शुरू

**बिहारशरीफ/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** 38 बिहार बटालियन एनसीसी द्वारा राष्ट्रीय कैडेट कोर का 10 दिवसीय प्रशिक्षण शिविर मंगलवार से जेपी इंस्टिट्यूट, बियावानी परिसर में आरंभ किया गया। इस शिविर में विभिन्न विद्यालयों और महाविद्यालयों से लगभग 545 कैडेट्स (बालक एवं बालिका) भाग ले रहे हैं । इनके अतिरिक्त आईजीजीबीसी कल्चरल टीम के 50 कैडेट तथा इंडो-भूटान यूथ फ्रेंडशिप कैंप के अंतर्गत 15 कैडेट्स भी शामिल हुए हैं। शिविर अवधि में कैडेट्स को ड्रिल, शस्त्र संचालन, मैप रीडिंग, फायरिंग, प्राथमिक चिकित्सा, आपदा प्रबंधन, शारीरिक दक्षता एवं नेतृत्व कौशल का विशेष प्रशिक्षण दिया जा रहा है। साथ ही परेड प्रतियोगिता, सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं अन्य प्रतियोगिताओं का भी आयोजन किया जाएगा। प्रथम दिन शिविर में आए सभी कैडेट्स का बायोमेट्रिक उपस्थिति और रिसेप्शन कार्यक्रम संपन्न हुआ। कैंप कमांडेंट कर्नल राजेश बाहरी ने बताया कि यह शिविर कैडेट्स में अनुशासन, साहस और नेतृत्व क्षमता का विकास करेगा। इसके साथ ही




उनमें राष्ट्र भावना, आत्मनिर्भरता और टीम भावना को भी मजबूत किया जाएगा। कैंप संचालन में सूबेदार मेजर लालिंद्र तिग्गा, सूबेदार रूपेश गुरुंग, नितिन भिंगोड़े, राजकुमार सर सहित 38 बिहार बटालियन के सभी एनसीओ एवं जेसीओ सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं। वहीं एनसीसी पदाधिकारी के रूप में लेफ्टिनेंट राकेश पांडे और प्रवीण कुमार का विशेष सहयोग प्राप्त हो रहा है।



# इस्तीफा नहीं उन्हें निकाला गया है, डिविलियर्स ने द्रविड़ को लेकर किया सनसनीखेज खुलासा

**नईदिल्ली (एजेंसी)।** पूर्व भारतीय दिग्गज राहुल द्रविड़ के राजस्थान रॉयल्स के कोच पद से इस्तीफा देने के बाद क्रिकेट जगत में हलचल मची हुई है। राहुल द्रविड़ को पिछले साल ही राजस्थान रॉयल्स ने कोच के रूप में नियुक्त किया था, लेकिन एक सीजन खेलने के बाद ही उन्होंने टीम से अलग होने का फैसला कर लिया। इस मामले में अब साउथ अफ्रीका के पूर्व क्रिकेटर एबी डिविलियर्स ने भी अपनी प्रतिक्रिया दी है। डिविलियर्स ने अनुमान जताया है कि राहुल द्रविड़ को टीम से निकाला गया था, इसलिए उन्होंने अचानक अपना कार्यकाल समाप्त किया। एबी डिविलियर्स ने अपने सोशल मीडिया शो 360 लाइव पर कहा, मुझे लगता है कि यह फैसला टीम के ओनर या मैनेजमेंट का था। उन्होंने राहुल को टीम में एक बड़ी भूमिका की पेशकश की, जिसे उन्होंने ठुकरा दिया। शायद वह परेशान थे क्योंकि वे अभी भी टीम में बने रहना चाहते थे और डगआउट में रहना चाहते थे। यह शायद उनका अपना फैसला हो, लेकिन भविष्य में जब हम उनसे बात करेंगे तो स्पष्टता मिलेगी। राहुल ने टीम में एक बड़ा खालीपन जरूर छोड़ा है। राजस्थान रॉयल्स के लिए पिछला सीजन खराब रहा है। 2008 की आईपीएल विजेता टीम ने पिछले साल सितंबर में राहुल द्रविड़ को कोच के रूप में लाकर टीम के प्रदर्शन को सुधारने की कोशिश की, लेकिन टीम ने 14 लीग मैचों में केवल चार मैच जीते और अंक तालिका में नौवें स्थान पर रही। राजस्थान रॉयल्स की फ्रैंचाइजी ने राहुल द्रविड़ के इस्तीफे पर बयान जारी करते हुए कहा, राहुल कई सालों तक राजस्थान रॉयल्स का अभिन्न हिस्सा रहे हैं। उनके नेतृत्व में खिलाड़ियों की एक नई पीढ़ी को प्रेरणा मिली है। उन्होंने टीम में मजबूत मूल्यों का निर्माण किया और फ्रैंचाइजी की संस्कृति पर अमिट छाप छोड़ी है। टीम की संरचना की समीक्षा के दौरान राहुल को फ्रैंचाइजी में एक बड़ी भूमिका की पेशकश की गई थी, लेकिन उन्होंने इसे स्वीकार नहीं किया। राजस्थान रॉयल्स के खिलाड़ी और दुनियाभर के लाखों प्रशंसक फ्रैंचाइजी के लिए उनकी उल्लेखनीय सेवा के लिए राहुल को हार्दिक धन्यवाद देते हैं।

**हॉकी इंडिया लीग**

# जनवरी में तीन शहरों में खेलें जाएंगे मुकाबले



**नईदिल्ली (एजेंसी)।** हॉकी इंडिया लीग का अगला सीजन जनवरी 2026 में आयोजित किया जाएगा, जिसमें इस बार लीग के मैच दो नहीं बल्कि तीन अलग-अलग स्थलों पर खेले जाएंगे। हॉकी इंडिया के अध्यक्ष दिलीप टिर्की ने पुष्टि की है कि पुरुष वर्ग की प्रतियोगिता आठ टीमों के साथ पहले की तरह ही जारी रहेगी, जबकि महिला वर्ग में टीमों की संख्या चार से बढ़ाकर छह तक की जा सकती है। हालांकि, इस बार पुरुषों की गोनासिका टीम और महिला वर्ग की मौजूदा चैंपियन ओडिशा वॉरियर्स निजी कारणों से प्रतियोगिता से बाहर हो गई हैं। दिलीप टिर्की ने बताया कि इन टीमों की जगह नई टीमों की जल्द घोषणा की जाएगी। उन्होंने कहा कि महिला वर्ग में कम से कम चार और पुरुष वर्ग में आठ टीमें जरूर रहेंगी। महिला टीमों की संख्या बढ़ाकर छह करने पर विचार जारी है। इस बार लीग के मैच तीन शहरों में खेले जाएंगे, जिनमें दो पुराने शहरों के साथ एक नया शहर भी शामिल होगा। ओडिशा के राउरकेला और भुवनेश्वर में से किसी एक को चुना जाएगा। वहीं, चंडीगढ़ और मोहाली का नाम भी चर्चा में था, लेकिन जनवरी में कोहरे की समस्या को देखते हुए निर्णय फिलहाल टाल दिया गया है। दिलीप टिर्की ने यह भी जानकारी दी कि पिछली लीग के सभी खिलाड़ियों का बकाया भुगतान कर दिया गया है। खासकर ओडिशा वॉरियर्स टीम की ओर से भुगतान में हुई देरी को हॉकी इंडिया ने सीधे खिलाड़ियों की पुरस्कार राशि से समायोजित कर दिया है। अगले सीजन के लिए खिलाड़ियों की नीलामी सितंबर के अंत या अक्टूबर के पहले सप्ताह में होगी। इस नीलामी में गोनासिका और ओडिशा वॉरियर्स के साथ-साथ अन्य टीमों द्वारा रिलीज किए गए खिलाड़ी भी शामिल होंगे। टिर्की ने कहा कि भारत अगले साल होने वाले हॉकी विश्व कप और एशियाई खेलों में अपनी सबसे मजबूत टीमों को उतारेगा। उन्होंने बताया कि एशियाई खेल विश्व कप के लगभग तीन सप्ताह बाद होंगे और टीमों की तैयारी पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है।

# राशिद खान ने टिम साउथी का रिकॉर्ड तोड़ा



**टी-20 में सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज बने**

**ढाका (एजेंसी)।** यूएई के खिलाफ त्रिकोणीय श्रृंखला के तीसरे मैच 189 रनों के लक्ष्य का बचाव करते हुए अफगानिस्तान के स्पिनर राशिद खान ने बड़ा रिकॉर्ड अपने नाम कर लिया है। राशिद तीन विकेट लेकर टी20 अंतरराष्ट्रीय मैचों में सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज बन गए हैं।

त्रिकोणीय श्रृंखला के तीसरे मैच में 189 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए यूएई की टीम 8 ओवरों के बाद 76/1 के स्कोर पर आराम से जीत की और बढ़ रही थी, जब राशिद ने कप्तान मुहम्मद वसीम और एथन डिसूजा के बीच खतरनाक दिख रही 61 रनों की साझेदारी को 9वें ओवर की पहली ही गेंद पर तोड़ दिया और डिसूजा को 12 रन पर एलबीडब्ल्यू आउट कर दिया।

राशिद ने अपने अगले ओवर में फिर से कमाल दिखाया और यूएई के पांचवें नंबर के बल्लेबाज आसिफ खान को एक रन पर आउट कर दिया। उनका तीसरा विकेट 15वें ओवर में आया जब ध्रुव पाराशर एक रन पर आउट हो गए। राशिद ने 21 रन देकर 3 विकेट लिए और इस तरह टी20 अंतरराष्ट्रीय मैचों में सबसे ज्यादा 165 विकेट लेने वाले गेंदबाज बने।

बाएं हाथ के स्पिनर शराफुद्दीन अशरफ ने वसीम को 37 गेंदों में 67 रनों पर आउट कर यूएई की उम्मीदों पर पानी फेर दिया और अफगानिस्तान की जीत लगभग पक्की कर दी। उन्होंने 24 रन देकर 3 विकेट लिए और अपनी टीम को 38 रनों से जीत दिलाई। पहली पारी में सेदिकुल्लाह अटल (54) और इब्राहिम ज़द्रान (63) के दोहरे अर्धशतकों ने इस जीत की नींव रखी।

राशिद अपनी 98वीं पारी में टी20 अंतरराष्ट्रीय विकेटों की सूची में शीर्ष पर पहुंच गए। पिछले रिकॉर्ड धारक टिम साउथी ने राशिद से 25 पारियां ज्यादा खेलकर 164 विकेट लिए थे। राशिद ने ये विकेट 13.75 के शानदार औसत से लिए हैं, जबकि साउथी का औसत 22.38 है। यह उन पूर्ण सदस्य खिलाड़ियों में सर्वश्रेष्ठ है जिन्होंने कम से कम 50 विकेट लिए हैं। केवल एक अन्य पूर्ण सदस्य खिलाड़ी (श्रीलंका के वानिंदु हसरंगा, जिनका स्ट्राइक रेट 13.2 है) ने राशिद के 13.5 के स्ट्राइक रेट से बेहतर स्ट्राइक रेट से कम से कम 100 विकेट लिए हैं।

**ट्राई सीरीज, अफगानिस्तान ने यूए को 38 रन से हराया**

दुबई में खेले जा रहे ट्राई सीरीज के अपने दूसरे मुकाबले में अफगानिस्तान ने यूएई को 38 रन से हरा दिया। टीम को पहले मैच में पाकिस्तान के खिलाफ हार का सामना करना पड़ा था।

**अफगानिस्तान ने आखिरी चार ओवर में 49 रन बनाए-** आखिरी चार ओवरों में अफगानिस्तान ने 49 रन जोड़े, जिससे स्कोर 188 तक पहुंचा। 19वें ओवर में 22 रन बनें। इस ओवर में 2 छक्के और दो चौके भी लगे।

# मिचेल स्टार्क ने टी-20 इंटरनेशनल क्रिकेट से संन्यास लिया

**2027 वनडे वर्ल्ड कप और एशेज पर फोकस करेंगे, 2024 में खेला था आखिरी मुकाबला**

**सिडनी (एजेंसी)।** ऑस्ट्रेलिया के तेज गेंदबाज मिचेल स्टार्क ने टी-20 इंटरनेशनल क्रिकेट से संन्यास ले लिया है। 35 साल के स्टार्क ने यह फैसला टेस्ट और 2027 में होने वाले वनडे वर्ल्ड कप पर फोकस करने के लिए लिया है। उन्होंने आखिरी टी-20 मुकाबला 2024 में वर्ल्ड कप में खेला था।

## टी-20 करियर का शानदार सफर

स्टार्क ने 65 टी-20 इंटरनेशनल मैच खेले, जिनमें उन्होंने 79 विकेट लिए। वे ऑस्ट्रेलिया के लिए टी-20 में दूसरे सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज हैं। उनका बेस्ट परफॉर्मेंस 2022 में वेस्टइंडीज के खिलाफ (4 विकेट) रहा।स्टार्क 2021 में यूएई में हुए टी-20 वर्ल्ड कप जीतने वाली ऑस्ट्रेलियाई टीम का हिस्सा रहे।

उन्होंने कहा, मैंने ऑस्ट्रेलिया के लिए हर टी-20 मैच का लुत्फ उठाया, खासकर 2021 वर्ल्ड कप का, न सिर्फ जीत की वजह से, बल्कि उस शानदार टीम और उस दौरान की मस्ती की वजह से।

## टेस्ट और वनडे पर फोकस करेंगे

स्टार्क ने कहा कि टेस्ट क्रिकेट हमेशा उनकी पहली प्राथमिकता रहा है। 2026 में ऑस्ट्रेलिया का टेस्ट शेड्यूल काफी व्यस्त है, जिसमें बांग्लादेश के खिलाफ घरेलू सीरीज, साउथ अफ्रीका का दौरा, न्यूजीलैंड के खिलाफ चार टेस्ट मैचों की सीरीज, जनवरी 2027 में भारत में पांच टेस्ट, इंग्लैंड के खिलाफ मेलबर्न में 150वीं सालगिरह का एक स्पेशल टेस्ट, और फिर 2027 में इंग्लैंड में एशेज सीरीज शामिल है।

इसके अलावा, अक्टूबर-नवंबर 2027 में साउथ अफ्रीका, जिम्बाब्वे और नामीबिया में वनडे वर्ल्ड कप होगा, जिसमें ऑस्ट्रेलिया मौजूदा चैंपियन के रूप में उतरेगा।

स्टार्क ने कहा, भारत में टेस्ट दौरे, एशेज और 2027 वनडे वर्ल्ड कप को देखते हुए, यह फैसला मुझे इन बड़े टूर्नामेंट्स के लिए तरोताजा और फिट रहने में मदद करेगा। साथ ही, इससे नई गेंदबाजी इकाई को अगले टी-20 वर्ल्ड कप की तैयारी का समय भी मिलेगा।



## सिलेक्शन कमेटी के अध्यक्ष ने स्टार्क की तारीफ

सिलेक्शन कमेटी के अध्यक्ष जॉर्ज बेली ने स्टार्क के टी-20 करियर की तारीफ की और कहा, मिचेल को अपने टी-20 करियर पर गर्व होना चाहिए। वह 2021 वर्ल्ड कप जीतने वाली टीम का अहम हिस्सा थे। उनकी विकेट लेने की काबिलियत ने कई बार मैच का रुख पलटा। हम सही समय पर उनके टी-20 करियर को सम्मान देंगे, लेकिन यह खुशी की बात है कि वह टेस्ट और वनडे क्रिकेट में लंबे समय तक खेलना चाहते हैं।

## ऑस्ट्रेलिया ने न्यूजीलैंड के खिलाफ टी-20 का ऐलान किया

स्टार्क के संन्यास की घोषणा के साथ ही ऑस्ट्रेलिया ने न्यूजीलैंड के खिलाफ अक्टूबर में होने वाली तीन टी-20 मैचों की सीरीज के लिए टीम की घोषणा की है। इस दौरे पर कैमरन ग्रीन नहीं होंगे, क्योंकि वह शेफील्ड शील्ड के पहले राउंड में वेस्टर्न ऑस्ट्रेलिया के लिए खेलेंगे।

नाथन एलिस भी नहीं खेलेंगे। मैट शॉर्ट, जो हाल ही में चोट के कारण वेस्टइंडीज और साउथ अफ्रीका के खिलाफ सीरीज नहीं खेल पाए थे और मिशेल ओवेन, जो पिछले महीने डार्विन में कन्कशन का शिकार हुए थे, की टीम में वापसी हुई है। मार्कस स्टोइनिस भी इस दौरे के लिए टीम में शामिल हैं।



# आसिफ अली का इंटरनेशनल क्रिकेट से संन्यास

**इस्लामाबाद (एजेंसी)।** पाकिस्तान के मिडिल ऑर्डर बैटर आसिफ अली ने 33 साल की उम्र में इंटरनेशनल क्रिकेट से संन्यास ले लिया है। हालांकि वे डोमेस्टिक क्रिकेट और दुनिया भर की फ्रेंचाइजी लीग में खेलना जारी रखेंगे। आसिफ ने 21 वनडे और 58 टी-20 इंटरनेशनल मैच खेले।उन्होंने 2021 टी-20 वर्ल्ड कप में अफगानिस्तान के खिलाफ सात गेंदों में 25 रन की तूफानी पारी खेल कर पाकिस्तान को जीत दिलाई।आसिफ ने सोशल मीडिया पर अपने संन्यास की घोषणा करते हुए कहा, पाकिस्तान की जर्सी पहनना मेरे जीवन का सबसे बड़ा सम्मान रहा है और क्रिकेट के मैदान पर अपने देश की सेवा करना मेरा सबसे गर्व भरा अध्याय रहा है।आसिफ ने आगे लिखा, मेरे प्रशंसकों, साथियों और कोचों, हर उतार-चढ़ाव में आपके प्यार, विश्वास और समर्थन के लिए धन्यवाद। मेरे परिवार और दोस्तों, जो खुशी के पलों में और मुश्किल हालातों में, जिसमें वर्ल्ड कप के दौरान मेरी प्यारी बेटी का निधन भी शामिल है, मेरे साथ खड़े रहे, आपकी ताकत ने मुझे आगे बढ़ाया। आसिफ ने पाकिस्तान के लिए 58 टी-20 इंटरनेशनल 577 रन बनाए। 21 वनडे में उन्होंने 25.46 की औसत से 382 रन बनाए जिसमें तीन अर्धशतक शामिल हैं।



# बीसीसीआई ने लीड स्पॉन्सर के लिए जारी किया टेंडर

**ड्रीम-11 ने स्पॉन्सरशिप छोड़ी, अल्कोहल, तंबाकू और सट्टेबाजी जैसी कंपनियां नहीं लगा सकेंगी बोली**

**नईदिल्ली (एजेंसी)।** भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने मंगलवार को टीम इंडिया के लीड स्पॉन्सर के राइट्स के लिए टेंडर बुलाए हैं। ड्रीम-11 ने हाल ही में भारतीय क्रिकेट टीम के लीड स्पॉन्सर से हटने का फैसला किया था। बीसीसीआई सेक्रेटरी देवजीत सैकिया ने सोमवार (25 अगस्त) को इसकी जानकारी दी थी।

बीसीसीआई ने जारी टेंडर में कहा, अल्कोहल, तंबाकू, सट्टेबाजी, रियल मनी गेमिंग (फैंटेसी स्पोर्ट्स गेमिंग को छोड़कर), क्रिप्टोकरेंसी और पोर्नोग्राफी या जो कंपनी सार्वजानिक नैतिकता को ठेस पहुंचने का काम करे उस तरह के ब्रांड को इस बोली (बिड) में शामिल नहीं किया जाएगा। बीसीसीआई ने अपने ऑफिशियल ट्विटर पर ट्वीट कर यह जानकारी दी है। बीसीसीआई ने मंगलवार को लीड स्पॉन्सर के लिए इनविटेशन फॉर एक्सप्रेशन ऑफ इंट्रेस्ट रिलीज किया है। इसे खरीदने की आखिरी तारीख 12 सितंबर है। वहीं टेंडर भरने की आखिरी तारीख 16 सितंबर है।

## प्रतिबंधित ब्रांड कैटेगरीज

एथलीजर एंड स्पोर्ट्सवियर मैन्युफैक्चरर, अल्कोहल, सट्टेबाजी, क्रिप्टोकरेंसी, रियल मनी गेमिंग (फैंटेसी स्पोर्ट्स गेमिंग को छोड़कर), तंबाकू जो कंपनी सार्वजानिक नैतिकता को ठेस पहुंचने का काम करे

## ड्रीम-11 मौजूदा स्पॉन्सर था

ड्रीम-11 ने 2023 में बीसीसीआई के साथ 358 करोड़ रुपए में तीन साल का स्पॉन्सरशिप कॉन्ट्रैक्ट साइन किया था। हाल ही में ड्रीम-11 जैसे रियल-मनी गेमिंग प्लेटफॉर्म्स को बैन कर दिया गया था। इस वजह से यह स्पॉन्सरशिप कॉन्ट्रैक्ट खत्म हो गया।मार्च 2023 तक बायजोस टीम इंडिया का लीड स्पॉन्सर था। टीम के खिलाड़ियों के जर्सी पर सामने की ओर बायजोस लिखा दिखता था। यह कॉन्ट्रैक्ट अब खत्म हो चुका है। यही वजह है कि टीम इंडिया वर्ल्ड टेस्ट चैम्पियनशिप फाइनल में बिना स्पॉन्सर वाली जर्सी के साथ मैदान पर उतरी थी।

# पैट कमिंस के कमर में दर्द

**भारत और न्यूजीलैंड के खिलाफ वनडे-टी-20 सीरीज से बाहर, टीम मैनेजमेंट ने एशेज सीरीज के लिए लिया फैसला**

**सिडनी (एजेंसी)।** ऑस्ट्रेलिया के तेज गेंदबाज और टेस्ट कप्तान पैट कमिंस को कमर की चोट के कारण भारत और न्यूजीलैंड के खिलाफ होने वाली आगामी सीमित ओवरों की सीरीज से बाहर कर दिया गया है।क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया (सीए) ने साफ किया कि कमिंस का 'रीहैबिलिटेशन' इस तरह से मैनेज किया जा रहा है ताकि वे एशेज सीरीज के लिए पूरी तरह फिट हो सकें।न्यूजीलैंड के खिलाफ तीन टी-20 मैचों की सीरीज 1 अक्टूबर से है। वहीं भारतीय टीम का ऑस्ट्रेलिया दौरा 19 अक्टूबर से है। टीम इंडिया ऑस्ट्रेलिया दौरे पर 19-15 अक्टूबर के बीच तीन वनडे और 29 अक्टूबर से 8 नवंबर के बीच पांच टी-20 मैचों की सीरीज खेलेगी।

# सिनर तीसरी बार यूएस ओपन के क्वार्टर फाइनल में

**बुब्लिक को सीधे सेटों में हराया, ओसाका से हारकर गॉफ बाहर**

**इटली (एजेंसी)।** वर्ल्ड नंबर-1 इटली के जैनिक सिनर यूएसओपन 2025 के क्वार्टर फाइनल में पहुंच गए हैं। मौजूदा चैंपियन ने चौथे राउंड में एलेक्जेंडर बुब्लिक को हराया। सोमवार की रात न्यूयॉर्क के आर्थर ऐश स्टेडियम में खेले गए मैच में सिनर ने बुब्लिक 6-1, 6-1, 6-1 से हराया। इसमें उन्होंने केवल तीन गेम गंवाए।यह मुकाबला सिर्फ 1 घंटा 21 मिनट तक चला, जो इस साल के स ओपन में दूसरे सबसे कम समय में खत्म होने वाला मैच था। सिनर की ग्रैंड स्लैम में हार्डकोर्ट पर यह लगातार 25वीं जीत है।क्वार्टर फाइनल में सिनर का सामना इटली के लोरेंजो मुसेट्टी से होगा। मैच के बाद बुब्लिक ने मजाकिया अंदाजा में सिनर को एआई-जेनरेटेड प्लेयर बताते हुए उनकी सटीकता और मशीन जैसी स्टाइल की तारीफ की।वहीं, एक अन्य मुकाबले में मुसेट्टी ने स ओपन 2025 के चौथे राउंड में स्पेन के जौमे मुनार को 6-3, 6-0, 6-1 से सीधे सेटों में हराया। इसी के साथ मुसेट्टी पहली बार यूएस ओपन के क्वार्टर फाइनल में पहुंचे, जहां उनका सामना मौजूदा चैंपियन सिनर से होगा।



# कॉमनवेल्थ गेम्स-भारत के साथ नाइजीरिया का भी मेजबानी का प्रस्ताव

**नवंबर में स्कॉटलैंड में फैसला, भारत की 2036-ओलिंपिक की भी दावेदारी**

**नईदिल्ली (एजेंसी)।** भारत के साथ ही नाइजीरिया ने भी 2030 में होने वाले सेंटेनरी (100वें) कॉमनवेल्थ गेम्स की मेजबानी के लिए प्रस्ताव जमा किया है। 31 अगस्त मेजबानी के लिए प्रस्ताव दिए जाने की आखिरी तारीख थी।

कॉमनवेल्थ स्पोर्ट्स (सीएस) के अध्यक्ष डॉ. डोनाल्ड रुकारे ने कहा, हमें यह घोषणा करते हुए खुशी हो रही है कि भारत और नाइजीरिया ने 2030 के सेंटेनरी कॉमनवेल्थ गेम्स की मेजबानी के लिए प्रस्ताव जमा किए हैं। इन दो खेल महाशक्ति राष्ट्रों की ओर से मिले सकारात्मक जवाब से पता चलता है कि कॉमनवेल्थ गेम्स का महत्व और इसकी विरासत की संभावनाएं अभी भी बरकरार हैं।



कॉमनवेल्थ स्पोर्ट्स के कार्यकारी बोर्ड ने मूल्यांकन समिति का गठन कर दिया है। इस समिति की अध्यक्षता सीएस उपाध्यक्ष सैंड्रा ओसबोर्न केसी करेंगी, जो बारबाडोस कॉमनवेल्थ गेम्स एसोसिएशन और ओलिंपिक समिति की अध्यक्ष भी हैं। समिति में अन्य सदस्यों में हेलेन फिलिप्स, ब्रेंडन विलियम्स, इयान रीड, और एंड्रयू रायन शामिल हैं। मूल्यांकन प्रक्रिया के तहत सितंबर 2025 के अंत में लंदन में दोनों देशों के प्रतिनिधि अपने प्रस्तावों को व्यक्तिगत रूप से पेश करेंगे। इसके बाद समिति अपनी रिपोर्ट सीएस कार्यकारी बोर्ड को सौंपेगी, जो 74 सदस्य देशों और क्षेत्रों के लिए मेजबान की सिफारिश करेगा। अंतिम मंजूरी नवंबर 2025 में ग्लासगो, स्कॉटलैंड में होने वाली सामान्य सभा में दी जाएगी।

भारत 2036 ओलिंपिक गेम्स की मेजबानी की तैयारी भी कर रहा है। पिछले साल नवंबर में भारत ने इसकी मेजबानी हासिल करने के लिए दावेदारी पेश की थी। 2032 तक के ओलिंपिक मेजबान तय हो चुके हैं। 2032 की मेजबानी ऑस्ट्रेलिया के ब्रिस्बेन शहर को दी गई है। जबकि 2028 के ओलिंपिक लॉस एंजिलिस में होने हैं

# पीएम मोदी ने किया 105 करोड़ रुपये का हस्तांतरण

## ग्रामीण महिला उद्यमियों को मिला सशक्तिकरण का तोहफा

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद**। ग्रामीण महिला उद्यमिता को बढ़ावा देने और आत्मनिर्भर भारत के लक्ष्य को साकार करने की दिशा में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को बड़ी सौगात दी। बिहार राज्य जीविका निधि साख सहकारी संघ लिमिटेड के शुभारंभ अवसर पर आयोजित राज्यव्यापी कार्यक्रम में पीएम मोदी ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से 105 करोड़ रुपये की राशि महिला जीविका समूहों के बैंक खातों में अंतरण किया। इस कार्यक्रम का आयोजन नगर भवन सभागार में किया गया, जहां जिलाधिकारी श्रीकांत शास्त्री सहित जिले के वरीय पदाधिकारी और बड़ी संख्या में जीविका समूह की महिलाएं मौजूद रहीं। अपने संबोधन में प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि जीविका समूह आज ग्रामीण महिलाओं के जीवन में सामाजिक और आर्थिक बदलाव का माध्यम बन रहे हैं। उन्होंने विश्वास जताया कि इस निधि से जुड़कर महिलाएं न केवल अपने परिवार, बल्कि समाज और राष्ट्र के विकास में भी महत्वपूर्ण योगदान देंगी। इस अवसर पर बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार का संदेश भी प्रसारित हुआ। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार महिला सशक्तिकरण के लिए लगातार ठोस पहल कर रही है। जीविका समूहों के जरिए महिलाओं को संगठित कर वित्तीय सहयोग दिया जा रहा है, जिससे ग्रामीण अर्थव्यवस्था को नई ऊर्जा मिलेगी। जिलाधिकारी श्रीकांत शास्त्री ने अपने संबोधन में कहा कि जीविका समूह की महिलाएं आत्मविश्वास और परिश्रम के दम पर आज नए आयाम गढ़ रही हैं। केंद्र और राज्य सरकार की संयुक्त पहल से उन्हें और अधिक अवसर प्राप्त होंगे। कार्यक्रम में उप विकास आयुक्त अनन्या सिंह, अपर समाहर्ता (आपदा) उपेंद्र पंडित, जिला पंचायती राज पदाधिकारी इत्तेखार अहमद, एसडीपीजीआरओ धर्मेंद्र कुमार, जिला योजना पदाधिकारी अविनाश प्रकाश, वरीय उप समाहर्ता रितेश कुमार यादव, डीपीएम जीविका बेबी प्रिया सहित अन्य वरीय पदाधिकारी एवं जीविका परियोजना से जुड़े कर्मी मौजूद थे। बड़ी संख्या में शामिल हुईं महिलाओं ने इस ऐतिहासिक पहल पर खुशी जताई।



# सरकारी होर्डिंग्स को नुकसान पहुंचाने पर होगी सख्त कार्रवाई : डीपीआरओ

## बिना अनुमति फ्लेक्स लगाना पूरी तरह अवैध

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद**। सरकारी होर्डिंग्स व प्रचार सामग्री को नुकसान पहुंचाना, चोरी करना अथवा बिना अनुमति फ्लेक्स चस्पा करना पूरी तरह अवैध है। इस संबंध में जिला जनसंपर्क पदाधिकारी (डीपीआरओ) रत्ना प्रियदर्शिनी ने सख्त चेतावनी दी है। उन्होंने कहा कि यह न केवल सरकारी कार्य में बाधा डालता है, बल्कि जनहित से जुड़े अभियानों को भी प्रभावित करता है। डीपीआरओ ने बताया कि जिले के प्रमुख स्थलों पर सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं के व्यापक प्रचार-प्रसार के लिए होर्डिंग्स लगाए गए हैं। इन पर राज्य सरकार की योजनाओं, कार्यक्रमों और नीतियों से संबंधित जानकारी प्रदर्शित की गई है, ताकि आमजन आसानी से लाभांवित हो सकें। मगर हाल के दिनों में असामाजिक तत्वों द्वारा होर्डिंग्स को क्षतिग्रस्त करने, फ्लेक्स फाड़ने और चोरी करने की घटनाएं सामने आई हैं। इतना ही नहीं, कुछ विभागों व राजनीतिक दलों द्वारा बिना अनुमति अपने फ्लेक्स भी चस्पा किए जा रहे हैं, जो पूर्णतः प्रतिबंधित है। डीपीआरओ ने स्पष्ट किया कि इन गतिविधियों को गंभीरता से लेते हुए मामला जिलाधिकारी के संज्ञान में लाया गया है। दोषियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी और किसी को बख्शा नहीं जाएगा। उन्होंने आम जनता से अपील की कि सरकारी प्रचार सामग्री की सुरक्षा में सहयोग करें और किसी भी अवैध गतिविधि की सूचना तुरंत जिला प्रशासन या जनसंपर्क कार्यालय को दें।




# भूमि से जुड़ी समस्याओं का समाधान कराने को डीएम ने किया प्रेरित

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद**। ओबरा प्रखंड के विभिन्न गांव में राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, बिहार सरकार द्वारा संचालित "राजस्व विभाग आपके द्वार" अभियान अंतर्गत आयोजित विशेष शिविर का जिलाधिकारी श्रीकांत शास्त्री द्वारा औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के क्रम में जिलाधिकारी ने शिविर स्थल पर स्थापित विभिन्न काउंटरों का अवलोकन किया तथा प्राप्त आवेदनों का परीक्षण किया। उन्होंने उपस्थित पदाधिकारियों एवं कर्मियों को निदेशित किया कि सभी आवेदनों का निष्पादन त्वरित, निष्पक्ष एवं गुणवत्तापूर्ण ढंग से किया जाए, जिससे आमजन को अंचल कार्यालय अथवा जिला मुख्यालय का अनावश्यक परिभ्रमण न करना पड़े। जिलाधिकारी ने शिविर में उपस्थित ग्रामीणों से संवाद स्थापित करते हुए उन्हें प्रोत्साहित किया कि वे अपनी भूमि संबंधी समस्याओं, जैसे – ऑनलाइन जमाबंदी में सुधार, छूटी हुई जमाबंदी का नामांतरण, बंटवारा नामांतरण इत्यादि के आवेदन शिविर स्थल पर ही प्रस्तुत करें, ताकि उनके प्रकरणों का शीघ्र एवं संतोषजनक निस्तारण सुनिश्चित किया जा सके। यह उल्लेखनीय है कि "राजस्व विभाग आपके द्वार" अभियान का शुभारंभ दिनांक 16 अगस्त, 2025 से किया गया है, जो आगामी 20 सितम्बर, 2025 तक जिले के सभी अंचलों के ग्राम स्तर पर संचालित होगा। इस अभियान के अंतर्गत नामित राजस्व दल घर-घर जाकर भूमि संबंधी समस्याओं से संबंधित आवेदन प्राप्त कर रहे हैं। साथ ही, प्रत्येक ग्राम में निर्धारित तिथियों को विशेष शिविर आयोजित किए जा रहे हैं, जहां विभागीय पदाधिकारी एवं कर्मी उपस्थित रहकर आवेदनों का प्राथमिक स्तर पर त्वरित एवं प्रभावी निस्तारण सुनिश्चित कर रहे है।

# सड़क दुर्घटना में घायल युवक की मौत

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद**। सड़क हादसे में गंभीर रूप से घायल युवक की इलाज के दौरान वाराणसी में मौत हो गई। मृतक की पहचान कुटुंबा थाना क्षेत्र के हनैया गांव निवासी धर्मदेव साव के 25 वर्षीय पुत्र रवि कुमार के रूप में की गई है। जानकारी के मुताबिक मृतक पांच दिन पहले अपने चचेरे भाई अरविंद कुमार के साथ बाइक से औरंगाबाद शहर जा रहा था। इसी क्रम में विराज बिगहा के पास दूसरे वाहन से चकमा खाकर बाइक पलट गई। दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। इस दौरान अरविंद ने हेलमेट पहन रखा था, इसलिए उसकी जान बच गई। वहीं रवि को गंभीर हालत में चिकित्सकों ने हायर सेंटर रेफर किया था। जहां इलाज़ के दौराम उसने आज दम तोड़ दिया। परिजनों ने बताया कि रवि की तबीयत पिछले कुछ दिनों से खराब चल रही थी। चचेरे भाई के साथ इलाज करवाने सदर अस्पताल जा रहा था। इस दौरान हादसे का शिकार हो गया था। रवि दो भाइयों में सबसे बड़ा था। घर वालों को उससे काफी उम्मीदें थी। घटना के बाद परिजनों पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। सभी का रो-रोकर बुरा हाल है। परिजनों ने जिला प्रशासन से मुआवजे की मांग की है।



# ऐतिहासिक होगा एनडीए का कार्यकर्ता सम्मेलन

**प्रमुख अतिथि**

**कुटुंबा सम्मेलन : उपमुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा**

**नवीनगर सम्मेलन : ग्रामीण विकास मंत्री श्रवण कुमार**

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद**। 7 सितंबर को नबीनगर एवं कुटुंबा में होने वाले कार्यकर्ता सम्मेलन को लेकर एनडीए के नेताओं ने सर्किट हाउस में संयुक्त प्रेसवार्ता की। प्रेसवार्ता में नेताओं ने कहा कि यह कार्यकर्ता सम्मेलन आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर है। यह सम्मेलन ऐतिहासिक होगा। इसकी तैयारी को लेकर कार्यकर्ता सम्मेलन की विधि-व्यवस्था और संगठनात्मक रणनीति पर विचार-विमर्श किया गया है।उन्होंने कहा कि सात सितंबर को नवीनगर के अनुग्रह नारायण स्टेडियम और अंबा के चिल्की हाई स्कूल मैदान में आयोजित होगा। कुटुंबा के सम्मेलन में उपमुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा एवं नबीनगर के सम्मेलन में बिहार सरकार के ग्रामीण विकास कार्य मंत्री श्रवण कुमार सहित अन्य एनडीए के प्रमुख नेताओं की उपस्थिति होगी जो विधानसभा कार्यकर्ता सम्मेलन को संबोधित करेंगे और आगामी विधानसभा चुनाव की तैयारी को लेकर अपने कार्यकर्ताओं को चुनावी मैदान में मतदाताओं के बीच जाकर सरकार द्वारा चलाई जा रही कल्याणकारी योजनाओं के बारे में बताएंगे। उन्होंने कहा कि एनडीए के सभी जिलाध्यक्षों ने औरंगाबाद के तमाम कार्यकर्ताओं को इस सम्मेलन में भाग लेने के लिए आमंत्रित किया है। इस प्रेस वार्ता में पूर्व विधायक व जदयू के जिलाध्यक्ष, भाजपा जिलाध्यक्ष बिजेंद्र सिंह चंद्रवंशी, हम पार्टी के जिलाध्यक्ष रणधीर कुमार सिंह, राष्ट्रीय लोक मोर्चा के युवा जिलाध्यक्ष निर्भय पासवान, लोक जनशक्ति पार्टी (आर) के प्रखंड के अध्यक्ष रॉकी राज भाजपा जिला मीडिया प्रभारी दीपक कुमार सिंह, जदयू जिला प्रवक्ता रिंकू सिंह, हम पार्टी के छात्र जिलाध्यक्ष राहुल सिंह, भाजपा सहकारिता प्रकोष्ठ के जिला संयोजक सौरभ कुमार सिंह, विकाश सिंह, अंकित सिंह उपस्थित रहे।

# औरंगाबाद में पहुंची विहंगम योग की राष्ट्रव्यापी स्वर्वेद संदेश यात्रा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**औरंगाबाद**। "कर्म से बंधन और सेवा से मुक्ति मिलती है। अध्यात्म ही जीवन का वास्तविक समाधान है और इसके बिना मानव का संपूर्ण विकास संभव नहीं।" यह उद्गार स्वर्वेद कथामृत के प्रवर्तक सुपूज्य संत प्रवर श्री विज्ञान देव जी महाराज ने मंगलवार को औरंगाबाद जिले के सड़सा स्थित श्री भास्कर नगर में आयोजित जय स्वर्वेद कथा एवं ध्यान साधना सत्र में व्यक्त किए। संत प्रवर जी ने कहा कि मन को साध लेने से जीवन स्वतः सरल हो जाता है। बाहरी संघर्षों की जड़, भीतर की पराजय होती है। उन्होंने स्पष्ट किया कि स्वर्वेद संदेश यात्रा केवल स्थान से स्थान तक की यात्रा नहीं है, बल्कि यह आत्मा से आत्मा तक की यात्रा है। जो साधक अपने भीतर उतरता है, वही सत्य और शांति का साक्षात्कार कर पाता है। उन्होंने श्रद्धालुओं को विहंगम योग की क्रियात्मक साधना सिखाते हुए कहा कि यह साधना मनुष्य को खुद से खुद की दूरी मिटाने का मार्ग दिखाती है। उन्होंने बताया कि विहंगम योग के प्रणेता अमर हिमालय योगी अनन्त श्री सद्गुरु सदाफलदेव जी महाराज ने गहन साधना से ईश्वर की प्राप्ति कर 'स्वर्वेद' नामक अद्वितीय आध्यात्मिक ग्रंथ मानवता को प्रदान किया। आयोजकों ने बताया कि समर्पण दीप अध्यात्म महोत्सव के अंतर्गत विहंगम योग संत समाज के 102वें वार्षिकोत्सव और 25 हजार कुण्डीय स्वर्वेद ज्ञान महायज्ञ के अवसर पर 29 जून को कश्मीर से संकल्प यात्रा की शुरुआत की गई थी। यह यात्रा जम्मू-कश्मीर, हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड, गुजरात, राजस्थान, हरियाणा, चंडीगढ़ और उत्तर प्रदेश होते हुए पिछले 19 दिनों से बिहार में गतिमान है और अब औरंगाबाद पहुंची है। इस महायज्ञ का भव्य आयोजन 25 एवं 26 नवम्बर 2025 को वाराणसी स्थित विशाल ध्यान-साधना केंद्र स्वर्वेद महामंदिर के पावन परिसर में किया जाएगा। कार्यक्रम में जिला सचिव उमेश सिंह, संजय सिंह, रामचंद्र तिवारी, विनोद वर्मा, सुनील संगम, प्रकाश कुमार, सीताराम वर्मा, विनोद सिंह समेत हजारों श्रद्धालु उपस्थित रहे।



# वित्त रहित शिक्षकों ने काला बिल्ला लगाकर किया प्रदर्शन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**औरंगाबाद**। भगवान श्री सूर्य नारायण इंटर महाविद्यालय देव में वित्त रहित शिक्षक-शिक्षकेतर कर्मचारी संयुक्त संघर्ष मोर्चा के आह्वान पर उपस्थित कर्मचारियों ने मंगलवार को राज्य सरकार से अनुदान के बदले सम्मानजनक वेतन उम्र सीमा में बढ़ोत्तरी, जांच के नाम पर प्रस्वीकृति निलंबन सहित कार्यवाही को वापस लेते हुए सभी शिक्षण संस्थानों को पूर्व की भांति प्रस्वीकृति बहाल करने, कार्यरत कर्मचारियों की सेवा स्थायीकरण सहित मांगो को लेकर काला पट्टी बांध कर प्रदर्शन करते हुए मांग की। बताया कि राज्य सरकार आज अपने अधीनस्थ सभी कर्मचारियों एवं अनुबंध पर कार्य करने वाले कर्मियों को अनेकों सुविधा में बढ़ोतरी की है। सरकार के दृष्टि से आज भी सिर्फ वित्त रहित शिक्षा नीति के तहत संचालित संस्थानों के शिक्षक-शिक्षकेत्तर कर्मचारी अछूता रह गए है। पिछले 40 वर्षों से ऐसे संस्थानों में कार्यरत कर्मी बिना मानदेय के शिक्षा के क्षेत्र में कार्य कर राज्य की शिक्षा नीति को बेहतर बनाने और बिहार के युवाओं को शिक्षित करने में अपनी भूमिका का निर्वहण कर रहे थे। 2008 में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने राज्य से वित्त रहित शिक्षा नीति को समाप्त करते हुए सभी शिक्षण संस्थानों को वित्त अनुदानित करने की घोषणा किया और छात्र उतीर्णता के आधार पर अनुदान की व्यवस्था करते हुए अनुदान की राशि से कार्यरत कर्मियों को वेतन भुगतान की नियम बनाया। इस प्रक्रिया के तहत संस्थानों को 2008 से 2018 तक का अनुदान निर्गत किया गया लेकिन प्रक्रिया में कुछ त्रुटि के कारण अनुदान की राशि का शत प्रतिशत लाभ कार्यरत कर्मियों को नहीं मिल पा रहा है। अभी भी लगभग आठ वर्षों का अनुदान लंबित है, 2008 से आज 2025 के बीच राज्य कर्मचारियों को वेतन भुगतान में अप्रत्याशित वृद्धि किया गया। आज महंगाई भी उसी अनुरूप बढ़ा है फिर भी अनुदान की राशि आज 2008 की आकलन के अनुरूप निर्धारित है। उदाहरण स्वरूप रसोइया का मानदेय दोगुना, शारीरिक शिक्षा अनुदेशकों का मानदेय 400 रुपये वार्षिक वृद्धि के समतुल्य दोगुना किया गया है। आज वित्त रहित शिक्षको /शिक्षकेतर कर्मियों की स्थिति बद से बदतर है।

# एनडीपीएस मामले में दोषी को सज़ा और जुर्माना

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**औरंगाबाद**। व्यवहार न्यायालय औरंगाबाद के प्रथम जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह विशेष एनडीपीएस न्यायाधीश विश्व विभूति गुप्ता ने एनडीपीएस अधिनियम के एक मामले में फैसला सुनाया। रफीगंज थाना क्षेत्र के कांड संख्या 08/24, एनडीपीएस केस संख्या 01/24, ट्रायल संख्या 67/25 में अभियुक्त अजय कुमार, ग्राम चित्रसारी, थाना कासमा को दोषी करार दिया गया। विशेष लोक अभियोजक परवेज अख्तर ने बताया कि न्यायालय ने अभियुक्त को ट्रायल के दौरान बिताए 70 दिन की जेल अवधि को सज़ा माना और पाँच हजार रुपए अर्थदंड की सज़ा सुनाई। अर्थदंड की राशि अदा नहीं करने पर अतिरिक्त कारावास भुगतना होगा। मामला 10 जनवरी 2024 को प्रकाश में आया था, जब प्र.पु.अ.नि. कुशों कुमार ने प्राथमिकी दर्ज कराई थी। गुप्त सूचना के आधार पर महादेव घाट, रफीगंज में छापेमारी की गई। छापेमारी के दौरान गुमटी से शराब तो नहीं मिला, लेकिन 75 पैकेट छोटे-छोटे पुड़िया में गांजा बरामद हुआ, जिसका कुल वज़न 1.25 ग्राम था। विधिवत जप्तिसूची तैयार कर अभियुक्त को मौके पर ही गिरफ्तार कर लिया गया था।

# एमएलएस कॉलेज ऑफ फार्मेसी ने लगाया चिकित्सा शिविर

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद**। एमएलएस कॉलेज ऑफ फार्मेसी द्वारा "उन्नत भारत अभियान" के अंतर्गत आज पड़रावां गांव में स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम एवं निःशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में ग्रामीणों को विभिन्न प्रकार की स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराई गईं। कार्यक्रम में विशेषज्ञों द्वारा संक्रामक रोगों से बचाव, स्वच्छता, खानपान तथा नियमित स्वास्थ्य जांच के महत्व पर विस्तार से जानकारी दी गई। आगामी समय में डॉक्टरों की एक विशेषज्ञ टीम के साथ सभी पांच गोद लिए गए गांवों में विशेष निःशुल्क चिकित्सा शिविर आयोजित किए जाएंगे, जिससे ग्रामीण जनमानस को सुलभ और गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सुविधाएं प्राप्त हो सकें। गौरतलब हो कि एमएलएस कॉलेज ऑफ फार्मेसी द्वारा "उन्नत भारत अभियान" के अंतर्गत पांच गांव – परसा, जनकोप सहित अन्य को गोद लिया गया है। इस पहल की सूचना डीएम कार्यालय को भी दी गई है। इस अभियान के तहत ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाओं को बढ़ावा देने एवं संक्रामक रोगों के प्रति लोगों को जागरूक करने के उद्देश्य से हेल्थ अवेयरनेस प्रोग्राम, हेल्थ कैम्प तथा स्वच्छता सामग्री (जैसे सैनिटाइजर, मास्क) का वितरण किया गया है। साथ ही, निःशुल्क ब्लड प्रेशर एवं शुगर की जांच की सुविधाएं भी प्रदान की जा रही हैं।




# महिलाओं की सुरक्षा एवं सशक्तिकरण योजनाओं पर विस्तृत चर्चा

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद**। सदर प्रखंड सभागार में आंगनवाड़ी सेविकाओं एवं महिला जनप्रतिनिधियों के साथ विशेष जागरूकता अभियान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन जिला प्रोग्राम पदाधिकारी विनीता कुमारी एवं सीडीपीओ आशा कुमारी ने संयुक्त रूप से किया। अभियान के दौरान महिलाओं की सुरक्षा और सशक्तिकरण से संबंधित विभिन्न योजनाओं पर विस्तृत जानकारी दी गई। साथ ही समाज में प्रचलित कुरीतियों—बाल विवाह, दहेज प्रथा, घरेलू हिंसा और बाल हिंसा—के खिलाफ जागरूकता फैलाने पर जोर दिया गया। बैठक में मिथलेश कुमार ने महिलाओं पर केंद्रित योजनाओं एवं उनके कानूनी अधिकारों की विस्तार से जानकारी साझा की। वहीं जिला समन्वयक जय प्रकाश ने स्वास्थ्य और पोषण से जुड़ी योजनाओं—जैसे अनीमिया मुक्त भारत अभियान, जननी सुरक्षा योजना, प्रधानमंत्री मातृत्व वंदन योजना, मुख्यमंत्री कन्या उत्थान योजना और राष्ट्रीय किशोर स्वास्थ्य कार्यक्रम—के लाभों के बारे में बताया। उन्होंने अपील की कि इन योजनाओं का लाभ लेने के लिए महिलाएं अपने गांव की आशा कार्यकर्ता, सेविका या जीविका दीदी से संपर्क करें। सीडीपीओ आशा कुमारी ने घरेलू एवं लैंगिक हिंसा पर चर्चा करते हुए कहा कि किसी भी प्रकार की हिंसा की स्थिति में तुरंत 181 नंबर पर संपर्क किया जा सकता है। इस अवसर पर जेंडर स्पेशलिस्ट चंदन कुमार, फाइनेंस लिटरेसी स्पेशलिस्ट कंचन कुमारी, अकाउंट असिस्टेंट मुकेश कुमार, एक्जीक्यूटिव असिस्टेंट हर्ष कुमार एवं महिला प्रवेक्षिका भी मौजूद रहीं।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक कमल किशोर द्वारा भास्कर प्रिंटिंग प्रेस (डी.बी.कॉर्प.लि.), उड़ान टोला, दानापुर कैंट, शिवाला रोड, खगौल, शाहपुर, पटना (बिहार) से मुद्रित एवं सत्येन्द्र नगर, औरंगाबाद (बिहार) से प्रकाशित।

**संपादक - कमल किशोर**

नवबिहार टाइम्स (दैनिक)
सत्येन्द्र नगर औरंगाबाद(बिहार)
पिन - 824101
मो.9431223574,9572550076
व्हाटसप नं.-7295863300
ई-मेलः nbtimesbihar@gmail.com
Web: www.navbihartime.com

**झारखंड कार्यालय**
31, कॉपरेटिव कॉलोनी.
बोकारो स्टील सिटी, बोकारो
मो.- 9431145865

**दिल्ली प्रतिनिधि**
मो.- 09818366269

# शहर को बदसूरत बना रहा कचरे का ढेर

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**औरंगाबाद**। औरंगाबाद शहर में कचरा समस्या लाइलाज बन गई है। जहां देखिए वहां कचरे का अंबार दिख जाएगा। शहर के मुख्य बाजार महाराजगंज रोड, शाहपुर रोड, सिन्हा कॉलेज मोड़ समेत कई जगहों पर कचरा का अंबार दिख जाएगा। कचरा उठाव को लेकर नगर परिषद के अधिकारी उदासीन हैं। स्थिति यह है कि जानवर कचरा को तितर-बितर कर दे रहे हैं। कचरा से दुर्गंध निकल रहा है। दुर्गंध के कारण लोगों को सड़क पर चलना मुश्किल हो गया है। बता दें कि हर गली-मोहल्लों में कचरे का डिब्बा रखा हुआ है परंतु इसमें से कचरा उठाने के प्रति नगर परिषद के कर्मी लापरवाह हैं। मुख्य बाजार व सब्जी बाजार में कचरा का अंबार लगा रहता है। सब्जी बाजार में दुर्गंध के कारण रुकना मुश्किल हो जाता है। जब मामला संज्ञान में आता है तो नगर परिषद के अधिकारी एवं प्रतिनिधि जगते हैं। बाजार में सब्जी खरीद रहे शाहपुर के विवेक कुमार, प्रदीप सिह, नावाडीह के अंकित कुमार ने बताया कि गंदगी के कारण सड़क पर चलना मुश्किल हो गया है। सब्जी बाजार में कचरा से दुर्गंध निकल रहा है। इसे नियमित तौर पर सफाई कराए जाने की आवश्यकता है परंतु यह नहीं हो पा रहा है। कहा कि नियमित तौर पर सफाई नहीं होने के कारण कचरा फैला हुआ है। बता दें कि सफाई के प्रति नगर परिषद के द्वारा लाखों रुपये खर्च हो रहे हैं परंतु इसका लाभ नागरिकों को नहीं मिल पा रहा है। नगर परिषद के अध्यक्ष उदय गुप्ता बताते हैं कि शहर में प्रतिदिन सफाई कराई जाती है। जहां भी कचरे का ढ़ेर लगा है वहां कर्मियों को भेजकर सफाई कराई जाएगी। शहर को स्वच्छ रखना ही मेरा प्रथम उद्देश्य है।



BAYC Institute स्थापित 1972
बिहार एक्युप्रेशर योग कॉलेज
गांधी सेतु लिंक पथ, बिस्कोमान कॉलोनी गोलम्बर के पूरब, पटना-7
नामांकन प्रारंभ | नियमित / पत्राचार कोर्स
भारत का पहला कॉलेज
डॉक्टर बनें — एक्युप्रेशर, योग, नेचुरोपैथी, इलेक्ट्रोपैथी, ट्रेडिशनल मेडिसिन
Proposed Green Campus in 60,000 Sq.Ft.

DIPLOMA COURSE: DAT (Acupressure Therapy), DY (Yoga), DAYS (Acupressure Yoga), DHMS (Herbal Medicine) — अवधि: 1 वर्ष | योग्यता : 10th; DEMS (Electrohomeopathy Medicine), DNYS (Naturopathy Yoga) — अवधि: 2 वर्ष | योग्यता : 10th

BACHELOR DEGREE COURSE: MBBA (Acupressure & Magnet), BTMS (Traditional Medicine), BAYS (Acupressure Yoga), BAcu. (Acupuncture) — अवधि: 3 वर्ष | योग्यता : 10+2; BEMS (Electrohomeopathy Medicine), MBAS (Medicine in ALT Science) — अवधि: 4½ वर्ष | योग्यता : 10+2

MASTER DEGREE COURSE: MD (Acu Yoga), MD (TM) — अवधि: 1 वर्ष | योग्यता : मेडिकल ग्रेजएट; MD (EH) — अवधि: 2 वर्ष | योग्यता : BEMS

PROFESSIONAL COURSE: BLIS | MLIS | BBA | MBA

TRADITIONAL COURSE: MA (Yoga) | Yoga Teacher Course | BA | MA

100% रिजल्ट एवं रोजगार
Bihar State Govt. University & Central University UGC DEB MHRD Govt. of India Recognised
DIRECT ADMISSION | REGULAR CLASSES | ONLINE CLASSES | EXPERIENCED FACULTIES
एक्युप्रेशर चिकित्सा की उत्तम व्यवस्था यथा गर्दन, कंधा, कमर, घुटना दर्द, गठिया, डायबिटिज आदि।
कॉलेज से उत्तीर्ण हजारों विद्यार्थी सरकारी संस्थानों, गैर सरकारी संस्थानों एवं निजी संस्थान खोलकर सेवा दे रहे हैं।
डा. सर्वदेव प्रसाद गुप्त, अध्यक्ष
डा. अजय प्रकाश, सचिव
9572607696, 9304942855, 9334278279 Apply Online: www.bayc.in
Email: baycpatna@gmail.com | Website: www.indianacupressure.com